✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 233 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 19 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के बख्तियारपुर में कराये गये विकास कार्यों का जायजा लेते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार




## संक्षिप्त समाचार

### इनामी कुख्यात अपराधी धराया

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** राजेपुर थाना पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर 35 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी राजेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। राजेश कुमार यादव उत्पाद कांड संख्या 172/22 में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर राजेपुर थाना पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के राजेपुर थाना अंतर्गत फाजिलपुर निवासी राजेश कुमार यादव के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पटना सहित 23 शहरों की हवा प्रदूषित

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना सहित 23 शहरों की हवा रविवार को प्रदूषित रही। वहीं चार शहरों बिहारशरीफ, हाजीपुर, सहरसा और राजगीर की हवा खराब श्रेणी में थी। हालांकि पटना के प्रदूषण के आंकड़ों में रविवार को आंशिक सुधार हुआ और वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी से निकलकर मध्यम श्रेणी में पहुंची। राज्य में सबसे प्रदूषित शहर हाजीपुर रहा जहां एक्यूआई 233 दर्ज किया गया। रविवार को सूबे का एक भी शहर स्वच्छ हवा के दायरे में नहीं रहा। पटना सहित 12 शहरों में मध्यम स्तर का तो तीन शहरों में संतोषजनक श्रेणी की हवा रही।

### दारोगा की परीक्षा में शामिल हुए 70 फीसदी अभ्यर्थी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस में दारोगा के 1799 पदों पर बहाली के लिए रविवार को हुई प्रारंभिक लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण रही। राज्य के सभी 38 जिलों के 498 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में करीब 70 फीसदी अभ्यर्थी शामिल हुए। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक परीक्षा दो पालियों में सुबह 10 बजे से शाम 4.30 बजे तक चली। आयोग ने बताया कि चूंकि अभ्यर्थियों की संख्या 10 लाख से अधिक है, इसलिए परीक्षा दो दिनों में आयोजित की जा रही है।

### ब्रिज कोर्स के लिए आये आठ हजार आवेदन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बीएड योग्यताधारी प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे शिक्षकों के लिए शुरू होनेवाले छह महीने के ब्रिज कोर्स के लिए बिहार से रविवार तक 8037 आवेदन हुए हैं लेकिन 7175 आवदेनों का सत्यापन लंबित है। प्राचार्य और राज्य नोडल अधिकारी के स्तर से आवेदनों का सत्यापन बाकी है। यह स्थिति इसलिए है क्योंकि 457 आवेदनों को प्राचार्य ने सत्यापन के लिए लटकाए रखा है। शेष आवेदन राज्य नोडल अधिकारी के पास पहुंचने के बाद भी सत्यापित नहीं किया जा सका है।

### बेसा की दो दिवसीय वार्षिक आमसभा 24 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार अभियंत्रण सेवा संघ (बेसा) की राज्य कार्यकारिणी ने आगामी 24-25 जनवरी को अभियंता भवन में वार्षिक आमसभा के आयोजन का निर्णय लिया है। इसमें राज्य के सभी अभियंता (सहायक अभियंता से लेकर अभियंता प्रमुख तक) शामिल होंगे। आमसभा में संघ की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। संघ के महासचिव राकेश कुमार ने कहा कि इसी सभा में संघ के विगत राज्य कार्यकारिणी के लेखा जोखा के साथ अगले सत्र के लिए राज्य कार्यकारिणी समिति गठित की जाएगी।

# बिहार के 52 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगी यूनिफॉर्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के 52 लाख बच्चों को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने और इसी योजना के माध्यम से नए रोजगार सृजित करने की तैयारी की है। इस योजना की घोषणा ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने की। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मार्च 2026 तक पोशाक उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि जीविका के माध्यम से सरकारी स्कूलों के कक्षा 5 तक के बच्चों के लिए भी पोशाक तैयार कराने हेतु शिक्षा विभाग से अनुरोध किया गया है। यह पहल राज्य सरकार के एक करोड़



रोजगार सृजन के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। श्रवण कुमार ने यह बात दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन संस्थान के सभागार में आयोजित पोशाक वितरण कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने बताया कि राज्य के 1.15 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को साल में दो पोशाक उपलब्ध कराने की सहमति दी गई है। आगामी जून-जुलाई वित्तीय वर्ष 2026-27 के शैक्षणिक सत्र के बच्चों के लिए भी पोशाक उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग और समाज कल्याण विभाग के सचिव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। योजना की शुरुआत के तहत 15 बच्चों को पोशाक वितरण कर इसका शुभारंभ किया गया। इस पहल से न केवल बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अनुभव मिलेगा बल्कि रोजगार सृजन के माध्यम से स्थानीय कारीगर और जीविका से जुड़े लोगों को भी लाभ मिलेगा।

## सीएम नीतीश ने श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की ली जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बख्तियारपुर में गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का भ्रमण कर कराये गये विकास कार्यों का जायजा लिया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के तहत कराये गये विकास कार्यों के साथ ही श्रद्धालुओं की सुनिश्चित करायी गयी सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन में अक्सर हम यहां सीढ़ी घाट पर स्नान करने आते थे। प्रतिदिन बड़ी संख्या में आसपास के श्रद्धालु भी यहां पहुंचते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुये इस घाट को काफी अच्छे ढंग से विकसित कराया गया है। अब श्रद्धालु सुगमतापूर्वक यहां आकर स्नान एवं पूजा-अर्चना करते हैं। मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना



की। मुख्यमंत्री ने प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व सांसद पंडित शीलभद्र याजी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. बालकेश्वरी याजी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी। इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## अपराधी कोई भी हो, किसी भी हाल में नहीं बचेगा : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना के शंभू गर्ल्स



हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत और दुष्कर्म के आरोपों ने पूरे बिहार को झकझोर कर रख दिया है। इस गंभीर मामले में अब पहली बार बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी मीडिया के सामने आए और उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अपराधी कोई भी हो, किसी भी हाल में बचेगा नहीं। गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह मामला बेहद संवेदनशील है और सरकार इसे पूरी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही मामला सामने आया, उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन कर दिया गया। पूरे मामले की लगातार समीक्षा की जा रही है और पुलिस महानिदेशक स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सम्राट चौधरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि डीजीपी साहब खुद इस केस पर नजर रखे हुए हैं। सरकार की मंशा बिल्कुल साफ है। अपराधी चाहे कोई भी हो, कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच में यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था या हॉस्टल प्रबंधन की लापरवाही या संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। कानून से ऊपर कोई नहीं है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

## नीतीश सरकार ने मंत्रियों को सौंपे जिलों के प्रभार

### सम्राट चौधरी पटना, विजय सिन्हा मुजफ्फरपुर तो संतोष सुमन फिर से संभालेंगे औरंगाबाद की जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी को लेकर मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंप दिया है। 2025 विधानसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार का गठन हुआ। मंत्रियों को विभागों का जिम्मा दिया गया। इसी कड़ी में अब मंत्रियों को जिलों का प्रभार भी दिया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सह प्रभारी मंत्री के मनोनयन से संबंधित पूर्व की सभी अधिसूचनाओं को विलोपित कर नए सिरे से यह व्यवस्था लागू की गई है। अगले आदेश तक मंत्रियों को जिलों का प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष नामित किया गया है। सरकार के अनुसार, इस व्यवस्था से जिलों में योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा, प्रशासनिक समन्वय और जनहितकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में



तेजी आएगी। मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार गृह मंत्री सम्राट चौधरी को पटना, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर और भोजपुर, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्वी चंपारण एवं नालंदा, वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को वैशाली एवं सारण, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को समस्तीपुर एवं पूर्णिया तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को दरभंगा एवं पश्चिमी चंपारण जिला का प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष नामित किया गया है। इसी प्रकार पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल को भागलपुर एवं गया, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी को सीतामढ़ी, शिवहर एवं जहानाबाद, मंत्री लेशी सिंह को मधुबनी एवं मधेपुरा, मंत्री मदन सहनी को सुपौल एवं खगड़िया, कृषि मंत्री राम कृपाल यादव को कैमूर, शिक्षा मंत्री संतोष कुमार सुमन को औरंगाबाद, मंत्री सुनील कुमार को रोहतास एवं लखीसराय, मंत्री मो. जमा खान को किशनगंज को शेखपुरा, मंत्री संजय सिंह 'टाइगर' को बांका, मंत्री अरुण शंकर प्रसाद को बेगूसराय तथा मंत्री सुरेंद्र मेहता को कटिहार का प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष नामित किया गया है। वहीं मंत्री नारायण प्रसाद को गोपालगंज, मंत्री रमा निषाद को बक्सर, मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन को अररिया, मंत्री श्रेयसी सिंह को नवादा, मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार को सहरसा एवं सिवान, मंत्री संजय कुमार को मुंगेर, मंत्री संजय कुमार सिंह को जमुई तथा मंत्री दीपक प्रकाश को अरवल प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष नामित किया गया है।

## जिलों के लिए प्रभारी सचिवों की सूची जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलों के लिए प्रभारी सचिवों की सूची जारी कर दी है। इस सूची के तहत वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि विकास योजनाओं की निगरानी, कानून-व्यवस्था और जनहित से जुड़े कार्यों में बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। जारी सूची के अनुसार सीनियर आईएएस अधिकारी सीके अनिल को गया जिले का प्रभारी सचिव जबकि अरविन्द कुमार चौधरी को भोजपुर की जिम्मेदारी दी गई है। समस्तीपुर की जिम्मेदारी डॉ. एन विजयलक्ष्मी को सौंपी गई है और राजधानी पटना का दायित्व बी. राजेंदर को मिला है। इसी तरह नवादा के लिए के. सेंथिल कुमार, पश्चिमी चंपारण के लिए एचआर श्रीनिवास, पूर्णियां के लिए संतोष कुमार मल्ल और रोहतास के लिए पंकज कुमार को प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। सहरसा की जिम्मेदारी नर्मदेश्वर लाल को दी गई है जबकि मुजफ्फरपुर के प्रभारी सचिव विनय कुमार होंगे। अन्य जिलों में बक्सर के लिए मयंक वरवड़े, सारण में प्रतिमा सतीश कुमार वर्मा, बेगूसराय के लिए पंकज पाल, वैशाली में वंदना प्रेयषी और मधुबनी की जिम्मेदारी लोकेश कुमार सिंह को दी गई है। पूर्वी चंपारण में अभय कुमार सिंह, कटिहार में अजय यादव, किशनगंज में दिवेश सेहरा और बांका में संदीप आर. पुडकलकट्टी प्रभारी सचिव होंगे। मधेपुरा की जिम्मेदारी धर्मेन्द्र सिंह को मिली है। गोपालगंज के लिए गोपाल मीणा, औरंगाबाद के लिए मनोज कुमार, भागलपुर के लिए दीपक आनन्द, दरभंगा के लिए संजय कुमार सिंह, जमुई के लिए दिनेश कुमार, शिवहर के लिए मो. सोहैल और सुपौल के लिए डॉ. आशिमा जैन को नामित किया गया है। इसके अलावा कैमूर में बी. कार्तिकेय धनजी, खगड़िया में प्रणव कुमार, सिवान में मनोज कुमार सिंह, सीतामढ़ी में सीमा त्रिपाठी, शेखपुरा में राजीव रौशन, अरवल में डॉ. कौशल किशोर को दायित्व दिया गया है। लखीसराय में कंवल तनुज, जहानाबाद में रचना पाटिल तथा मुंगेर जिले के लिए भी प्रभारी सचिव की तैनाती की गई है प्रभारी सचिवों की जिम्मेदारी तय होने से जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और प्रशासनिक जवाबदेही भी मजबूत होगी।

## बिल्डिंग बायलाज उल्लंघन पर जेल की सजा समाप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में भवन निर्माण से जुड़े नियमों को आम लोगों के लिए आसान और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सरकार बिल्डिंग बायलाज में संशोधन कर रही है, जिसके तहत अब बायलाज उल्लंघन पर जेल की सजा के प्रावधान को हटाकर आर्थिक दंड का प्रावधान किया जाएगा। इससे आम नागरिकों, छोटे भवन मालिकों और बिल्डरों को राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य के सभी नगर निकायों में नक्शा पास कराने, भूमि उपयोग परिवर्तन (भू-परिवर्तन) और अन्य टाउन प्लानिंग से जुड़ी सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन की जाएंगी। सरकार ने एक जुलाई से नगर निकायों में आम जनता को फ़ेसलेस और डिजिटल सुविधाएं देने का लक्ष्य तय किया है। रविवार को नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से राजधानी के तारामंडल सभागार में टाउन प्लानिंग विषय पर स्टेकहोल्डरों के लिए आयोजित कार्यशाला में इन प्रस्तावित बदलावों की जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया।

## हैदराबाद की धरती पर गूंजा बिहार के विकास का संकल्प

### विकसित राज्यों के पीछे बिहारियों का उल्लेखनीय योगदान : सांसद इटेला राजेंद्र

**– उपेन्द्र मिश्र**

**हैदराबाद (तेलंगना)।** देश के हर विकसित राज्य के पीछे बिहारी श्रमिकों और पेशेवरों का योगदान रहा है। तेलंगाना के मलकाजगिरी के सांसद ईटेला राजेंद्र ने उक्त बातें रविवार को हैदराबाद के टी हैब में लेटस इंस्पायर द्वारा आयोजित बिहार विकास शिखर सम्मेलन 2026 का उदघाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि तेलंगना के विकास में बिहारियों की अहम भूमिका रही है। विकसित भारत के लिए विकसित बिहार बनना है। देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की ओर अग्रसर है। बिहार देश को आगे ले जा रहा है। आज बिहार को विकसित करने को आगे आना है। उन्होंने कोविड काल के दौरान प्रवासी श्रमिकों की भूमिका और बिहार के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो संदेश के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने लेटस इंस्पायर बिहार को नागरिक प्रेरित आंदोलन बताते हुए कहा कि यह पहला बिहार के दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को मजबूत नींव रख रही है। उन्होंने व्यस्तता के कारण सम्मेलन में भाग नहीं लेने की बातें कही। लेटस इंस्पायर के प्रणेता वरिष्ठ आइपीएस पदाधिकारी विकास वैभव ने कहा कि 22 मार्च 2021 को शुरू हुआ लेटस इंस्पायर बिहार अभियान 2047 तक विकसित बिहार के निर्माण का लक्ष्य रखता है। वर्तमान में इससे तीन



लाख से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। अभियान का यह फोकस यह सुनिश्चित करना है शिक्षा रोजगार और स्वास्थ्य के लिए किसी को बिहार छोड़ना ना पड़े। श्री वैभव ने बिहार की आर्थिक स्थिति, उद्यमिता की संभावनाओं और स्टार्टअप पर विस्तार से बात की। उन्होंने बताया कि बिहार को अगले दो दशक में तेज विकास दर की आवश्यकता है और इसके लिए नवाचार तथा जोखिम लेने की संस्कृति को अपनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में बिहार के प्रत्येक जिले में टी हब जैसे इनक्यूबेशन केंद्र विकसित करने की दिशा में काम करना जरूरी है। विधायक मिथिलेश तिवारी, राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह व रत्नेश कुशवाहा ने बिहार सरकार की औद्योगिक नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि उद्योग स्टार्टअप और कौशल आधारित रोजगार को पलायन रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने राज्य में शिक्षा, सुशासन और निवेश के क्षेत्र में हो रहे सुधारो पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को गार्गी उत्कृष्ट सामान और विशिष्ट प्रतिभा सम्मान प्रदान किए गए। महिलाओं के नेतृत्व और पेशेवर उत्कृष्ट को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मेलन का समापन स्टार्टअप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कौशल विकास और सरकारी अवसरों पर पैनल चर्चाओं के साथ हुआ। राष्ट्रगान के साथ विकसित बिहार के निर्माण का सामूहिक संकल्प दोहराया गया। सम्मेलन में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभागार में मौजूद ऊर्जा यह संकेत दे रही थी कि बिहार का विकास अब केवल राज्य तक सीमित विषय नहीं रहा बल्कि राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन चुका है।

C M Y K

# बिहार में सक्रिय भूमि माफिया का मार्च तक कर दिया जाएगा हिसाब : विजय कुमार सिन्हा

## जेल की सजा के बदले आर्थिक दंड देने का किया जा रहा प्रावधान




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार के शहरी विकास में भूमि माफिया एक नई चुनौती के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री के रूप में मुझे इस चुनौती को नजदीक से देखने का अवसर मिला है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सबसे अधिक विवाद जमीन से जुड़े झगड़ों का है। इंच-इंच जमीन के लिए लोग अपने ही भाई का लहू बहाने को तैयार हैं। हमने इसे रोकने के लिए सभी अंचलों में अंचल गार्ड की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में सक्रिय जमीन माफिया का अगले मार्च तक हिसाब कर दया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा रविवार को राजधानी के तारामंडल के सभागार में 'स्टैकहोल्डर कंसल्टेशन ऑन टाउन प्लानिंग स्कीम' विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पटना की मेयर सीता साहू, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, सचिव संदीप कुमार पुडकलकट्टी, पटना के प्रमंडलीय आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर समेत विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि हमने इनसे निपटने की शुरुआत भूमि सुधार एवं जन कल्याण संवाद के जरीय कमिश्नरी स्तर पर की है। अभी हमारा लक्ष्य जमीन की मापी कराकर उनके परिमार्जन को ठीक करना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान में जो भी अड़ंगा लगाएंगे, उन्हें ठीक कर दिया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में तीन प्रकार के माफिया सक्रिय हैं। पहला भूमि माफिया, दूसरा बालू माफिया और तीसरा शराब माफिया। बालू माफिया का तो इलाज कर दिया गया है और अब भूमि माफिया की बारी है। इनका भी मार्च तक इलाज कर दिया जाएगा। उधर, शराब माफिया का इलाज उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी कर रहे हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि लोग रोजगार और बेहतर जीवनशैली के लिए शहरों का रुख करते हैं। आज देश की 36 प्रतिशत आबादी शहरी हो चुकी है जबकि बिहार की करीब 16.6 फीसद आबादी ही शहरों में रहती है। यह चिंता का विषय है। हमारी नई सरकार ने अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही फैसला लिया है कि राज्य में 11 नए टाउनशिप विकसित किये जाएंगे। इनमें नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों के अलावा सोनपुर और सीतामढ़ी को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार को पूर्वी भारत का टेक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए डिफेन्स कोरिडोर के साथ सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य का शहर कैसा होगा, इस पर हमें विचार करना होगा।

# बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री को बर्खास्त करें नीतीश कुमार : सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश पासवान ने एक बयान जारी कर बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट तंत्र और मशीनी यंत्र से निर्मित डबल इंजन की एनडीए सरकार अत्याचारियों, भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और बलात्कारियों का भरोसेमंद उपकरण बन चुकी है। सुरेश पासवान ने आरोप लगाया कि वोट खरीदी से बनी असंवेदनशील सरकार के शासन में पूरे बिहार में नाबालिग बच्चियों, छात्राओं, बेटियों और महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। सत्ता संरक्षित अपराधों पर सरकार के कर्ता-धर्ता चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने मधेपुरा में विधवा महिला के साथ सामूहिक बलात्कार व हत्या, खगड़िया में चार वर्षीय बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म व हत्या तथा पटना में जहानाबाद की नीट छात्रा के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विरोध करने पर पुलिस प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर जेल भेजती है जबकि अपराधियों को संरक्षण दिया जाता है। सुरेश पासवान ने कहा कि बिहार की विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और मुख्यमंत्री की चुप्पी आपराधिक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की।

# राजधानी में आक्रोश मार्च आज जुटेंगे हजारों लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीट की तौयारी कर रही छात्रा के साथ हुई दरिंदगी के खिलाफ प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से आक्रोश मार्च आज डकबंग्ला चौराहा से जेपी गोलंबर तक निकाली जा रही है। कार्यक्रम के संयोजिका प्रेरणा विजय ने बताया कि राजधानी में बेटियां सुरक्षित नहीं है। शंभु गर्ल्स हॉस्टल में जो कुछ हुआ है यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे भी अधिक चिंता इस बात की है निजी हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने कैसे पूरे मामलों में लीपापोती करने का कुकृत्य किया है। यह चिकित्सकों की भूमिका पर संदेह पैदा करता है। पुलिस की भूमिका संदेहास्पद है पुलिस इतनी बड़ी लापरवाही कैसे की है और साक्ष्य मिटाने का भरपूर मौका अपराधियों को मिला है। सरकार के कोई भी विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री का कोई बयान नहीं आना हैरत की बात है। वही आंदोलन के नेतृत्वकर्ता पंडित संजय कुमार झा ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये बताया कि हॉस्टल को लेकर सरकार गाइडलाइंस जारी करे कोई भी कही भी लॉज और हॉस्टल खोलकर कॉमर्शियल उपयोग कर रहा है। सरकार के पास कोई आंकड़ा नहीं है कि राजधानी में कितने हॉस्टल और लॉज संचालित हो रहे हैं। हर गली कूची में कोई भी कभी भी हॉस्टल खोल रहा है यह चिंता का विषय है। चित्रगुप्त नगर थानाध्यक्ष की भूमिका काफी संदिग्ध है। उन्होंने बताया कि आक्रोश मार्च के माध्यम से हम सरकार और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। आक्रोश मार्च में हजारों लोग भाग ले रहे हैं।

# बिहार की महिलाओं को मिलेंगे 10 लाख रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की महिलाओं को 10 हजार के बाद अब 10 लाख रुपए देने की तैयारी है। राज्य सरकार की तरफ से इसे लेकर खास प्लानिंग की गई है। सरकार का उद्देश्य है कि महिलाएं छोटे काम तक लिमिटेड न रहे बल्कि बड़े लेवल पर सेल्फ इंडिपेंडेंट होकर रोजगार कर सके। बिहार में महिलाएं फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट हो और बड़े लेवल पर रोजगार कर सके, इसे लेकर सरकार कई पहल कर रही है। इस बीच अब सरकार ने महिलाओं को 10 हजार के बाद 10 लाख रुपये देने की तैयारी कर ली है। दरअसल, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने यह क्लियर किया है कि राज्य में जो भी जीविका दीदियां बड़ा रोजगार करना चाहती हैं, उन्हें बैंकों से 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाएगा। मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि महिलाओं को सिर्फ 7 परसेंट ही इंटरेस्ट लगेगा। सरकार की इस मदद से जीविका दीदियां आसानी से अपना रोजगार/कारोबार कर सकेंगी। साथ ही उन्हें ज्यादा फाइनेंशियल बोझ भी नहीं सहना पड़ेगा। दरअसल, सरकार की इस योजना का फायदा महिलाएं 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर उठा सकेंगी।

# बीपी ऑयल मिल्स की भविष्य की विकास रणनीति की गई पेश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** आज के समय में जब कंज्यूमर उन ब्रांड्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो प्रामाणिकता और भरोसे पर खड़े हों, हाथी मार्का भारतीय रसोई में विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर उभरा है। बीपी ऑयल मिल्स द्वारा पटना शहर के होटल लेमन ट्री प्रीमियर में आयोजित डीलर सम्मेलन में यह विरासत 'परंपरा एंड प्रोग्रेस' विषय के अंतर्गत मुख्य आकर्षण रही जो कंपनी की कुकिंग ऑयल उद्योग में सौ वर्षों से अधिक की स्थायी उपस्थिति का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया। हाथी मार्का केवल एक कुकिंग ऑयल ब्रांड नहीं रहा यह पीढ़ियों से घर-घर में शुद्धता, ताकत और भरोसे का नाम बन गया है। पारंपरिक पारिवारिक भोजन से लेकर रोजमर्रा की रसोई तक, हाथी मार्का ब्रांड ने दशकों तक बिना किसी समझौते के गुणवत्ता प्रदान की है जिससे यह बीपी ऑयल मिल्स की सबसे भरोसेमंद और पहचानने योग्य ब्रांड में से एक बन गया। इस सम्मेलन में हाथी मार्का और बीपी ऑयल मिल्स की विकास यात्रा में केंद्रीय भूमिका को उजागर किया गया। यह स्वीकार करते हुए कि ब्रांड ने बदलती उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ खुद को विकसित किया है, लेकिन अपने मूल वादे के प्रति हमेशा सच्चा रहा है। लंबे समय से जुड़े व्यापारिक साझेदारों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया जिन्होंने हाथी मार्का की मजबूत उपस्थिति और उपभोक्ता विश्वास को विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अपने संबोधन में बीपी ऑयल मिल्स के नेतृत्व ने भविष्य के लिए स्पष्ट रूपरेखा साझा की जिसमें हाथी मार्का को विस्तार योजनाओं के केंद्र में रखा गया है। मुख्य कार्यक्षेत्रों में वितरण को मजबूत करना, बाजार में पहुंच बढ़ाना, ब्रांड की दृश्यता बढ़ाना और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच उपभोक्ता विश्वास को और मजबूत करना शामिल है। बीपी ऑयल मिल्स अपने विविध उत्पाद समूह के माध्यम से कई श्रेणियों में कार्य करता रहा है, लेकिन हाथी मार्का अभी भी इसके खाद्य तेल व्यवसाय की नींव है जिसे एलिफेंट जैसे अन्य ब्रांडों द्वारा पूरा किया गया है। यह सभी ब्रांड गुणवत्ता-प्रधान विकास और लंबे समय तक मूल्य निर्माण के बीपी ऑयल मिल्स के संकल्प को दर्शाते हैं।

# डॉ. प्रेम कुमार ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर भावभीनी भावांजलि अर्पित की



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शौर्य, साहस और पराक्रम के प्रतीक, परम प्रतापी योद्धा महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए भावभीनी भावांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि उनकी पुण्यतिथि उनकी वीरता, शौर्य, पराक्रम, मेवाड़ की स्वतंत्रता के लिए उनके अटूट संघर्ष और मुगल शासक अकबर की अधीनता स्वीकार न करने के उनके दृढ़ संकल्प को श्रद्धांजलि देने का अवसर है जो उन्हें एक महान योद्धा बनाता है। महाराणा प्रताप की नीतियां आगे चलकर शिवाजी महाराज से लेकर ब्रिटिश के खिलाफ बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं। उनका अतुल्य समर्पण, अमर बलिदान और वीरगाथा सदैव राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# महफिल-सीजन 18 में बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास का भव्य प्रदर्शन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पिछले 10 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही प्रतिष्ठित सांस्कृतिक श्रृंखला महफिल इस वर्ष अपने 18वें सीजन के साथ एक बार फिर बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का प्रभावशाली मंच बनकर सामने आई। यह आयोजन बच्चों को मंचीय भय से मुक्त कर उनके भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। मंडपम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ गरिमामयी वातावरण में किया गया। दीप प्रज्ज्वलन कैप्टन आशुतोष कुमार (सीईओ / फाउंडर), वंदना कुमार (मैनेजिंग डायरेक्टर), अंजनी कुमारी (सीओओ) एवं डॉ. विमलेन्दु (विशिष्ट अतिथि) द्वारा किया गया। सभी अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर कैप्टन आशुतोष कुमार ने कहा कि मेहफिल का उद्देश्य बच्चों को केवल मंच देना नहीं, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना है। जब बच्चे बिना किसी डर के अपनी कला प्रस्तुत करते हैं, तभी उनकी वास्तविक प्रतिभा सामने आती है। मेहफिल बच्चों को भविष्य के लिए निडर और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। इस वर्ष के आयोजन में लगभग 250 बच्चों ने संगीत, नृत्य एवं कला के विविध रूपों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियां तकनीकी रूप से सशक्त होने के साथ-साथ भावनात्मक अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास से भरपूर रहीं जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों में दीपांश्या मिश्रा, मोहना, मिशिका सिन्हा, सान्वी सिंह, त्रिजल, हर्षिता, जेनिफर, नव्या चौधरी, उद्विता, तेजांश तलवार, अनंता, भाव्या, आद्या देव, वेदांत सिन्हा, ईशान सिन्हा, अद्विका कांति, श्रीजा सिंह, आरव बरनवाल, आयुषी वर्मा, याशी, शौर्य सिंह, अतिरा, कौशिकी कायरा, वान्या, कृति यशिका, इरा, रुद्रांश सिंह, कृति बाला, रेयांश रौनक, मिली पांडे, आहाना वत्सल, प्रियंशी चौधरी, आध्या, ऋषि राज सिंह, याश्वी सिंह, समायरा साजिद, जशन गुप्ता, रिद्धिमा वत्स, गहना मिश्रा, मंजुलिका श्रीवास्तव, आर्णा चौधरी, मायरा कौशल, सुकृति रंजन एवं समृद्धि कुमारी शामिल रहीं।

# न्यू बूगी वूगी एकेडमी का 31 वां वार्षिकोत्सव संपन्न, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शहर की प्रतिष्ठित नृत्य संस्था न्यू बूगी वूगी एकेडमी का 31 वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अकेडमी के बच्चों और महिलाओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई जिसके बाद गणेश वंदना से सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया गया। बच्चों और संस्थान की महिलाओं ने बॉलीवुड, फ्रीस्टाइल, सेमी-क्लासिकल और फोक डांस की शानदार प्रस्तुतियां दीं। उनकी ऊर्जा, तालमेल और आत्मविश्वास ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अकेडमी के निदेशक अनिल राज ने कहा कि न्यू बूगी वूगी अकेडमी पिछले 31 वर्षों से बच्चों और महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने और उन्हें नृत्य के माध्यम से आत्मविश्वासी बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों का भी सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और अकेडमी के निरंतर प्रयासों की प्रशंसा की। समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जहां दर्शकों ने बच्चों और महिलाओं की प्रस्तुतियों के लिए जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

# बिहार के 18 जिलों में घने कुहासे की चेतावनी, फिर बढ़ेगी ठंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के अलग-अलग जिलों में ठंड को लेकर लगातार चेतावनी जारी की जा रही है। इस बीच मौसम विभाग ने आज राज्य के 18 जिलों में घने कुहासे को लेकर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग की माने तो, 20 या फिर 21 जनवरी के बाद ठंड बढ़ सकती है। इसके साथ ही अगले 4 दिनों तक मौसम की यही स्थिति बनी रहेगी जिन 18 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, उनमें पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, गोपालगंज, सीवान, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, छपरा, वैशाली, समस्तीपुर, बक्सर, भोजपुर, अरवल, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद शामिल है। इस दौरान घने कुहासे के कारण विजिबिलिटी कम रह सकती है। मौसम विभाग की माने तो पिछले 24 घंटे में भागलपुर का सबौर सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। दरअसल, न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की समिति का गठन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में कार्यरत अतिथि शिक्षकों के स्थायीकरण की मांग को लेकर इको पार्क, पटना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। बैठक के दौरान अतिथि शिक्षकों की एक समन्वय समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। समिति में डॉ. संत कुमार को अध्यक्ष, डॉ. हिमांशु कुमार को महासचिव, डॉ. सूची स्मिता, डॉ. चांदना एवं डॉ. चंद्रमोहन त्रिपाठी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त अन्य पदों पर भी कार्यरत अतिथि शिक्षकों को सहमति से जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीपीयू में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को एक मंच पर संगठित करना तथा उनके स्थायीकरण को लेकर आगे की रणनीति तय करना था। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि वे पिछले तीन-चार वर्षों से लगातार विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य कर रहे हैं तथा उनका चयन विश्वविद्यालय स्तरीय चयन समिति के माध्यम से हुआ है। अतिथि शिक्षकों ने यह भी उल्लेख किया कि देश के कई राज्यों में विश्वविद्यालय शिक्षकों की सेवा 65 वर्ष की आयु तक सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बिहार सरकार से भी इसी तर्ज पर निर्णय लेने की मांग की। बैठक के अंत में सभी अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया कि अन्य राज्यों की भांति पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय सहित बिहार के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा को 65 वर्ष की आयु तक सुरक्षित एवं स्थायी किया जाए।

# बालू घाट पर गहरे गड्ढों से बढ़ा खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** गुरुआ प्रखंड के बैजू बिगहा बेलौटी स्थित क्लस्टर संख्या 13 बालू घाट पर मानक से अधिक गड्ढा कर बालू उठाव किए जाने से आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद शेरघाटी के एसडीओ मनीष कुमार ने बालू घाट का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य यह जानना था कि बालू खनन के दौरान तय नियमों और पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा निर्धारित गहराई से कहीं अधिक खुदाई कर बालू का उठाव किया जा रहा है। इससे नदी के किनारे असंतुलन पैदा हो गया है और क्षेत्र में खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गहरे गड्ढों के कारण खासकर बरसात के मौसम में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मवेशियों के फिसलकर गड्ढों में गिरने और बच्चों के डूबने का खतरा हमेशा बना रहता है। इसके साथ ही अत्यधिक खनन से पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। एसडीओ के निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया कई स्थानों पर खनन मानकों के उल्लंघन के संकेत मिले।

# भगवती प्रसाद केशरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भगवती प्रसाद केशरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में बैंक रोड स्थित शक्तिधाम परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था जो महंगे इलाज का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रस्ट समाज के गरीब और वंचित वर्गों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में इस निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ताकि जरूरतमंदों को समय पर जांच और उपचार मिल सके। शिविर में लगभग 200 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। विभिन्न रोगों की जांच हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहीं।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में मना विश्व स्मृति दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सासाराम के तत्वावधान में रविवार को मुख्य सेवा केंद्र पर विश्व स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्मा के सम्मुख सदस्य अर्पित किया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र पर मुख्य अतिथि के रूप में सासाराम जेल सुपरिंटेंडेंट के सुजीत कुमार राय द्वारा बाबा की शांति स्तंभ पर सदस्य सुमन अर्पित किया गया तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी श्री विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासिका द्वारा अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य सेवा केंद्र की मुख्य प्रशिका बी के बबीता दीदी ने कहा कि आज ही के दिन संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा प्रकाश डालते हुए गए थे। उन्हीं की याद में आज पूरे विश्व में सेवा केंद्र पर विश्व शांति दिवस मनाया जाता है। आज से 57 वर्ष पूर्व 18 जनवरी 1969 को बाबा अव्यक्त हुए थे। उन्होंने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 15 दिसंबर 1876 ईस्वी में सिंधी हैदराबाद की कृपलानी परिवार में हुआ था।

# छात्रा से गैंगरेप की सीबीआई से जांच हो : चंद्र भूषण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सर्वोदय मंडल, लोक समिति, बिहार नशाबंदी परिषद की बैठक चंद्र भूषण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें 11 जनवरी 26 को पटना में मेडिकल की तैयारी कर रही छात्रा मेदांता हॉस्पिटल में मृत्यु संदेह के घेरे में है। हॉस्पिटल में भर्ती हो जाने के बाद भी उसके परिजन को समय से सूचना न देना हॉस्टल संचालक का अपराधी प्रवृति का होना साबित करता है। बिहार सर्वोदय मंडल ने बिहार के गृह मंत्री से निवेदन किया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई प्रकार की शंका जाहिर किया गया है, जो सत्य है। इस घटना में तुरंत पुलिस का बयान अपराधियों को बढ़ावा देने वाला है। पुलिस के द्वारा सच्चाई को छिपाने की कोशिश की गई है जो सभ्य समाज के लिए कलंक है। संगठनों ने इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए सरकार से स्पीडी ट्रायल कर दोषियों को सजा दिलाने एवं उसके एक परिवार को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इन संगठनों ने सरकार से मांग की है कि सभी होस्टल संचालकों का चरित्र, आपराधिक मामलों की जांच होनी चाहिए। पटना के मुन्नाचक के शंभू हॉस्टल के सभी स्टाफ को गिरफ्तार कर जांच की जाय।

# बच्चों की अच्छी परवरिश ही समाज और देश का उज्जवल भविष्य तय करती है: खुशबू निषाद

## देश की बेटियां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहीं : मुकेश साहनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** हनुमान घाट एनिकट के समीप स्थित वेदव्यास मंदिर परिसर में रविवार को भगवान वेदव्यास ट्रस्ट द्वारा आयोजित निषाद प्रतिभा सम्मान समारोह में मार्शल आर्ट 2025 की गोल्ड मेडलिस्ट एवं एशियन चैंपियन खुशबू निषाद उर्फ नंदा ने कहा कि ‘ह्लसबसे धनी इंसान वही है, जिनके घर में खुशियां हैं।’ उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पारिवारिक सम्मान, आपसी प्रेम और संस्कारों पर विशेष जोर दिया। खुशबू निषाद ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि पति-पत्नी को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए जब माता-पिता एक-दूसरे को सम्मान देते हैं तो परिवार का माहौल सुंदर और सकारात्मक बनता है। उन्होंने कहा कि यदि माताएं अपने पति को परमेश्वर और पुरुष अपने घर की महिलाओं को लक्ष्मी मानें तो बच्चे निश्चय ही अपने भविष्य को संवारने में सफल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों की अच्छी परवरिश ही समाज और देश का उज्ज्वल भविष्य तय करती है। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि यह सदी महिलाओं की है और समाज में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि महिलाएं और बेटियां दिन-रात बिना भय के स्वतंत्र रूप से घूम सकें। वहीं वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी ने कहा कि देश की बेटियां आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रही हैं। हमारे समाज की बेटी ने एशिया में देश की आन-बान-शान बढ़ाई है, ऐसी बेटी को सम्मानित करना गर्व की बात है। राजद प्रदेश महासचिव एवं मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि आज अपनी छोटी बहन खुशबू निषाद को सम्मानित कर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन लल्लू चौधरी ने किया। मौके पर जदयू नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा, अजय सिंह कुशवाहा, माले नेता अशोक सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वहीं ट्रस्ट के संरक्षक भारत चौधरी, अध्यक्ष राजू चौधरी, सोनू चौधरी, दिनेश चौधरी, राम लखन चौधरी, शिक्षक इंद्रदेव चौधरी, गायक बिजेंदर जख्मी, एलाउंसर खालीक, उद्घोषक अनिल विश्वास,सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। इसके पूर्व खुशबू निषाद के शहर आगमन पर डॉ. अंबेडकर चौक से भव्य रोड शो निकाला गया जिसमें सैकड़ों शहरवासी शामिल हुए। फूलों से सजी खुली जीप पर सवार खुशबू निषाद एवं अजय राज का लोगों ने फूल-मालाओं और गुलदस्तों से स्वागत किया तथा गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं। गाजे-बाजे के साथ काफिला पुरानी डिहरी बाजार से कर्पूरी ठाकुर चौक होते हुए एनिकट स्थित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा। इस मौके पर भारी संख्या में महिलाएं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हर सोमवार और शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों में होगी जन सुनवाई

## अधिकारी अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भभुआ।** मुख्य सचिव, बिहार सरकार से प्राप्त निदेश के आलोक में जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग कर नई कार्य-योजना की जानकारी दी गई। 19 जनवरी 2026 से जिले के पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक के सभी कार्यालयों में सप्ताह के दो दिन विशेष रूप से जन-सुनवाई के लिए कार्य होगा। प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को सभी अधिकारी अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह व्यवस्था ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों पर लागू होगी। आम नागरिक इन दो दिनों में सीधे अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि निर्धारित दिनों पर अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। अधिकारी आगंतुकों से सम्मानपूर्वक मिलें और उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

यदि कोई अधिकारी अपरिहार्य कारणों से अनुपस्थित रहता है तो उनके द्वारा अधिकृत अन्य पदाधिकारी जनता की समस्याओं को सुनेंगे। अतिरिक्त प्रभार वाले अधिकारियों को भी समय बांटकर अपने सभी संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध रहने का निर्देश दिया गया है। जन-सुनवाई के दौरान आने वाली जनता की सुविधा का भी विशेष ख्याल रखा गया है। सभी कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था करें।

स्वच्छ पेयजल और शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करें। एक ‘शिकायत पंजी’ संधारित करें ताकि शिकायतों के निवारण की मॉनिटरिंग की जा सके। इस पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता और सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को नोडल ऑफिसर बनाया गया है। वे हर सोमवार और शुक्रवार को कार्यालयों में होने वाली जन-सुनवाई की फोटोग्राफी और रिपोर्ट संकलित कर सीधे जिला पदाधिकारी को सौंपेंगे।

# चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह नए प्राचार्य बने

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** विख्यात चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह ने नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के नए प्राचार्य के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। कल शाम डॉक्टर सिंह को प्राचार्य पद हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिया गया। इसके पूर्व डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह विगत कई वर्षों से चिकित्सा अधीक्षक के पद पर कार्य कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि विगत 20 अक्टूबर 2023 से नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य के रूप में डॉक्टर हीरालाल महतो कार्यरत थे जिनकी कल सेवानिवृत्ति हो गई। उन्होंने एक सादे समारोह में डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह को प्राचार्य पद के रूप में कार्यभार प्रदान किया तथा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक एवं औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने सेवानिवृत्त एवं नवनियुक्त प्राचार्य को शुभकामनाएं दीं तथा इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व प्राचार्य डॉक्टर हीरालाल महतो की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके कार्यकाल को याद किया। उन्होंने नवनियुक्त प्राचार्य डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह को उनके उत्तरदायित्व के प्रति कर्तव्य बोध कराते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज को उत्तरोत्तर विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य ने अपने विदाई समारोह में भावुक होते हुए यहां बिताए समय को लेकर अपना अनुभव साझा किया तथा कहा कि वह एक परिवार की तरह यहां रहे और कभी कोई परेशानी का अनुभव नहीं किए। इस अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक गण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी गण एवं गणमान्य लोग

## डालमियानगर में जिला स्तरीय रोजगार सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला संपन्न

# 25 कंपनियों ने दिये रोजगार के अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित श्रम भवन परिसर में युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में जिला स्तरीय रोजगार सह व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। यह मेला विभागीय मंत्री संजय सिंह ‘टाइगर’ के कुशल नेतृत्व एवं जिलाधिकारी उदिता सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की उपनिदेशक (नियोजन), पटना प्रमंडल अमृता कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन के अवसर पर सहायक निदेशक (नियोजन) सुबोध कुमार, श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी, जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र की इंदु कुमारी, डीएमएस श्वेता कुमारी, सौरभ कुमार तथा जन अधिकार फाउंडेशन के निदेशक सुजीत कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान लिपिक इंद्रसेन भारती, कंप्यूटर ऑपरेटर विपिन कुमार, विकास कुमार, प्रभात रंजन, रवि रंजन पांडे, सरजू सिंह, सोहन कुमार, बिहारी सिंह, संतन कुमार सहित विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद थे। रोजगार मेले में कुल 25 कंपनियों ने भाग लिया जिनमें स्मार्ट बाजार, संजीरा रिक्रूटमेंट सर्विस, नवभारत फर्टिलाइजर, जोमैटो, हाइपर पुरी, जीपटो, विजेता इंपैक्ट, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस, के.के. एंटरप्राइजेज, महादेव हनुमंत विजय प्लेसमेंट सर्विस, अमेधानी प्रा. लि., ड्रीमलाइन एंटरप्राइजेज सहित अन्य कंपनियां शामिल थीं। मेले में कुल 30 स्टॉल लगाए गए जिनमें 25 कंपनियों के, एक रजिस्ट्रेशन तथा चार विभागीय स्टॉल शामिल थे।

# सावित्रीबाई फुले एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर परिचर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर परिषद के समीप स्थित सम्राट अशोक भवन में डोम स्वराज मंच, रोहतास के तत्वावधान में भारत की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर आधारित परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण सिंह, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह पूर्व राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी, राष्ट्रीय प्रवक्ता कन्हैयालाल ओम एवं समाजसेवी अनुज कुशवाहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर सावित्रीबाई फुले एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि इंजीनियर सत्यनारायण सिंह ने अपने संबोधन में सावित्रीबाई फुले द्वारा समाज सुधार एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवन संघर्ष, साहस और सामाजिक परिवर्तन की मिसाल है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा की अलख जगाई।

पूर्व राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका, कवयित्री और नारी शिक्षा की अग्रदूत थीं। 19वीं सदी में जब महिलाओं और दलितों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने शिक्षा का दीप जलाया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1848 में पुणे के भिड़े वाड़ा में बालिका विद्यालय खोलकर सावित्रीबाई फुले ने देश की पहली महिला शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त किया। उन्होंने अछूतों और दलितों की शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह, शोषित महिलाओं के लिए आश्रय गृह की स्थापना तथा बालहत्या और सती प्रथा जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध भी संघर्ष किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता कन्हैयालाल ओम ने कहा कि शिक्षा किसी एक वर्ग या जाति तक सीमित नहीं हो सकती, बल्कि यह समाज के सर्वांगीण विकास का आधार है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे धनंजय कुमार ने मुख्य पार्षद प्रतिनिधि से डोम समाज की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि समाज के अधिकांश लोग भूमिहीन हैं और झुग्गी-झोपड़ी में जीवनयापन कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री आवास एवं भूमिहीन योजना के तहत डोम समाज को जमीन और आवास उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार, सुनिल कुमार, नरेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# कुटुंब प्रबोधन समाज को संगठित करने की जरूरत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** प्रज्ञा प्रवाह मासिक व्याख्यान आयोजन समिति के तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बिक्रमगंज के द डीपीएस+ प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संतोष चंद्रकांत, मुख्य वक्ता जयशंकर पाण्डेय (पर्यावरण सह-संयोजक दक्षिण बिहार प्रांत) तथा विभाग संयोजक डॉ. अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आगत अतिथियों का परिचय जिला प्रवक्ता भाजपा रविकांत ने कराया। तत्पश्चात अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता जयशंकर पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में कुटुंब प्रबोधन अर्थात परिवार का प्रबोधन अति आवश्यक हो गया है क्योंकि आजकल परिवार बहुत ही तेजी से विखंडित हो रहे हैं जिसको बचाने की जिम्मेदारी परिवार के सदस्यों को ही है। उन्होंने कहा कि लोग क्या थे क्या हो गए? आओ करें मिलकर हम सभी विचार। आज लोग पापा कहलाना पसंद कर रहे हैं, लेकिन पिता (बाबूजी) जी नहीं, मम्मी कहलाना पसंद कर रहीं, लेकिन माता जी नहीं।

# आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर चलाया जा रहा विशेष जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** डिहरी अनुमंडल के इंद्रपुरी क्षेत्र के बडीहा गांव में रविवार को ग्राम कचहरी पंच व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संगठन के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में भारत माता का कैलेंडर और आरएसएस का पत्रक ग्रामीणों के बीच निःशुल्क वितरण की गई। श्री पांडेय ने लोगों को बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सन 1925 से 2025 तक संगठन व सेवा के 100 वर्ष शताब्दी यात्रा पूर्ण कर विश्व का सबसे प्रभावी सामाजिक संगठन बन गया है। संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहे और उन्हें दो बार सन 1921 तथा सन 1930 में कारावास का कठोर दंड भी सहना पड़ा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आरंभ उस समय हुआ जब देश स्वतंत्रता के लिए संघर्षरत था। डॉक्टर केशव बलीराम हेडगेवार का विश्वास था कि राष्ट्र की शक्ति का आधार एक संगठित हिंदू समाज है। उन्होंने जाति, भाषा और प्रांत के भेद मिटाकर हिंदुत्व को एक सूत्र में बांधने का संकल्प लिया।

# चिंता और तनाव सभी रोगों की जड़ : डॉ. निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मकराईन में ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से संस्थान की मुख्य संचालिका बी.के. शोभा बहन के नेतृत्व में ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने ब्रह्मा बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिंता और तनाव सभी रोगों की जड़ है, यदि मन स्वस्थ रहेगा तो शरीर स्वतः स्वस्थ रहेगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि ईश्वर को स्मरण करते हुए अपने जीवन के सभी कार्य करें, इससे मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्ज़ा का संचार होता है। बी.के. शोभा बहन ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन में कहा कि परमात्मा को निरंतर याद करना ही जीवन का सच्चा मार्ग है क्योंकि सभी आत्माओं के पिता भगवान शिव हैं। उन्होंने आत्मिक शांति, संयम और सकारात्मक सोच को जीवन में अपनाने पर बल दिया। मौके पर बी.के. दुःख राज भाई, पुष्पा माता मालती देवी, जितेंद्र कुमार, सुमन कुमार, भगवान सिंह, संतोष कुमार, शिव लोक शर्मा, मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं आध्यात्मिक संकल्प के साथ किया गया।

# विद्युत चोरी पकड़े जाने पर तीन पर जुर्माना एवं प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिजली विभाग ने बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर विशेष दल का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान संझौली अंतर्गत अमैठी पंचायत के घेरलू परिसर मे बिजली चोरी पकड़ा गया। प्रशाखा संझौली के कनीय विद्युत अभियंता प्रमुदित रक्त पटेल ने बताया कि उपभोक्ताओं के परिसर में लगे ऊर्जा मीटर से पहले तार में कटिंग करके व मीटर को बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर पखनहियां निवासी राजमोहन राम पिता-मंगरू राम पर 93270, दीनानाथ सिंह पिता-बासुदेव सिंह पर 10414 रुपये जुर्माना लगाया गया है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताया कि विद्युत विभाग का बकाया राशि लंबित रहने पर लाइन काटने के उपरांत बिना बकाया राशि तथा पुनः विद्युत संयोजन (आरसी) शुल्क जमा किये अवैध रूप से विद्युत चोरी को लेकर मथुरापुर निवासी भोला पासवान पिता-श्रीनिवास पासवान पर 25326 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है।

# अब्दुल क्यूम अंसारी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

## सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता में योगदान को किया याद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी नेता और सामाजिक समरसता के प्रतीक अब्दुल क्यूम अंसारी की पुण्यतिथि के अवसर पर अंसार कांफ्रेंस की ओर से अध्यक्ष मुमताज अंसारी के नेतृत्व में अब्दुल क्यूम अंसारी नगर भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और संघर्षों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि अब्दुल क्यूम अंसारी ने देश की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जीवन भर हिंदू-मुस्लिम एकता, सामाजिक न्याय तथा कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। वे न केवल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, बल्कि एक दूरदर्शी नेता भी थे जिन्होंने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सशक्त माध्यम माना। कार्यक्रम में उपस्थित बुद्धिजीवियों ने कहा कि वर्तमान समय में अब्दुल क्यूम अंसारी के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। उनका पूरा जीवन देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के लिए समर्पित रहा जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। श्रद्धांजलि सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज में सौहार्द, समानता एवं राष्ट्रप्रेम को मजबूत करने का संकल्प लिया। सभी अतिथियों को नबाब अख्तर अंसारी पानी वाले ने अंग वस्त्र व फूलों से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ निर्मल सिंह कुशवाहा, वरिष्ठ अधिवक्ता बैरिस्टर सिंह, जिला पार्षद अजय सिंह, अनुज कुशवाहा, पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा चौधरी, असलम कुरेशी, बिनोद सिंह, सुनील कुशवाहा, पीर मोहम्मद, अधिवक्ता मोहम्मद अब्दुल, अधिवक्ता मनोज सिंह अज्ञानी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहनलाल मेहता, मुन्ना अंसारी आदि मौजूद थे।

# मारपीट के दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काराकाट (रोहतास)।** जिले के काराकाट पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि थाने में दर्ज कांड संख्या 21/26 के तहत मुरारपुर बरडीहा निवासी मुन्ना सिंह के दोनों पुत्रों बबलू कुमार और सोनू कुमार को पुलिस ने सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। ये आरोपी मारपीट के इस मामले में फरार चल रहे थे। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पूरे मामले में मुख्य संदिग्ध हैं और आगे की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में काराकाट थाना क्षेत्र के चिल्हा गांव में एक बड़ा हादसा हो गया जहां लगभग 5 बिगहा पशुओं का चारा यानी पुआल अचानक लगी आग से जलकर खाक हो गया।

# एनडीए की ओर से दही-चूड़ा भोज का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विधानसभा क्षेत्र दिनारा से राष्ट्रीय लोक मोर्चा के विधायक आलोक कुमार सिंह के सौजन्य से रविवार को अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा प्रखंड में स्थित मां भलुनी धाम पर दही-चूड़ा का समरसता भोज आयोजित किया गया जिसमें एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस समरसता भोज के आयोजन के संदर्भ में विधायक आलोक सिंह ने कहा कि यह सभी लोगों के एक मंच पर लाने और विरोधियों के द्वारा अफवाह फैलाने के संदर्भ में एक संदेश भी है। इस संदर्भ में उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने की बातें कहीं और अपने को राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सिपाही बताया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी, जदयू, राष्ट्रीय लोक मोर्चा, लोक जनशक्ति पार्टी तथा हम के जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष सहित बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने बारी-बारी से एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। वहीं कुछ वक्ताओं ने संतोष कुमार सिंह को पुनः मंत्री बनाए जाने की मांग भी की। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का विधायक आलोक कुमार सिंह तथा तेनुअज ग्राम पंचायत मुखिया अमित राय के द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। वही इस अवसर पर विभिन्न पंचायत से आए हुए दिनारा, दावथ एवं सूर्यपूरा प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने दही- चूड़ा भोज में अपनी भागीदारी दिखाई। मौके पर मुखिया अमित राय, राजू प्रधान, भगवान प्रसाद, मुखिया संजय कुमार सिंह, मुरली धर दुबे,ज्योति प्रकाश कुशवाहा, गंगासागर सिंह कुशवाहा, मुखिया अजय कुमार, परवेज सिद्दीकी, मालती मौर्या, पैक्स अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह सहित स्थानीय एवं जिला स्तर के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक नजर

### लूटकांड का आरोपित गिरफ्तार

**नगरनौसा(नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** नगरनौसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव स्थित एसबीआई के सीएसपी से हुई लूट में एक आरोपित को लच्छू बिगहा हॉल्ट के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि महमदपुर गांव स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र से हुई लूट मामले में फ़रार चल रहे प्रिंस कुमार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के लच्छू बिगहा हॉल्ट के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके भाई भी पूर्व में रामचाट स्थित ग्रामीण बैंक लूट में जेल जा चुका है। बता दें कि थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र से 11 सितंबर के दिन तीन की संख्या में रहे हथियारबंद बदमाशों ने हथियार के बल पर सीएसपी के संचालक संदीप पटेल को अपने कब्जे में लेकर दो लाख साठ हजार लूट की घटना को अंजाम दिया गया था।

### जिला सचिव आलोक कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा के जिला सचिव आलोक कुमार का 12 जनवरी 2026 दिन सोमवार को विद्यालय जाने की क्रम में सामने से आ रही बालू से लदा ट्रैक्टर द्वारा मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मारने से दुर्घटना हो जाने पर चालक शिक्षक कुंदन प्रभात (विद्यालय अध्यापक) का घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी और आलोक कुमार प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय परोरिया, प्रखंड मेसकौर का गंभीर चोट आने से एम्स पटना में इलाजरत थे। उन्होंने 17 जनवरी 2026 को सुबह 05:30 बजे के करीब अंतिम सांस ली। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ नवादा में वर्ष 2001 से सक्रिय रहे। जिला सचिव पद पर रहते हुए नवादा जिला में शिक्षकों के हितों में अनेकों कार्य किये जो सराहनीय योग्य है। उनके निधन होने से शिक्षा जगत में जो क्षति हुई है अपूरणीय है। श्रद्धांजलि सभा में जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह, अनिल कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, देव कुमार, मो0 मिन्हाज अंसारी, बबन कुमार, सुरेश कुमार सुमन, विनोद कुमार, मिथिलेश कुमार, सुनील कुमार पासवान, मथुरा रविदास, सनोज कुमार, योगेंद्र पासवान, विनोद सिंह, अयोध्या पासवान प्रदेश कोषाध्यक्ष, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, गोपाल शरण प्रदेश अंकेक्षक, जागेश्वर पासवान पूर्व प्रधानाध्यापक के साथ-साथ सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिये।

### एडवोकेट एसोसिएशन सदर सब डिवीजन के महासचिव बने डॉ राकेश कुमार

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को एडवोकेट एसोसिएशन सदर सब डिवीजन का चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस चुनाव में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। मतगणना के बाद घोषित परिणाम में अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता मोहम्मद तारिक को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया, डॉ राकेश कुमार को महासचिव निर्वाचित किया गया। जिससे अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल देखा गया।

चुनाव परिणाम के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता धीरेन्द्र प्रसाद, राकेश कुमार एवं राधिका रमन प्रसाद निर्वाचित हुए। महासचिव पद पर डॉ. राकेश कुमार ने जीत दर्ज की। संयुक्त सचिव पद पर रंजन कुमार, हुसैन अंसारी एवं नीरज कुमार चुने गए। सहायक सचिव पद पर मोहम्मद खुर्शीद, सुजीत कुमार गुप्ता एवं यशवंत कुमार का चयन हुआ। वहीं कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिनेश प्रसाद को सौंपी गई। ऑडिटर पद पर अनिल कुमार उर्फ गुल्लू निर्वाचित हुए। चुनाव के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। अध्यक्ष मो. तारिक ने सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ के सम्मान, अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा एवं न्यायिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर टीम भावना से कार्य करने का भरोसा दिलाया।

# कदाचारमुक्त माहौल में पुलिस अवर निरीक्षक प्रारंभिक परीक्षा सम्पन्न

**परीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी का परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार सरकार के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर चयन हेतु अभ्यर्थियों की प्रारंभिक लिखित परीक्षा 18 जनवरी 2026 को नवादा जिले के कुल 21 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा का आयोजन कदाचारमुक्त, स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था संधारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, अभ्यास मध्य विद्यालय, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की उपस्थिति, सीसीटीवी निगरानी, जैमर व्यवस्था, प्रवेश-निकास व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंधों का गहन अवलोकन किया।

जिला पदाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन के दौरान परीक्षा नियमों का अक्षरशः पालन, कदाचार पर पूर्ण रोक तथा अभ्यर्थियों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति की सूचना तुरंत वरीय पदाधिकारियों को दी जाए।

परीक्षा के दौरान जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए थे, जिससे संपूर्ण परीक्षा अवधि में विधि-व्यवस्था सामान्य बनी रही। जिला प्रशासन द्वारा किए गए समुचित प्रबंधों के कारण परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल 10008 परीक्षार्थियों में से 7052 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि द्वितीय पाली में कुल 10008 परीक्षार्थियों में से 7205 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।

# बरेव पंचायत में सीएमआर आपूर्ति केंद्र विधिवत शुरू



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रविवार को अकबरपुर प्रखंड अंतर्गत बरेव पंचायत में सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) आपूर्ति केंद्र का विधिवत शुभारंभ जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने गोदाम परिसर का निरीक्षण किया तथा सीएमआर भंडारण एवं आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की।

शुभारंभ के अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य योजनाओं के तहत आमजनों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सीएमआर आपूर्ति कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता की गुंजाइश न रहे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, रजौली, गोपनीय शाखा प्रभारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य निगम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# ट्रेन के नीचे से गुजरते समय महिला गंभीर रूप से घायल, स्टेशन पर मचा हड़कंप

**हिलसा (नालंदा)।** रविवार को हिलसा रेलवे स्टेशन पर एक हृदयविदारक हादसा हुआ, जब प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन के नीचे से गुजरने का प्रयास कर रही एक महिला अचानक चल पड़ी ट्रेन की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों में दहशत फैल गई। घायल महिला की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव निवासी 60 वर्षीय मालती देवी के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मालती देवी रेलवे ट्रैक पार करने के लिए प्लेटफॉर्म पर खड़ी ट्रेन के नीचे से निकलने की कोशिश कर रही थीं। इसी दौरान अचानक ट्रेन चल पड़ी और वह उसकी चपेट में आ गईं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को बाहर निकाला और रेलवे प्रशासन को सूचना दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे के बाद रेलवे प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। यात्रियों ने स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई और मांग की कि ट्रैक पार करने से रोकने तथा यात्रियों की सुरक्षा के लिए सख्त इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# डीएम ने निशा रेडीमेड गारमेंट्स तेल्हाडा का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार एकंगरसराय प्रखंड में अवस्थित निशा रेडीमेड गारमेंट्स तेल्हाडा का निरीक्षण किया। कंपनी के मालिक मनोज कुमार ने बताया कि निशा रेडीमेड गारमेंट्स तेल्हाडा के उत्थान हेतु कोरोना काल 2021 में बिहार सरकार द्वारा जिला औद्योगिक नवप्रवर्तन योजनान्तर्गत 10 लाख का वित्तीय सहायता प्रदान की गई एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम 1 योजनान्तर्गत 10 लाख रुपए एवं तीन साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना 2 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 24 -25 में 60 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। वर्तमान में इस कम्पनी में लगभग 50 लोग कार्यरत है जिसमें 80 प्रतिशत महिलाएं हैं।



कंपनी का सालाना टर्नओवर 1.5 करोड़ का है। जिलाधिकारी द्वारा इस कंपनी का 5 गुना ज्यादा टर्नओवर करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, साथ ही उन्होंने सहायता प्रदान करने की बात कही गई। जिलाधिकारी द्वारा कंपनी के मालिक मनोज के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर और अधिक रोजगार सृजित करें। जिलाधिकारी द्वारा कंपनी में उपस्थित कारीगरों से बातचीत के क्रम में उनके प्रतिक्षण, पूर्व का अनुभव, मासिक कमाई इत्यादि की जानकारी ली गई। मनोज कुमार, कंपनी मालिक ने जिलाधिकारी को अपने आप बीती की कहानी सुनाया की किस प्रकार संघर्ष करने पर बिहार के रहने वाले ओमकार शर्मा दो मशीन दिये उनके बाद चन्द्रमणी जी चंडी के रहने वाले दो लाख दे कर उन्होने काम चालु करवाये और उसके बाद लुधियाना शहर के दो कंपनी से कच्चा माल के लिए कंपनी ने सपोट किया, उसके बाद करोना काल में नव परिवर्तन के तहत 10 लाख का सहयोग राशि मिला उसके बाद 10 लाख का कराया लोन पुरा देने के बाद दूसरा चल रहा है।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी हिलसा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आदि उपस्थित थे ।

# चाकू गोदकर हत्या मामले का नवादा पुलिस ने किया उद्भेदन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजेन्द्र नगर में 22 नवंबर 2025 को हुई वृद्ध महिला की निर्मम हत्या के मामले का नवादा पुलिस ने सफल उद्भेदन किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गहन अनुसंधान के परिणामस्वरूप इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

घटना के संबंध में बताया गया कि 22 नवंबर 2025 को राजेन्द्र नगर स्थित एक मकान में वृद्ध महिला सावित्री देवी उर्फ श्याम (उम्र लगभग 65 वर्ष) एवं उनकी पुत्री पर चाकू से हमला किया गया था। इलाज के दौरान सावित्री देवी की मौत हो गई थी। इस संबंध में मृतका के पुत्र बाबू पासवान के लिखित आवेदन पर नवादा नगर थाना कांड संख्या 1211/25 दिनांक 23.11.2025 को भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

पुलिस अधीक्षक, नवादा के निर्देश पर घटना के उद्भेदन हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मानवीय स्त्रोतों से प्राप्त सूचना, तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए मुख्य आरोपित लक्की राज कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि इस हत्या की साजिश मृतका के पुत्र बाबू पासवान की पत्नी सोनी कुमारी उर्फ निक्की कुमारी ने रची थी। पारिवारिक विवाद, संपत्ति को लेकर मतभेद एवं अन्य कारणों से वह अपनी सास सावित्री देवी से नाराज थी।

अनुसंधान में यह भी पता चला कि सोनी कुमारी ने अपने मायके पक्ष के भांजे लक्की राज कुमार को 50 हजार रुपये की सुपारी देकर हत्या करवाई थी। इसके अलावा हत्या को अंजाम देने में नीरज कुमार एवं सन्नी कुमार ने भी सहयोग किया। घटना के दिन सभी आरोपित नवादा आए, वारदात को अंजाम दिया और फिर फरार हो गए।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोनी कुमारी उर्फ निक्की कुमारी, लक्की राज कुमार उर्फ बाबू, नीरज कुमार एवं सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। नवादा पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

# सदस्य मोबिलाइजेशन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। प्रखंड के मसौढ़ा पंचायत के मसौढ़ा गांव में सदस्य मोबिलाइजेशन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाओं को संगठित करना तथा उन्हें संस्थागत ढांचे, सामुदायिक सहभागिता और विकास के अवसरों से अवगत कराया गया। इसके अंतर्गत जीविका समूह की साप्ताहिक बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में जीविका से जुड़ी दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संचालन जीविका के शिवम ने की । बैठक के दौरान जीविका की ओर से आधिकारिक रूप से उपस्थित अंकिता कुमारी तथा प्रदान संस्था से वर्षा रानी ने दीदियों में रेखा रानी ने संबोधित किया। वक्ताओं द्वारा पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न विकासात्मक पहलों, समूह की भूमिका, तथा सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा पंचाने एफपीसी के उद्देश्यों एवं प्रदान संस्था के विज़न और मिशन से जीविका दीदियों को विस्तारपूर्वक रूबरु कराया गया। प्रशिक्षण सत्र में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि सदस्य मोबिलाइजेशन के माध्यम से किस प्रकार ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उनकी आजीविका को सुदृढ़ किया जा सकता है तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और आत्मनिर्भरता से जोड़ा जा सकता है। प्रदान द्वारा किए जा रहे कार्यों जैसे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रयासों की भी जानकारी दी गई।

# खेलो-नौकरी पाओ योजना के तहत खिलाड़ियों को मिल रहा रोजगार : सांसद




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** स्थानीय मनीराम अखाड़ा स्थित स्टेडियम में आयोजित स्वर्गीय मां निर्मला देवी मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। पिछले एक सप्ताह से चल रहे इस टूर्नामेंट के फाइनल में नालंदा बी और नालंदा सी की टीम आमने-सामने हुई। टॉस के बाद पहले बल्लेबाज़ी करते हुए नालंदा सी की टीम 78 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नालंदा बी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह विकेट से मैच जीत लिया और खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले के दौरान सांसद कौशलेन्द्र कुमार, जदयू प्रवक्ता भवानी सिंह, रिक्की कुमार, कुमार मंगलम और नालंदा क्रिकेट संघ के सचिव गोपाल कुमार सिंह आयोजक संजीव कुमार मौजूद रहे। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और "खेलो-नौकरी पाओ योजना" के तहत खिलाड़ियों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर प्रखंड में खेल का मैदान होना चाहिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकें और राज्य व देश का नाम रोशन कर सकें। गौरतलब है कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

# ग्रामीण प्रीमियर लीग (जीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मेसकौर प्रखंड के बिजुबिघा स्थित केशोराम इंटर विद्यालय के खेल परिसर में आदर्श युवा क्लब के तत्वावधान में आयोजित जीपीएल यानी ग्रामीण प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा संस्करण रविवार से भव्य रूप से शुरू हो गया। ग्रामीण युवाओं में खेल प्रतिभा को निखारने और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. अभय कुशवाहा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन रजौली अनुमंडल पदाधिकारी स्वतंत्र कुमार सुमन, अनुमंडल पुलिस अधिकारी गुलशन कुमार, मेसकौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार एवं सीतामढ़ी थाना प्रभारी पप्पू शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों का टूर्नामेंट के व्यवस्थापक जवाहर प्रसाद, विनोद सिन्हा, संजय मेहता, डॉ. अभय कुशवाहा, प्रतीक चौधरी, अरविंद यादव, प्रेमन कुमार, अरविंद तांती एवं उमा प्रसाद के द्वारा बुके और साल देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन मैच सातन बीघा और बड़ी पाली की टीमों के बीच खेला गया। प्रतीक चौधरी ने बताया कि टॉस जीतकर बड़ी पाली की टीम ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए सातन बीघा की टीम 12 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 81 रन ही बना सकी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बड़ी पाली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 23 रन से अपने नाम कर लिया। मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस उद्घाटन मुकाबले में प्रेमन कुमार ने कमेंट्री की, जबकि जीशान खान एवं राहुल कुमार ने अंपायरिंग की भूमिका निभाई। टूर्नामेंट को सफल बनाने में गुलशन कुमार, जितेंद्र कुमार, श्रीकांत, रोहित, सतीश, ऋषव, सन्नी, लल्लू, राजीव, प्रिंस एवं रंजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि आने वाले मुकाबले और भी रोमांचक होंगे तथा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा।

# सिरदला पीएचसी में नसबंदी शिविर में दिखी लापरवाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिले के सिरदला प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को 18 महिलाओं का बंध्याकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल में गंभीर कुव्यवस्थाएं सामने आईं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कड़ाके की ठंड के बावजूद कई मरीजों को कंबल उपलब्ध नहीं कराए गए। एक ही ऑपरेशन टेबल पर बारी-बारी से तीन-तीन रोगियों को लिटाया गया। छोटे कमरों में मरीज, उनके परिजन और आशा कार्यकर्ता ठंड में ठिठुरते दिखे। कुछ मरीजों को स्टोर रूम, कुछ को डिलीवरी रूम और कुछ को बरामदे में ही रखा गया था।

अस्पताल में डॉक्टर और नर्स की अनुपस्थिति ने स्थिति को और जटिल बना दिया। शुक्रवार देर शाम करीब 7:30 बजे जब पत्रकार अस्पताल पहुंचे, तो वहां केवल एक नर्स और एक गार्ड ही मौजूद थे। डॉक्टर का चेंबर खाली था। मरीजों के परिजन और आशा कार्यकर्ता शांति देवी ठंड में बेड और कंबल की व्यवस्था के लिए भटकती दिखीं। शांति देवी ने बताया कि वे अपने क्षेत्र से मरीजों को लेकर आई हैं और उनकी देखभाल के लिए रुकी हुई हैं।

अस्पताल परिसर में मौजूद गार्ड उदय कुमार ने बताया कि डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे और नर्स डिलीवरी रूम में व्यस्त थीं। कंपाउंडर भी अनुपस्थित थे। उन्होंने बताया कि एक डाटा ऑपरेटर ही मरीजों की देखभाल में लगा हुआ था। इस प्रकार, पूरा स्वास्थ्य केंद्र केवल गार्ड और डाटा ऑपरेटर के भरोसे चल रहा था।

इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजीव कुमार और जिला चिकित्सा पदाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामने आई यह स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर कमियों को दर्शाती है। ठंड में मरीजों को बेड और कंबल न मिलना, कर्मचारियों की अनुपस्थिति और बुनियादी सुविधाओं का अभाव स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही को उजागर करता है।

# डीएम ने किया पहली सदी के तिलाधक विश्वविद्यालय स्थल का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायती राज तेलहाड़ा के तेलहाड़ा गांव में स्थित पहली सदी के प्राचीन तिलाधक विश्वविद्यालय के उत्खनन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खुदाई में प्राप्त ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक अवशेषों की जानकारी ली और स्थल के महत्व को समझा। गौरतलब है कि नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना गुप्त शासक कुमारगुप्त द्वारा 453 ईस्वी में की गई थी, जबकि तिलाधक विश्वविद्यालय उससे भी प्राचीन, पहली सदी का माना जाता है। तेलहाड़ा भ्रमण के दौरान आयोजित मंचीय कार्यक्रम में तत्कालीन मुखिया अवधेश गुप्ता की मांग पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 26 दिसंबर 2009 को स्वयं टीले पर चढ़कर गैंता चलाकर खुदाई कार्य का शुभारंभ किया था। उत्खनन के दौरान विभिन्न कालखंडों के महत्वपूर्ण अवशेष सामने आए। प्रारंभ में पालकालीन मूर्तियां, उसके बाद गुप्तकालीन पुरावशेष तथा और गहराई में कुषाणकालीन मूर्तियां और संरचनाएं मिलीं, जिन्हें कार्बन डेटिंग में ईसा पूर्व का बताया गया है। खुदाई में सैकड़ों मॉनास्ट्री सील, अभिलेख, भगवान बुद्ध, अवलोकेतेश्वर, चामुंडा, हरितिका, मां तारा, अपराजिता सहित टेराकोटा की मूर्तियां एवं प्राचीन बर्तन प्राप्त हुए हैं। इतिहासकारों के अनुसार प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग जब 630 ईस्वी में भारत आए



थे, तब उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय से पहले तिलाधक विश्वविद्यालय का भ्रमण किया था और अपने यात्रा वृत्तांत में तिलाधक संघाराम, महाविहार सह विश्वविद्यालय का विस्तृत और सुंदर वर्णन किया है। ब्रिटिश काल में यहां से मिली कई मूर्तियों को कोलकाता संग्रहालय, लंदन संग्रहालय और स्विट्जरलैंड के ज्यूरिक म्यूजियम में सुरक्षित रखा गया है। वहीं तेलहाड़ा उत्खनन परिसर से प्राप्त रेड सैंड स्टोन की अवलोकेतेश्वर प्रतिमा को बिहार म्यूजियम, पटना में रखा गया है, जिसे देखने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ पहुंचे थे। भ्रमण के क्रम में जिलाधिकारी ने बिहार सरकार द्वारा 9 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से निर्मित साइट म्यूजियम का भी निरीक्षण किया। यह म्यूजियम उत्खनन में प्राप्त अवशेषों के संरक्षण और प्रदर्शन के लिए बनाया गया है। हालांकि अभी भी खुदाई का कार्य और म्यूजियम के अंदर कंपार्टमेंट निर्माण शेष है। साथ ही पहली सदी के तिलाधक विश्वविद्यालय के कन्वर्जन और तेलहाड़ा को बौद्ध सर्किट से जोड़ने की आवश्यकता बताई गई, ताकि देश-विदेश से पर्यटक यहां आ सकें और यह स्थल वैश्विक पहचान हासिल कर सके।

# 140 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा संवाददाता।** हिलसा मद्य निषेध थाना कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 140 लीटर देसी शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के पोसंडा गांव के मोड़ के समीप की गई।मद्य निषेध थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात सूचना मिली थी कि बाइक से शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जांच अभियान चलाया। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 140 लीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से दोनों तस्करों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के विद्यानपुर गांव निवासी राहुल कुमार एवं बिरजू कुमार के रूप में हुई है। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा प्रयुक्त बाइक को भी कब्जे में ले लिया गया है। मद्य निषेध अधिनियम के तहत दोनों आरोपितों के खिलाफ हिलसा मद्य निषेध थाना में मामला दर्ज किया गया है।

# भारतीय डाक सेवा देश की जीवन रेखा : डॉ प्रेम कुमार

## गया में राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ का 32वां संयुक्त द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गयाजी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कंडी नवादा स्थित एमपीरियल रिजॉर्ट में गया प्रमंडल राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ (ग्रुप 'सी') द्वारा 32वें संयुक्त द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और डाक कर्मचारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय डाक सेवा केवल एक विभाग नहीं, बल्कि देश की जीवनरेखा है। आजादी से पहले और बाद में डाक विभाग ने देश के सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांव-गांव और टोला-टोला तक पहुंचने वाली यह




सेवा विश्वास, समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक है जिसके पीछे डाक कर्मचारियों की निरंतर मेहनत और निष्ठा है। उन्होंने कहा कि डाक कर्मचारी दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों, घने जंगलों और सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। डिजिटल युग में संचार के बदलते स्वरूप के साथ डाक विभाग ने बैंकिंग, बीमा, पार्सल और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से स्वयं को समयानुकूल ढालते हुए नई पहचान बनाई है जो कर्मचारियों की ईमानदारी और समर्पण का परिणाम है। राष्ट्रीय डाक कर्मचारी संघ की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह संगठन कर्मचारियों की समस्याओं को लोकतांत्रिक और रचनात्मक तरीके से उठाने के साथ-साथ उनके समाधान की दिशा में निरंतर कार्य करता रहा है। ऐसे अधिवेशन संगठन को मजबूत करते हैं और भविष्य की रणनीति तय करने में सहायक होते हैं। प्रेम कुमार ने कहा कि डाक कर्मचारियों के सामने कार्यभार, संसाधनों की कमी, पदोन्नति, वेतन संरचना, सुरक्षा और कल्याण से जुड़े कई मुद्दे हैं। एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने आश्वस्त किया कि कर्मचारियों की जायज मांगों और समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने तथा उनके समाधान के लिए हर संभव सकारात्मक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजबूत कर्मचारी ही मजबूत संस्थान की नींव होते हैं। उन्होंने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के समुचित निर्वहन पर भी जोर देते हुए कहा कि ईमानदारी, समयबद्धता, सेवा भावना, तकनीकी दक्षता, प्रशिक्षण और नवाचार को अपनाकर डाक विभाग अपनी प्रतिष्ठा और सेवा गुणवत्ता को और बेहतर बना सकता है। अंत में उन्होंने अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और सभी डाक कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद अरुण कुमार, वरिष्ठ अधीक्षक डाक अंशुमान, अजय पासवान, महेश पासवान, नागेंद्र कुमार, विकास कुमार, राजेश कुमार, इमरान खान, राघवेंद्र प्रसाद सिंह, अंजुम अख्तर, राजनंदन गांधी, शिवनारायण चंद्रवंशी, सहलाल सिद्दीकी, विनोद उपाध्याय, संजीत चंद्रवंशी, मालती देवी, करण गुप्ता, पम्मी सिंह, शिव मांझी सहित बड़ी संख्या में डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध हथियार के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** वरीय पुलिस अधीक्षक गया जी के निर्देशानुसार अवैध हथियार रखने और हथियार तस्करों पर शिकंजा कसने को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में शेरघाटी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रविवार को शेरघाटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर इस कार्रवाई की जानकारी दी। एसडीपीओ अजय प्रसाद ने बताया कि गुरुआ थाना क्षेत्र में किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी की गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गुरुआ थाना क्षेत्र के सुगारिस गांव स्थित एक पुराने और वीरान मकान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखकर दो




व्यक्ति मौके से भागने लगे जिन्हें सशस्त्र बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की गई जिसमें उनकी पहचान मोहम्मद कुर्बान अंसारी और जहांगीर अंसारी, दोनों निवासी सुगारिस गांव के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से दो देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, तीन खोखा और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। एसडीपीओ ने बताया कि आरोपी एक पुराने मकान में हथियार छिपाकर किसी बड़ी वारदात की साजिश रच रहे थे। इस संबंध में गुरुआ थाना में कांड संख्या 27/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है और यह जांच की जा रही है कि वे किसी बड़े गिरोह से जुड़े हैं या नहीं।

# सामाजिक विज्ञान में राष्ट्र की अवधारणा पर विद्वानों ने रखे अपने विचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद् और मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय आठवें राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत दूरस्थ शिक्षा विभाग स्थित राधाकृष्णन सभागार में प्लीनरी सत्र और राउंड टेबल चर्चा के साथ हुई। सम्मेलन का विषय 'सामाजिक विज्ञान में राष्ट्र की अवधारणाः एक भारतीय परिप्रेक्ष्य' रखा गया है। दूसरे दिन के सत्र की अध्यक्षता राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद् की उपाध्यक्ष शीला रॉय ने की। प्लीनरी सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हिमांशु रॉय, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय




मोतिहारी के पूर्व कुलपति संजीव शर्मा तथा राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद् के मुख्य संरक्षक पी. वी. कृष्ण भट्ट उपस्थित रहे। वक्ताओं ने राष्ट्र की भारतीय अवधारणा, उसके दार्शनिक आधार और वर्तमान संदर्भों में उसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत विचार रखे। प्लीनरी सत्र के बाद छह समानांतर तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया जिनमें 150 से अधिक प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सत्रों में राष्ट्रवाद और राजधर्म, वेदों और उपनिषदों में राष्ट्र-दर्शन जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सायंकाल शोध पत्र प्रस्तुतियों के बाद प्रतिभागियों ने बोधगया का भ्रमण किया। सम्मेलन का समापन सत्र 18 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए जन-जागरूकता आवश्यक : प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने गया शहर के घुघड़ीताड़ बाईपास स्थित इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन, गया जी द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर विस्तार से विचार रखे। अपने संबोधन में प्रेम कुमार ने कहा कि मानवाधिकार किसी भी लोकतांत्रिक समाज की आत्मा होते हैं। प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और न्याय मिलना संविधान की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक अधिकारों की जानकारी पहुंचाना और उनकी रक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन जैसे संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है जो जन-जागरूकता के माध्यम से लोगों को अपने



अधिकारों के प्रति सजग बना रहे हैं। उन्होंने सदस्यता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों का इससे जुड़ना मानवाधिकार आंदोलन को सशक्त बनाएगा और समाज में न्याय, समानता तथा भाईचारे की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक सरोकारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में इंडियन मानवाधिकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा संगठन की गतिविधियों और उद्देश्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रेम कुमार को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सह प्रदेश प्रभारी सुधीर कुमार, जिला सचिव रमेश पांडे, करुणा निधि, साबिर खान, करुणा सिंह, अभिनय कुमार, नीलम मिश्रा सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरस्वती पूजा व गणतंत्र दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गयाजी)।** कोंच थाना परिसर में सरस्वती पूजा एवं आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने की। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं शांति समिति के सदस्यों से पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सुझाव लिए गए। थानाध्यक्ष ने कहा कि सरस्वती पूजा एवं गणतंत्र दिवस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग अथवा अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, पूजा पंडालों, जुलूस एवं यातायात व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

### वाहन जांच में 98 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** डोभी थाना क्षेत्र स्थित समेकित जांच चौकी डोभी के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने अवैध विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस दौरान महिंद्रा कंपनी की काले रंग की माराजो कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। तलाशी के क्रम में वाहन से कुल 98.250 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मोहम्मद तौफिक, पिता मोहम्मद आशिक, साकिन बरबट्टा, थाना कोचाधामन, जिला किशनगंज (बिहार) के रूप में की गई है। उसकी उम्र लगभग 27 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त माराजो कार को भी जब्त कर लिया है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार युवक को आगे की कारवाई हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 30 लीटर शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एएसआई संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर कुल 30 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद की तथा दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई धरहारा गांव में की गई जहां सुनील चौधरी के कब्जे से 18 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। इस संबंध में कोंच थाना में कांड संख्या 18/26 दर्ज कर आरोपी को नामजद किया गया है। दूसरी छापेमारी उतरेंन गांव में की गई जहां पुलिस ने रीता कुमारी के घर से 12 लीटर अवैध शराब जब्त की। मौके से ही आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

### सप्ताह में दो दिन सुनी जाएगी बिजली की समस्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सरकार के सात निश्चय-3 के तहत सबका सम्मान, सबका जीवन आसान (इज ऑफ लिविंग) को लेकर अब सप्ताह में दो दिन बिजली की समस्या सुनी जाएगी। कनीय विद्युत अभियंता हिमांशु कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की घोषणा के अनुसार प्रत्येक सप्ताह के सोमवार व शुक्रवार को जेईई के कार्यालय में विद्युत उपभोक्ता की समस्या सुनी जाएगी व समाधान किया जाएगा। उपभोक्ता जेईई के कार्यालय में सोमवार व शुक्रवार को साढ़े बारह से तीन बजे तक समस्या लेकर आ सकते है। समस्या सुने जाने की कवायद सोमवार से शुरू की जाएगी। जेईई श्री कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह द्वारा निर्देश किया गया है कि सभी प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण कर निदान किया जा सकेगा।

# गयाजी में अल्ट्राप्रीमियम फाइबर सीमेंट रूफ्स लांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिरलानू ने अपने चारमिनार ब्रांड के तहत अल्ट्राप्रीमियम फाइबर सीमेंट रूफ्स को गयाजी में लॉन्च किया। बिहार, पंजाब और राजस्थान में यह उत्पाद पेश किया गया। उत्पाद की विशेषताओं पर जानकारी देते हुए प्रणव इश्वरलाल देसाई, चीफ इनोवेशन ऑफिसर बिरलानू ने कहा कि फाइबर सीमेंट रूफ्स में मजबूती हमेशा से एक अहम पहलू रहा है, लेकिन अब ग्राहक बेहतर फिनिश और कम रखरखाव की भी उम्मीद करते हैं। अल्ट्राप्रीमियम फाइबर सीमेंट रूफ्स में दी गई पानी को अंदर नहीं जाने देने वाली सतह बारिश के मौसम में रूफ्स को सुरक्षित रखने में मदद करती है और नमी को सोखने की मात्रा को कम करती है। इसकी चिकनी सतह रूफ्स को लंबे समय तक अच्छा बनाए रखती है जिससे बार-बार मरम्मत की जरूरत कम होती है। विजय लहोटी, बिजनेस हेड रूफ्स, बिरलानू ने बताया कि यह लॉन्च हमें स्थानीय स्तर पर अपनी मौजूदगी मजबूत करने, सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को समर्थन देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद करेगा।

# समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शाक्यवंशी अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्थान, बोधगया के तत्वावधान में आयोजित दांगी परिवार मिलन सह सम्मान समारोह में सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन, गणमान्य अतिथि एवं परिवारजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ऐसे पारिवारिक एवं सामाजिक मिलन कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को सुदृढ़ करते हैं। दांगी समाज एवं



शाक्यवंशी अंतर्राष्ट्रीय सेवा संस्थान द्वारा सामाजिक समरसता, सेवा और संस्कारों को आगे बढ़ाने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि परिवार ही समाज की मूल इकाई है और जब परिवार सशक्त होता है तो समाज और राष्ट्र स्वतः मजबूत होता है। डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, संस्कार और सामाजिक दायित्वों के साथ आगे बढ़ें तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि बिहार की संस्कृति और परंपरा हमेशा से आपसी सहयोग और भाईचारे की रही है जिसे ऐसे आयोजनों के माध्यम से निरंतर जीवंत रखा जा रहा है। अंत में उन्होंने स्व जंग बहादुर केशरी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं मौके पर भूषण वर्मा, द्वारिका प्रसाद दांगी, संतोष कुमार, डॉ एस.के. वर्मा, सुषमा कुमारी, अभिषेक वर्मा, पप्पू कुमार दांगी, श्याम किशोर प्रसाद, डॉ नरेश, सुमंत कुमार, प्रेम कुमार विद्यार्थी सहित अन्य मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में अमन क्रिकेट क्लब, वजीरगंज फाइनल में पहुंचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** सर्वोदय क्रीड़ा परिषद तरवां द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अमन क्रिकेट क्लब वजीरगंज की टीम ने सुपर लाइक क्रिकेट क्लब टाली की टीम को 54 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को खेले गए इस मुकाबले में वजीरगंज टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अमन क्रिकेट क्लब वजीरगंज की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 230 रन बनाए और टाली की टीम को 231 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर लाइक क्रिकेट क्लब टाली की टीम 15.3 ओवर में 176 रन पर ही सिमट गई। इस तरह



वजीरगंज की टीम ने 54 रनों से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए वजीरगंज टीम के खिलाड़ी टूटू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी सर्वोदय क्रीड़ा परिषद तरवां के अध्यक्ष रामाशंकर यादव उर्फ हप्पू यादव तथा शिक्षा महोत्सव में भाग लेने आई चर्चित भोजपुरी लोक गायिका गायत्री यादव द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर टूर्नामेंट के अंपायर संदीप कुमार, स्कोरर आदित्य कुमार, कमेंटेटर निरंजन कुमार तथा आयोजन समिति के सदस्य अजीत कुमार, विजय भारती, नीतीश ठाकुर, मनोहर गुप्ता, हीरा दास और शंकर वर्णवाल उपस्थित रहे। मैच देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी दर्शक भी मौजूद थे।

# एडीएम के आदेश की अनदेखी का अंचलाधिकारी पर पीड़ितों ने लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड के सिमारू पंचायत अंतर्गत नबाबचक गांव निवासी शिवकुमार मिस्त्री और उनके पुत्र बबलू विश्वकर्मा ने गुरुआ अंचलाधिकारी पर एडीएम गया के आदेश की अनदेखी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएम) गया के आदेश के बावजूद अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल पाया है। पीड़ितों के अनुसार गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दबंगई के बल पर उनकी निजी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने कई बार गुरुआ अंचलाधिकारी के जनता दरबार में आवेदन दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बबलू विश्वकर्मा ने बताया कि जब उन्होंने इस मामले की शिकायत एडीएम गया से की तो एडीएम ने उनके पक्ष में निर्णय दिया। इसके बाद शनिवार को वे पुनः अंचल अधिकारी के जनता दरबार में पहुंचे। वहां अंचल अधिकारी ने कागजात देखने के बाद उन्हें सही बताया, लेकिन इसके बावजूद जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो यह विवाद किसी बड़ी घटना का रूप ले सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचल प्रशासन इस गंभीर मामले को नजरअंदाज कर रहा है। अंततः पीड़ितों ने मीडिया के माध्यम से गया के जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले में हस्तक्षेप कर अंचल अधिकारी के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए और उन्हें न्याय दिलाया जाए।

# नियमों की अनदेखी करने वालों को दिया गया गुलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर रविवार की सुबह शेरघाटी थाना गेट के सामने मुस्कान फाउंडेशन, के.के. कॉम्पिटेटिव और शेरघाटी थाना पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई के बजाय गांधीगिरी अपनाते हुए बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर भविष्य में हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की गई। अभियान में शामिल मुस्कान फाउंडेशन के फाउंडर इमरोज अली ने कहा कि शेरघाटी थाना क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं जिनका मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी है। लोगों को दंडित करने के




साथ-साथ जागरूक करना भी जरूरी है, ताकि वे स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा को समझ सकें। इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर 'सुरक्षित चलें, सुरक्षित रहें', 'हेलमेट लगाओ, जान बचाओ', 'वाहन धीमा चलाएं, अपना कीमती जीवन बचाएं' और 'सड़क पर एक लापरवाही पूरे परिवार की तबाही' जैसे नारों से वाहन चालकों को जागरूक किया। कुछ पोस्टरों में सड़क पर स्टंट करने के खतरों को भी दर्शाया गया। शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने कहा कि जीवन एक अनमोल रत्न है। यातायात नियमों का पालन कर हम न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकते हैं।

# उप विकास आयुक्त ने किया प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र की अदई पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे सर्वे कार्य का उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार दास ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं स्थल पर पहुंचकर सर्वे प्रक्रिया की बारीकियों का गहन अवलोकन किया। जांच के उपरांत उप विकास आयुक्त ने वर्तमान सर्वे कार्य पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि आवास सर्वे में सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का कड़ाई से



पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आवास योजना के चयन एवं सर्वे में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यदि जांच के दौरान किसी भी स्तर पर गड़बड़ी या फर्जीवाड़ा सामने आता है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बीडीओ विपुल भारद्वाज सहित आवास सहायक एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# वजीरगंज में नरोमा फाउंडेशन की प्रतियोगी परीक्षा में 18 सौ छात्र शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** नरोमा फाउंडेशन की ओर से रविवार को श्री रामानुग्रह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक पवन त्रिपाठी ने बताया कि संस्था द्वारा गुरूजी ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई जिसमें करीब 18 सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चली। इसमें कक्षा आठ से दस तक के पाठ्यक्रम के आधार पर सामान्य ज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, हिंदी और अंग्रेजी विषयों से कुल एक सौ प्रश्न पूछे गए। पवन त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिभागियों का परीक्षाफल एक फरवरी को घोषित किया जाएगा। उसी अवसर पर स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण की भी व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित समारोह में वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, अतरी विधायक रोमित कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह सहित अन्य अतिथि परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। आयोजन को लेकर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा गया।

CMYK

संपादकीय

# मुंबई में 'बीएमसी' चुनाव का नया इशारा

मुंबई महानगर पालिका के चुनाव नतीजों ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया अध्याय जोड़ दिया। ठाकरे ब्रदर्स का बरसों से चला आ रहा वर्चस्व ख़त्म हो गया। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के लंबे वर्चस्व को चुनौती देते हुए, महायुति ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। पहली बार बीजेपी को मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में बहुमत मिला, जो एक बड़ा राजनीतिक परिवर्तन है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना खेमे का साथ बीजेपी को रास आया, जिसने ठाकरे परिवार के पारंपरिक गढ़ को ढहा दिया। यह नतीजा न केवल स्थानीय शासन की दिशा बदलेगा, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय राजनीति पर भी गहरा असर डालेगा। मुंबई महानगरपालिका, दुनिया की सबसे अमीर नगर निगमों में शुमार, ठाकरे परिवार का किला रही है। 1968 से शिवसेना ने यहां लगातार वर्चस्व बनाए रखा। उद्धव ठाकरे के कार्यकाल में बीएमसी पर उनका कंट्रोल रहा। लेकिन, 2022 के विद्रोह के बाद शिंदे गुट ने चुनौती दी। अब 2026 के चुनावों में बीजेपी को 128 सीटें (कुल 227 में से) मिलीं, जबकि शिवसेना (शिंदे) को 75 और एमएनएस को 20। शिवसेना (यूबीटी) को मात्र 30 सीटें ही नसीब हुईं। यह पहली बार है जब बीजेपी को स्वतंत्र बहुमत मिला, जो 227 का आधे से ज्यादा है। राज ठाकरे की एमएनएस भी अपेक्षाकृत कमजोर साबित हुई। यह जीत महायुति की एकजुटता का प्रमाण है। शिंदे का साथ बीजेपी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रहा। मुंबई जैसे शहर में जहां विकास, बुनियादी ढांचा और आवास मुद्दे प्रमुख हैं, बीजेपी ने हिंदुत्व के साथ-साथ शहरी विकास के एजेंडे पर जोर दिया। ठाकरे ब्रदर्स की विभाजित सेनाएं एक-दूसरे के खिलाफ लड़ी, जिससे उनका वोट बैंक बंट गया। उद्धव का 'मराठी मानूस' का नारा भी अब कमजोर पड़ता दिख रहा है। यह नतीजा महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी के लिए बूस्टर है। 2024 के लोकसभा चुनावों में महायुति की मजबूती देखी गई थी, अब बीएमसी की जीत ने इसे और मजबूत किया। राज्य सरकार की स्थिरता भी बढ़ेगी, क्योंकि बीएमसी का बजट 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का है। इससे सड़कें, जल आपूर्ति, कचरा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में नई परियोजनाएं शुरू होंगी। बीजेपी नेता जैसे अमित शाह ने इसे 'मोदी की लोकप्रियता' का प्रमाण बताया। दूसरी ओर, ठाकरे ब्रदर्स के लिए यह झटका है। उद्धव ठाकरे की पार्टी को सुप्रीम कोर्ट में नाम विवाद हारना पड़ा और अब बीएमसी हार ने उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। राज ठाकरे, जो कभी बाला साहेब के उत्तराधिकारी बने, अब हाशिए पर हैं। एमएनएस का वोट शेयर घटकर 8 प्रतिशत रह गया। मुंबई की 1.2 करोड़ आबादी के लिए यह बदलाव मायने रखता है। बीएमसी में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। ठाकरे युग में बड़े ठेके और अनियमितताएं चर्चा में रहीं। अब बीजेपी का बहुमत पारदर्शिता ला सकता है। उदाहरण के लिए एंटी-एनक्रोचमेंट ड्राइव तेज होगी और मुंबई को 'वर्ल्ड क्लास सिटी' बनाने की योजनाएं लागू होंगी। हालांकि, विपक्ष चेतावनी दे रहा है कि बीजेपी का 'उत्तर भारतीय' एजेंडा मराठी अस्मिता को नुकसान पहुंचा सकता है। शहरी गरीबों, झोपड़पट्टी वासियों के लिए आवास योजनाएं महत्वपूर्ण होंगी। पर्यावरणीय मुद्दे जैसे तटीय सड़क परियोजना पर तेजी आएगी। लेकिन ट्रैफिक, बाढ़ और महंगाई के रूप में चुनौतियां बरकरार हैं। ठाकरे ब्रदर्स का मुंबई में खेल खत्म होते दिख जरूर रहा है, लेकिन राजनीति अप्रत्याशित है। उद्धव शायद विपक्षी एकता से पुनरुत्थान की कोशिश करेंगे। जबकि, इस जीत से शिंदे-फडणवीस गठजोड़ मजबूत होगा। राष्ट्रीय स्तर पर यह बीजेपी की शहरी रणनीति का हिस्सा है। लोकतंत्र में जनादेश सर्वोपरि है और यह जीत विकास और शासन पर आधारित लगती है। मुंबई अब नई शुरुआत की ओर बढ़ रही है। क्या यह स्थायी परिवर्तन होगा या अस्थायी यह तो समय बताएगा।

# पश्चिम एशिया की राजनीति पर ईरान का संकट

**आज का ईरान इतिहास के ऐसे निर्णायक मोड़ पर खड़ा है जहाँ आर्थिक बदहाली, सामाजिक अशांति और भू-राजनीतिक टकराव एक-दूसरे में घुलकर एक गहरे और अस्थिर संकट का रूप ले चुके हैं। ईरान के विभिन्न शहरों में भड़क रहे जन-आंदोलन केवल क्षणिक जनाक्रोश की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे उस संरचनात्मक विफलता की ओर संकेत करते हैं, जिसकी जड़ें बेलगाम महँगाई, बढ़ती बेरोज़गारी, मुद्रा के अवमूल्यन और शासक व्यवस्था तथा युवा, हताश होती जा रही आबादी के बीच गहराते अंतर में निहित हैं। वर्तमान असंतोष को पूर्व आंदोलनों से अलग करने वाली बात इसकी व्यापकता और निरंतरता है। यह असंतोष वर्ग, जातीयता और क्षेत्रीय सीमाओं को पार करता हुआ आर्थिक पीड़ाओं को राजनीतिक असहमति में रूपांतरित कर चुका है। तेहरान जब इस आंतरिक उथल-पुथल को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है, तब इसके प्रभाव ईरान की सीमाओं से कहीं आगे तक महसूस किए जा रहे हैं, जिससे पश्चिम एशिया में भूचाल-सरीखे झटके उत्पन्न हो रहे हैं और भारत सहित क्षेत्रीय व वैश्विक शक्तियों को अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने को विवश होना पड़ रहा है।**

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**



ईरान के घरेलू संकट के मूल में एक अत्यंत दबावग्रस्त अर्थव्यवस्था है। वर्षों से चले आ रहे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने, जिनके साथ शासन की अक्षमता और क्षेत्रीय हस्तक्षेप भी जुड़े रहे, आम नागरिक के जीवन की बुनियादी संरचना को कमजोर कर दिया है। महँगाई ऐसे स्तर तक पहुँच चुकी है जिसने मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है और रोज़मर्रा की आवश्यक वस्तुओं को आम लोगों की पहुँच से बाहर कर दिया है। रियाल मुद्रा का तीव्र अवमूल्यन केवल क्रय-शक्ति की गिरावट का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह राज्य की आर्थिक प्रबंधन क्षमता पर जनता के विश्वास के क्षरण का भी संकेत है। जहाँ पहले विरोध प्रदर्शन मुख्यतः शहरी अभिजात वर्ग या किसी एक सामाजिक समूह तक सीमित रहते थे, वहीं वर्तमान आंदोलन में बाज़ारों के व्यापारी, श्रमिक, छात्र और हाशिए पर खड़े समुदाय सभी शामिल हैं। यह साझा आर्थिक पीड़ा एक ऐसे असामान्य गठबंधन को जन्म दे रही है, जो व्यवस्था के लिए कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण सिद्ध हो रहा है।

समय के साथ यह आर्थिक संकट राजनीतिक रूप धारण करता जा रहा है। अब प्रदर्शनकारी केवल नीतिगत विफलताओं पर प्रश्न नहीं उठा रहे, बल्कि शासन-व्यवस्था की वैधता पर भी सीधा सवाल कर रहे हैं। राज्य की प्रतिक्रिया, जिसमें बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियाँ, इंटरनेट बंदी और बल प्रयोग शामिल हैं- नई नहीं है, किंतु इस बार दाँव कहीं अधिक ऊँचे हैं। ईरान की जनसंख्या अपेक्षाकृत युवा है, वैश्विक दुनिया से अधिक जुड़ी हुई है और उन वैचारिक आख्यानों को स्वीकार करने को तैयार नहीं, जो हर असहमति को विदेशी साज़िश बताकर खारिज कर देते हैं। दमन की प्रत्येक कार्रवाई शासकों और जनता के बीच की खाई को और चौड़ा कर रही है, जिससे शासन की स्थिरता और अधिक असुरक्षित होती जा रही है तथा लंबे समय तक चलने वाली अस्थिरता का खतरा बढ़ रहा है। इसके बावजूद, ईरानी शासन के पास नियंत्रण के शक्तिशाली साधन अब भी मौजूद हैं। इस व्यवस्था के केंद्र में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) है, जो केवल एक सैन्य बल नहीं, बल्कि एक विशाल राजनीतिक-आर्थिक संरचना भी है, जिसकी व्यवस्था की निरंतरता में गहरी हिस्सेदारी है। सुरक्षा, उद्योग और क्षेत्रीय सहयोगी नेटवर्कों में आईआरजीसी का प्रभाव शासन को असंतोष दबाने और सीमाओं के बाहर शक्ति प्रक्षेपित करने में सक्षम बनाता है। किंतु राजनीति का यह बढ़ता सैन्यीकरण दीर्घकालिक लागत भी लेकर आता है। जब सहमति का स्थान बल ले लेता है, तब व्यवस्था की आंतरिक दुर्बलता उजागर हो जाती है और सुधार या संवाद की संभावनाएँ सीमित हो जाती हैं।

ईरान का यह आंतरिक संकट पहले से ही संघर्षों से जूझ रहे क्षेत्र में गूंज पैदा कर रहा है। इराक, सीरिया, लेबनान और यमन में सहयोगी मिलिशिया और राजनीतिक ताकतों के माध्यम से ईरान का प्रभाव फैला हुआ है, जिसे प्रायः 'प्रतिरोध की धुरी' कहा जाता है। घरेलू अस्थिरता के लंबे खिंचने से यह प्रश्न उठता है कि क्या ईरान इस नेटवर्क को बनाए रखने में सक्षम रहेगा। एक कमजोर ईरान जहाँ अपने बाहरी हस्तक्षेप कम कर सकता है, वहीं वह राष्ट्रवादी भावनाओं को उभारने या कथित खतरों को रोकने के लिए अधिक आक्रामक रुख भी अपना सकता है। यह अनिश्चितता विशेष रूप से खाड़ी देशों को चिंतित करती है, जिन्हें ईरान के पतन और उसके आक्रामक व्यवहार दोनों से भय है।

ईरान की उथल-पुथल पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया एक परिचित विभाजन को दर्शाती है। अमेरिका और इज़राइल इस संकट को मुख्यतः सुरक्षा और परमाणु जोखिम के दृष्टिकोण से देखते हैं। वॉशिंगटन के लिए ईरान पर आंतरिक दबाव उसके क्षेत्रीय व्यवहार और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को सीमित करने का एक साधन है, भले ही इससे गलत आकलन का खतरा बना रहे। इज़राइल ईरान को अस्तित्वगत खतरे के रूप में देखता है और अस्थिरता को एक अवसर तथा एक जोखिम, दोनों के रूप में परखता है। अवसर इसलिए कि शत्रुतापूर्ण शासन कमजोर हो सकता है, और जोखिम इसलिए कि अराजकता परमाणु तनाव या प्रॉक्सी युद्धों को तेज कर सकती है। इस संदर्भ में सार्वजनिक बयानबाज़ी और गुप्त कार्रवाइयाँ तनाव घटाने के बजाय ईरान की कठोरता को और बढ़ा सकती हैं।

इसके विपरीत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे क्षेत्रीय खिलाड़ी अधिक सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। आर्थिक विविधीकरण और क्षेत्रीय स्थिरता में भारी निवेश कर चुके ये देश जानते हैं कि ईरान का पतन शरणार्थी संकट, ऊर्जा बाज़ारों में उथल-पुथल और सांप्रदायिक हिंसा को जन्म दे सकता है। वे ईरानी प्रभाव में कमी का स्वागत कर सकते हैं, लेकिन ऐसे शक्ति-शून्य से भी डरते हैं जो उनकी विकास योजनाओं को पटरी से उतार दे। यह व्यावहारिक तटस्थता क्षेत्र में वैचारिक टकराव से हटकर जोखिम प्रबंधन और आर्थिक प्राथमिकताओं की ओर बढ़ते झुकाव को दर्शाती है।

रूस और चीन ईरान की स्थिति को आंतरिक मामला बताते हुए संप्रभुता और गैर-हस्तक्षेप पर बल देते हैं। मॉस्को के लिए ईरान सीरिया में एक रणनीतिक साझेदार और पश्चिमी प्रभाव के विरुद्ध संतुलन का साधन है, जबकि बीजिंग ऊर्जा सुरक्षा और बेल्ट एंड रोड पहल के तहत दीर्घकालिक संपर्क को प्राथमिकता देता है। फिर भी, ये दोनों शक्तियाँ ईरान की आंतरिक दिशा को निर्णायक रूप से प्रभावित करने में सक्षम या इच्छुक प्रतीत नहीं होतीं। उनका समर्थन कूटनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है, किंतु वह घरेलू वैधता या आर्थिक पुनरुत्थान का विकल्प नहीं बन सकता।

भारत के लिए ईरान की उथल-पुथल तात्कालिक और बहु-स्तरीय चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। प्रतिबंधों के कारण भले ही भारत का प्रत्यक्ष आर्थिक जुड़ाव कम हुआ हो, पर व्यापक प्रभाव अत्यंत गहरे हैं। अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरेशिया तक भारत की पहुँच में ईरान की भू-रणनीतिक भूमिका अहम है, विशेषकर चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के माध्यम से। लंबे समय तक बनी रहने वाली अस्थिरता या कड़े प्रतिबंध इन संपर्क परियोजनाओं को कमजोर कर सकते हैं, जिससे भारत की रणनीतिक क्षमता और क्षेत्रीय आकांक्षाएँ प्रभावित होंगी।

ऊर्जा सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का एक बड़ा क्षेत्र है। प्रत्यक्ष संघर्ष के बिना भी ईरान में अस्थिरता वैश्विक ऊर्जा बाज़ारों में अनिश्चितता पैदा करती है, विशेषकर यदि होर्मुज़ जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ता है। समुद्री व्यापार मार्गों में बाधा आने से परिवहन और बीमा लागत बढ़ सकती है, जिसका प्रभाव भारत में महँगाई पर पड़ेगा। यदि सैन्य टकराव जैसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसका आर्थिक दुष्प्रभाव केवल तेल कीमतों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्यापार, निवेश और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा तक फैलेगा।

अध्यात्म

## घमंड की वजह से हमारी सारी अच्छाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है

पुराने समय में एक राजा अपनी प्रजा के सुख का पूरा ध्यान रखता था। वह बहुत ही धार्मिक और संस्कारी था। जब उसका जन्मदिन आया तो उसने सोचा कि आज मुझे किसी एक व्यक्ति की सारी इच्छाएं पूरी करनी चाहिए। पूरे राज्य की प्रजा अपने प्रिय राजा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए राजमहल पहुंची। प्रजा के साथ ही एक संत भी बधाई देने आए थे। राजा साधु-संतों का बहुत सम्मान करता था। वह संत से मिलकर बहुत प्रसन्न हुआ। उसने संत से कहा कि गुरुदेव आज मैंने प्रण किया है कि मैं किसी एक व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी करूंगा। मैं आपकी सभी इच्छाएं पूरी करना चाहता हूं। आप मुझसे जो चाहें मांग सकते हैं।

संत ने कहा कि मैंने तो सांसारिक जीवन त्याग दिया है, मैं राज्य से बाहर रहता हूं, दिनभर भगवान की भक्ति में लगा रहता हूं, मुझे किसी चीज की जरूरत नहीं है। अगर आप कुछ देना ही चाहते हैं तो खुद की इच्छा से मुझे कुछ भी दे सकते हैं।

ये सुनकर राजा सोचने लगा कि संत को क्या देना चाहिए, उसने कहा कि मैं आपको एक गांव दे देता हूं। संत ने कहा कि नहीं महाराज, गांव तो वहां रहने वाली प्रजा का है। आप तो सिर्फ उस गांव के रक्षक हैं। राजा ने कहा आप ये महल ले लीजिए। संत बोलें कि ये भी आपके राज्य का ही है। यहां बैठकर आप प्रजा की भलाई के लिए काम करते हैं। ये भी प्रजा की संपत्ति है। बहुत सोचने के बाद कहा कि आप मुझे अपना सेवक बना लें। मैं खुद को सपर्पित करता हूं। संत ने कहा कि नहीं महाराज, आप पर तो आपकी पत्नी और बच्चों का अधिकार है। मैं आपको अपनी सेवा में नहीं रख सकता हूं।

संत के तर्क सुनकर राजा परेशान हो गया, उसने कहा कि गुरुदेव अब आप ही बताएं, मैं आपको क्या दूं? संत ने कहा कि राजन् आप मुझे अपना अहंकार दे दीजिए। आज अपने अहंकार का त्याग करें, ये एक बुराई है, इसे इंसान आसानी से छोड़ नहीं पाता है। अहंकार की वजह से व्यक्ति के जीवन में कई परेशानियां आती हैं। राजा को अपनी गलती का अहसास हो गया कि वह किसी भी व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी कर सकता है। उसने अहंकार छोड़ने का संकल्प ले लिया।

# डिजिटल शोर में शब्दों का शाश्वत स्वर

**जब दुनिया तेजी से डिजिटल स्क्रीन पर सिमटती जा रही है और पढ़ने की आदत को लेकर लगातार चिंता व्यक्त की जाती रही है। ऐसे में यह आयोजन न केवल किताबों का बाजार है बल्कि यह उम्मीद का वह दीप भी है, जो बताता है कि शब्दों की रोशनी अब भी मनुष्यता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास और भारतीय पुस्तक संवर्धन संगठन के सहयोग से आयोजित यह नौ दिवसीय मेला इस वर्ष कई मायनों में ऐतिहासिक है। पहली बार इसकी एंट्री पूरी तरह मुफ्त रखी गई है, जिससे ज्ञान तक पहुंच को सचमुच लोकतांत्रिक बनाया गया है। यह कदम केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि उस सोच का विस्तार है, जिसमें किताबों को किसी विशेष वर्ग की वस्तु नहीं बल्कि समाज की साझा धरोहर माना गया है। जब किसी मेले में प्रवेश के लिए जेब नहीं, केवल जिज्ञासा की जरूरत हो तो वहां ज्ञान अपने आप ही जनांदोलन का रूप ले लेता है।**

**योगेश कुमार गोयल**

इस वर्ष पुस्तक मेले की थीम 'भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और ज्ञान-75' अपने आप में गहरी अर्थवत्ता समेटे हुए है। आजादी के 75 वर्षों की यात्रा में भारत ने केवल सीमाओं की रक्षा ही नहीं की बल्कि रणनीतिक बुद्धिमत्ता, वैज्ञानिक प्रगति और मानवीय मूल्यों के साथ सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाया है। हॉल नंबर 5 में बना थीम पवेलियन एक जीवंत इतिहास बनकर सामने आता है, जहां अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस की प्रतिकृतियां केवल तकनीकी उपलब्धियां नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की कहानी कहती हैं। 21 परमवीर चक्र विजेताओं को समर्पित श्रद्धांजलि स्थल यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता और सुरक्षा केवल शब्द नहीं बल्कि अनगिनत बलिदानों का परिणाम हैं। यहां प्रदर्शित 500 से अधिक पुस्तकें और 100 से अधिक थीम आधारित कार्यक्रम सैन्य इतिहास को केवल युद्धों की कथा नहीं, नीति, विज्ञान और राष्ट्र निर्माण के व्यापक संदर्भ में प्रस्तुत करते हैं।

मेले का उद्घाटन करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पुस्तकों को पीढ़ियों को जोड़ने वाला सेतु बताया। पुस्तकें सभ्यताओं की स्मृतियों को संजोती हैं और समाज को दिशा देती हैं। डिजिटल युग में ज्ञान को सुलभ और समावेशी बनाने की सरकार की प्राथमिकता इस मेले में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय के माध्यम से 23 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध 6000 से ज्यादा मुफ्त ई-बुक्स और टेक्स्ट-टू-स्पीच जैसी सुविधाएं यह साबित करती हैं कि तकनीक और पुस्तकें एक-दूसरे की विरोधी नहीं बल्कि पूरक हो सकती हैं। यह मेला इस बहस को भी विराम देता है कि डिजिटल माध्यम छपी हुई किताबों का स्थान ले लेंगे। यहां दोनों एक साथ, एक-दूसरे को मजबूत करते दिखाई देते हैं।

विश्व पुस्तक मेले की सबसे सुंदर तस्वीर शायद वह है, जहां जेन-जी के युवा, जिन्हें अक्सर 'स्क्रीन की पीढ़ी' कहकर किताबों से दूर मान लिया जाता है, कागज के पन्नों में डूबे नजर आते हैं। पिक्सल्स के शोर से निकलकर वे शब्दों की गहराई को टटोलते हैं, अपनी पसंदीदा किताबें ढूंढ़ते हैं और बताते हैं कि तकनीक चाहे जितनी आगे बढ़ जाए, सुकून आज भी किताबों में बंद ज्ञान से ही मिलता है। कतर पवेलियन में हिंदी और उर्दू के तैरते अक्षरों को देखकर तकनीक में निपुण युवा भी ठहर जाते हैं। वे लुप्त होते पारंपरिक खेलों, गायब होते पक्षियों और सांस्कृतिक स्मृतियों की किताबों में खुद को खोजते हैं। यह दृश्य इस बात का प्रमाण है कि युवा पीढ़ी को किताबों से दूरी नहीं बल्कि सही मंच और माहौल की जरूरत है।

इस वर्ष मेले की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति भी उल्लेखनीय है। 35 से अधिक देशों के 1000 से ज्यादा प्रकाशक, 1000 से अधिक लेखक और वक्ता तथा 600 से ज्यादा साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम इसे सचमुच वैश्विक उत्सव बनाते हैं। कतर का गेस्ट ऑफ ऑनर और स्पेन का फोकस कंट्री होना भारत के सांस्कृतिक कूटनीति के विस्तार को दर्शाता है। स्पेन-भारत ड्यूल ईयर 2026 के तहत दोनों देशों के लेखकों और साहित्य को मिला मंच यह बताता है कि किताबें केवल पढ़ने की वस्तु नहीं बल्कि देशों के बीच संवाद का माध्यम भी हैं। पुस्तक मेले की सांस्कृतिक आभा इसे और जीवंत बनाती है। एम्फीथिएटर में हर शाम संगीत, कविता पाठ और नाट्य प्रस्तुतियां आयोजित हो रही हैं, जहां शब्दों के साथ सुर और अभिनय मिलकर संस्कृति का उत्सव रचते हैं। यहां बुजुर्ग किताबों के बीच बने सेल्फी प्वाइंट पर मुस्कुराहटें कैद करते हैं तो बच्चे 'किड्ज एक्सप्रेस' पवेलियन में कहानी सत्रों और रचनात्मक गतिविधियों के जरिए सीखने की नई दुनिया में कदम रखते हैं। बच्चों के लिए यह मेला केवल मनोरंजन नहीं बल्कि एक ऐसा अनुभव है, जो उनके मन में किताबों के प्रति आजीवन प्रेम बो सकता है।



नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले का इतिहास भी इसकी महत्ता को और गहराई देता है। 1972 में विंडसर प्लेस से शुरू हुआ यह सफर आज 53 वर्षों का हो चुका है। तब केवल 200 प्रकाशक और कुछ ही देश शामिल होते थे, आज यह एशिया के सबसे बड़े और दुनिया के सबसे बड़े बी2सी बुक फेयर में गिना जाता है। यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि बदलते समय के बावजूद पुस्तकों का महत्व कम नहीं हुआ बल्कि हर दौर में नए रूप में सामने आया है। पुस्तकें केवल जानकारी नहीं देती, वे सोचने की क्षमता विकसित करती हैं। इलैक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया हमें त्वरित सूचनाएं तो देते हैं लेकिन अक्सर निष्क्रिय स्वीकृति की आदत डाल देते हैं। इसके विपरीत, पुस्तकें ध्यान, एकाग्रता और कल्पनाशीलता की मांग करती हैं। वे प्रश्न पूछने की क्षमता जगाती हैं और उत्तर खोजने का धैर्य सिखाती हैं। जब हम अकेले होते हैं, उदास या परेशान होते हैं, तब किताबें ही सच्ची मित्र बनकर हमारा साथ देती हैं। यही कारण है कि साहित्यकारों ने सदैव पुस्तकों को अखंड संपत्ति और नैतिकता की संदेशवाहक माना है।

आज जब समयाभाव के नाम पर हम पढ़ने से कतराने लगे हैं, तब विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन हमें यह याद दिलाते हैं कि ज्ञान कभी बेकार नहीं होता। किताबें विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और पहचानों को एक साझा विरासत के इर्द-गिर्द जोड़ती हैं। अर्नेस्ट हेमिंग्वे के शब्दों में, एक अच्छी किताब से ईमानदार मित्र कोई नहीं होता। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 इसी मित्रता का उत्सव है, जहां शब्द, विचार और संस्कृति एक-दूसरे से गले मिलते हैं। कुल मिलाकर, यह मेला केवल किताबों की खरीद-फरोख्त का स्थान नहीं बल्कि पढ़ने की संस्कृति का सबसे बड़ा सार्वजनिक उत्सव है। यह युवाओं को यह संदेश देता है कि भविष्य केवल तकनीक से नहीं, विचारों से बनता है। यह बच्चों को यह अहसास कराता है कि किताबें उनके जीवन की साथी हो सकती हैं, साथ ही यह समाज को भी स्मरण कराता है कि शब्दों की शक्ति कभी समाप्त नहीं होती। बिना टिकट, बिना बाधा और बिना भेदभाव, नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2026 ज्ञान, इतिहास, संगीत और संस्कृति का वह संगम है, जो सचमुच इसे बेहद खास बनाता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी रिश्तेदार की आपको सहायता करनी पड़ सकती है। इससे आपका मन अत्यन्त प्रसन्न रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी।

**वृषभ**
विद्यार्थी उच्च शिक्षा की तैयारी करेंगे। किसी पर भी आँख-मूँदकर भरोसा न करें। ऑफिस का कोई अति महत्वपूर्ण कार्य आपके सामने आ सकता है।

**मिथुन**
आपके बारे में लोगों की राय मिश्रित रहेगी। लोग मीठा बोलकर आपसे अपने काम करवाने का प्रयास करेंगे। आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क**
फाइनेन्स सम्बन्धी कार्यों से जुड़े अवरोध दूर होंगे। अपनी प्रबल इच्छाशक्ति से सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लेंगे। पदोन्नति के योग प्रबल हैं।

**सिंह**
पारिवारिक समस्याओं के कारण मन विचलित हो सकता है। छोटे उद्योग कर रहे लोगों को कठिनाई हो सकती है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा।

**कन्या**
आज केवल आवश्यक कार्यों को ही प्राथमिकता दें। रिश्तों को लेकर कुछ असमंजस भरी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपका अपमान हो सकता है। यह भी सम्भव है कि आप ही सही हों लेकिन सही बात कहने पर भी आप लोगों के सामने बुरे बन सकते हैं।

**वृश्चिक**
अच्छे मित्रों के संयोग से मन प्रफुल्लित रहेगा। पैतृक सम्पदा प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। सन्तान के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं।

**धनु**
आप लोगों के लिये प्रेरणास्रोत बनाकर उभरेंगे। पूर्वनिर्धारित कार्यों की योजना समय से पहले बना लें। समय का सदुपयोग करेंगे। इन्श्योरेंस जैसे कार्यों से अधिक लाभ प्राप्त होगा।

**मकर**
जीवनसाथी के प्रति अपनापन और प्रेम दोनों ही बढ़ेगा। व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपनी प्रोडक्ट की गुणवत्ता पर ध्यान देना पड़ेगा। अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में अचानक परिवर्तन हो सकते हैं। पहले की गयी मेहनत से आपको लाभ मिलेगा। आर्थिक परेशानियों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा।

**मीन**
मधुमेह के रोगियों को दवाओं के प्रयोग में लापरवाही नहीं करनी चाहिये। अपच के कारण मुँह में छाले पड़ सकते हैं। अनावश्यक कहीं बाहर न जायें।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पैदल व्यक्ति को कुचला, मौके पर मौत

## बिहटा-सरमेरा फोरलेन पर हादसे के बाद अफरातफरी, वाहन में तोड़फोड़, लंबा जाम

**फुलवारीशरीफ/मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना के पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत नदपुरा गांव के पास बिहटा-सरमेरा फोरलेन पर शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा इतना भीषण था कि पीड़ित ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और सड़क पर खून फैल गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जटडुमरी की ओर से नौबतपुर की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि व्यक्ति कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया. आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी. हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-



तफरी मच गई. चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए. मृतक को सड़क पर पड़ा देख लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आक्रोशित भीड़ ने हादसे में शामिल स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ दिए. कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई और मौके पर भगदड़ जैसी हालत बन गई. हादसे के कारण बिहटा-सरमेरा फोरलेन पर लंबा जाम लग गया. दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और यात्री घंटों जाम में फंसे रहे. सड़क पर मृतक का शव पड़े रहने के कारण लोग गाड़ियों से उतरकर हंगामा करने लगे. सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया और यातायात को धीरे-धीरे बहाल कराया. बताया जाता है कि मृतक देर शाम काम खत्म कर पैदल अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल पुनपुन थाना पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजने की प्रक्रिया शुरू की. पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नदपुरा गांव निवासी लक्ष्मण दास के रूप में हुई है. वह जग नारायण दास के पुत्र बताए जा रहे हैं. हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया. परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया. गांव के लोग मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे रहे. इस संबंध में पुनपुन थाना पुलिस का कहना है कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हादसा तेज रफ्तार, लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुआ. इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर तेज रफ्तार वाहनों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## संक्षिप्त समाचार

### पार्षद आरती देवी का निधन, शोक की लहर

**दानापूर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद वार्ड 3 के पार्षद सह सशक्त समिति सदस्य आरती देवी का हदय गति रूकने से मौत हो गई. उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है. उनके पति पूर्व पार्षद सुरेंद्र प्रसाद चौरसिया ने बताया कि शनिवार की देर रात अचानक तबीयत खराब हुआ और उनकी मौत हो गई. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव , नप के ईओ पंकज कुमार , नप के उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजनाथ उर्फ राजू जायसवाल समेत पार्षदों ने उनके परिजनों को मुलकात कर सांत्वना दी. पार्षद की मौत की खबर सुनते हीं नगर परिषद से जुड़े लोगों तथा आम लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है तथा सभी हत्प्रभ हैं. रविवार को शेरपुर घाट पर अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया है.

### गुरु गोविंद सिंह के 359वां प्रकाशोत्सव पर अभिनंदन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरु गोविंद सिंह का 359वां प्रकाशोत्सव नगर के न्यू कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा में श्रद्धापूर्वक मनाया गया. प्रबंधक कमेटी दानापुर खगौल समूह संगत के द्वारा सरदार गुरमीत सिंह, सरदार मोहन सिंह के सहयोग से भाई धुरी सिंह की देखरेख में तीन दिनों से चल रहे अखंड पाठ की समाप्ति रविवार को हुई. इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु के पास मात्थे टेका और आयोजित अटूट लंगर में प्रसाद चखा. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव भी अपने समर्थकों के साथ गुरुद्वारा पहुंचे. उन्होंने गुरु के सामने मात्थे टेका और कीर्तन का आनंद लिया. उसके बाद सारे समुह के साथ अट्टट लंगर में प्रसाद चखा. गुरुद्वारा प्रबंधक के सदस्य भाई धुरी सिंह ने बताया कि खगौल नगर में एकमात्र यही एक गुरुद्वारा है जो पटना साहिब कमेटी द्वारा संचालित है. यहां गुरु गोविंद सिंह की प्रकाश उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाई गई है. एक माह पूर्व साथ संगत के द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली गई थी. मौके पर ज्योति स्वरूप, मुकेश सिंह, संजय अग्रवाल, मंजय कुमार द्वारा अटूट लंगर में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया.

### घटिया नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के वार्ड संख्या 9 में नाला निर्माण का कार्य कराए जाने का काम शुरू होने के साथ ही घटिया सामग्री और पुराने टूटे-फूटे का काम कराए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों ने इसकी शिकायत अध्यक्ष संजय कुमार उर्फ गाय माता से की अध्यक्ष के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर परिषद के इंजीनियर को योजना स्थल पर जाकर काम का जायजा लेने का निर्देश दिया गया। इसके बाद खलबली मच गई ।संजय कुमार ने खुद योजना स्थल पर जाकर कार्य का जायजा लेने की बात कही और घटिया सामग्री को हटाकर नए सामग्री और बेहतर निर्माण करने का दिशा निर्देश दिया।

### घरेलू विवाद में तीन मंजिले से कूद आत्महत्या का प्रयास

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बिचली मलाही गांव में रविवार की दोपहर 40 वर्षीय भूलेटन पासवान ने घरेलू कल के बाद शराब के नशे में तीन मंजिला छत से चलांग लगा दी। इसके बाद वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। ग्रामीणों के द्वारा उसे जल्दबाजी में बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना जाने की नसीहत दी गई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पति-पत्नी और मां के बीच कहा सुनी हुई इसके बाद युवक ने छलांग लगा दिया।

### सड़क हादसे में दो युवक जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा बख्तियारपुर फोरलेन पर मोटरसाइकिल से जाने के दौरान अचानक मोटरसाइकिल हादसा ग्रस्त हो गया। इस दौरान बाइक चला रहे हैं युवक और पीछे बैठे हुए युवक दोनों जख्मी हो गया। हादसे में 42 वर्षीय सूर्यकांत स्टेशन रोड निवासी और 40 वर्षीय महेश कुमार बाढ़ बाजार बाजार निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों का इलाज बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में कराए जाने के बाद छुट्टी दे दी गई।

### मार्बल मिस्त्री को गोली मारने की धमकी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत लंगरपुर गांव में मार्बल मिस्त्री को बकाया मजदूरी मांगने पर कुछ लोगों ने गोली मारने की धमकी दी है। इस संबंध में पीड़ित बाजितपुर निवासी मिस्त्री राजकुमार ने आरोपी जनार्दन प्रसाद के विरुद्ध केस दर्ज कराया है। मिस्त्री ने बताया कि उसने दो माह पूर्व आरोपी के घर में काम किया था जिसको लेकर 34000 रुपए बाकी था। जब वह मजदूरी मांगने के लिए गया तो उसके साथ मारपीट करते हुए गोली मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

### शेखोपुर प्राथमिक विद्यालय में भीषण चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शेखोपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में अपराधियों ने पहले तल्ला पर स्थित स्टोर रूम के दरवाजे को तोड़कर 14 पंखा, इलेक्ट्रॉनिक सामान तथा खेलकूद सामग्री चोरी कर लिया।इस संबंध में प्रधान शिक्षक अविनाश कुमार ने थाने में केस दर्ज कराया है ।

### बाढ़ में मोबाइल पर मांगी रंगदारी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स** संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत विकास नगर वार्ड नंबर 8 में अपराधियों ने दिलीप साव से मोबाइल पर बड़ी रकम की डिमांड की है ।रुपए नहीं देने पर कॉलर ने जान मारने की भी धमकी दी है। इस संबंध में मोबाइल धारक के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया गया है ।पुलिस ने कॉलर का सीडीआर निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी है ।वहीं पीड़ित सहमा हुआ है।

### शांति समिति की हुई बैठक

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को मनेर थाना के परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। वही थानाध्यक्ष ने कहाकि डीजे बजाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है, पूजा को शांति व सोहार्द माहौल में मनाए। जिसे किसी को भी परेशानी नहीं हो। अगर किसी तरह का तनाव या



उपद्रव की सूचना मिलती है तो पुलिस सख्ती से अपना काम करेंगी। पूजा समिति को किसी भी हाल में लाइसेंस लेना अनिवार्य है। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद, उपाध्यक्ष शंकर यादव, पूर्व उपाध्यक्ष गुड्डु खान, मुखिया लाल किशोर सिंह, मैनेजर राय, पार्षद भूपेंद्र कुमार सहित कई लोग थे।

# सालाना उर्स मुबारक पर हुई चादरपोशी

**मनेर/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के हुद्दापर-पैठान टोली स्थित हजरत सैयद शहीद पिरियानो अली शाह का सलाना उर्स मुबारक मनाया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने बाबा पिरियानो शाह के मजार शरीफ पर चादर पोशी कर अमन-चैन की दुआ मांगी। वहिं पैठान टोली स्थित हजरत सैयद परियानो अली शाह की मजार पर सालाना उर्स में अकीदतमंद जुटे रहे। लोगों ने बाबा के दरबार में मत्था टेककर मन्नतें मांगी। हजरत सैयद शहीद पिरियानो अली शाह के मजार पर मनेर के अलावा अन्य जगहों के अक ीदमन्दो ने चादरपोशी कर अमन चैन की दुआ मांगी। वही मान्यता है कि सच्चे मन से जो भी बाबा के दरबार में मन्नत मांगता है उसकी मुराद पूरी हुई है। सालाना उर्स के अवसर पर बाबा के मजार शरीफ पर कुरानखानी का आयोजन किया गया। मौके पर फिरोज खान, पप्पू खान, हाफिज सरफराज, अरमान खान, सफुल्ला खान, मन्ना खान सहित कई लोग थे।



# कोढा गैंग ने बेऊर में टेंपो सवार बुजुर्ग से लूटे थे एक लाख रुपये, एक गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेऊर थाना क्षेत्र में दिसंबर माह में बुजुर्ग से रुपये लूट की घटना को अंजाम देने वाले कोढा गैंग के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. यह गिरफ्तारी 23 दिसंबर 2025 को हरनीचक में वृद्ध से हुई छपटमारी कांड के अनुसंधान के दौरान की गई है. दिनांक 23.12.2025 को बेऊर थाना अन्तर्गत हरनीचक में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात अपराधकर्मियों ने टेम्पो सवार एक वृद्ध व्यक्ति से एक बैग छीन लिया था, जिसमें एक लाख रुपये नकद थे. पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर बेऊर थाना कांड संख्या 769/25, दिनांक 23.12.2025, धारा 304(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था. नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना के निर्देशन में कांड के सफल उद्भेदन हेतु बेऊर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. अनुसंधान के क्रम में तकनीकी सहयोग एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार



पर इस कांड में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त चिन्टु कुमार यादव, पिता स्वर्गीय दीपक यादव, निवासी नयाटोला, जुड़ावगंज, थाना कोढा, जिला कटिहार को बेऊर मोड़ स्थित महिन्द्रा शोरूम के पास से विधिवत गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 220 पल्सर मोटरसाइकिल तथा वारदात के समय पहना गया स्वेटर और जर्सी बरामद की गई. अभियुक्त की निशानदेही पर छपटमारी में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल को बैरिया बस स्टैंड से जब्त किया गया है. इस कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त चिन्टु कुमार यादव कोढा गैंग का कोर सदस्य निकला था. उक्त घटना में इसकी संलिप्तता के ठोस साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है. इसके विरुद्ध कटिहार जिले के कोढा थाना, मधुबनी जिले के झंझारपुर थाना, मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना, सहरसा जिले के सोनवर्षा थाना सहित अन्य जिलों में लूट, छपटमारी और आपराधिक मामलों में संलिप्तता पाई गई है. गोपालगंज जिले में भी इसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है. इस छापामारी कार्रवाई में पुनि सह थानाध्यक्ष मो. अफसर हुसैन, पुअनि राहुल दास, पुअनि रवि कुमार गुप्ता तथा बेऊर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

# सरस्वती पूजा को लेकर फुलवारी शरीफ में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने पर जोर

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा के अवसर पर रविवार को फुलवारी शरीफ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक का उद्देश्य पर्व के दौरान शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा.



बैठक में फुलवारी शरीफ के डीएसपी, सर्किल इंस्पेक्टर, अंचलाधिकारी, थाना अध्यक्ष, एएसआई सूफियान खान सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे. इसके साथ ही नगर सभापति उप सभापति प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए.अधिकारियों ने कहा कि सरस्वती पूजा श्रद्धा और शांति का पर्व है. सभी समुदाय मिलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराएं, यही शांति समिति का उद्देश्य है. बैठक के दौरान अधिकारियों ने सरस्वती पूजा के दौरान जुलूस, प्रतिमा स्थापना और विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. पूजा पंडालों में निर्धारित समय का पालन, डीजे पर नियंत्रण, अश्लील व भड़काऊ गानों पर पूर्ण प्रतिबंध और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई. पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. पूजा समितियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा गया कि किसी भी समस्या की सूचना तुरंत स्थानीय थाना को दें. बैठक के अंत में उपस्थित लोगों से प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने और पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई.

## नगर थाने में शांति समिति की बैठक

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती पूजा में जुलूस व डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही साथ मूर्ति के भसान को लेकर पूजा समितियां को रूट चार्ट भी निकट के थाना को देना होगा। बगैर अनुमति किसी भी पूजा समिति की ओर से पूजा का आयोजन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा सड़क पर अगर चंदा वसूली हुई तो वसूली करने वाले पूजा समितियां के सदस्यों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने कहीं। वे रविवार को नगर थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सरस्वती पूजा का पर्व प्रेम भाईचारा व शांति के बीच बनाया जाए इसको लेकर सरकार की ओर से गाइड जारी गाइडलाइन को पूजा समिति के सदस्यों के साथ-साथ नगर के गणमान्य लोगों को अवगत कराया गया।

# धूप ने दी दिन में राहत, लेकिन शाम ढलते ही कोहरा और ठंड ने जकड़ा पटना

## धूप-ठंड का दोहरा असर, दिन में राहत तो शाम ढलते ही बढ़ती है कंपकंपी

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के मौसम में धीरे-धीरे बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं. सुबह और शाम जहां ठंड और कोहरे का असर बना हुआ है, वहीं दिन चढ़ते ही निकल रही तेज धूप लोगों को राहत दे रही है. मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है. तापमान में इस बढ़ोतरी के बावजूद ठंड पूरी तरह खत्म नहीं होगी और खासकर सुबह-शाम लोगों को ठिठुरन झेलनी पड़ेगी. रविवार की सुबह पटना समेत राज्य के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा. सुबह करीब 7:30 बजे तक दृश्यता बेहद कम रही. हालात ऐसे रहे कि सड़कों पर वाहनों को लाइट जलाकर चलना पड़ा. राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर रफ्तार थमी रही और आम लोग भी सतर्क नजर आए. कोहरे और ठंडी हवाओं के कारण सुबह के समय ठंड का असर पूरी तरह छाया रहा. सुबह के बाद जैसे-जैसे धूप निकली, कोहरा धीरे-धीरे छंटने लगा. दिन भर आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली रही. धूप निकलने के बाद ठंड से कुछ राहत मिली और बाजारों, चौक-चौराहों तथा सड़कों पर सामान्य चहल-पहल लौटती दिखी. लोग रोजमर्रा के कामों के लिए घरों से बाहर निकले और धूप का आनंद लेते नजर आए. हालांकि राहत ज्यादा देर तक टिक नहीं पाई. शाम ढलते ही एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला और ठंडी हवाओं के साथ ठंड का असर तेजी से बढ़ने लगा. सूर्य अस्त होते ही तापमान में गिरावट महसूस की गई और लोगों को फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा. रात बढ़ने के साथ ठंड और ज्यादा चुभने लगी. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा. शनिवार को पूरे बिहार में अधिकतम तापमान 22.0 से 28.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया. राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस गोपालगंज में दर्ज हुआ, जबकि सबसे कम अधिकतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस मुजफ्फरपुर में रहा. न्यूनतम तापमान की बात करें तो राज्य का न्यूनतम तापमान 5.0 से 12.2 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा. सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेल्सियस राजगीर में रिकॉर्ड किया गया. दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट भी दर्ज की गई. कोहरे की स्थिति भी चिंता का विषय बनी हुई है. गया जी में न्यूनतम दृश्यता घटकर मात्र 50 मीटर दर्ज की गई. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक राज्य के एक-दो स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना बनी हुई है, जिससे सुबह के समय यातायात प्रभावित हो सकता है.

## एफसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोतीलाल उच्चतर विद्यालय स्थित स्टेडियम में शनिवार को एफसीसी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रभावती शिशु हेल्थ केयर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आर. कुमार ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।उद्घाटन मैच कुंदन इलेवन क्रिकेट क्लब अहवर और मछली लोक बेतिया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर कुंदन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में शानदार प्रदर्शन कर मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में मछली लोक बेतिया की टीम कुंदन इलेवन की सधी हुई गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग के सामने टिक नहीं सकी।

# रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप में कक्षा 10 की प्री-बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, पीटीएम में विद्यार्थी व अभिभावक हुए सम्मानित

**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप में कक्षा 10 के प्री-बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) प्राचार्य दशरथ साह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। विद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा 10 के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। घोषित आंकड़ों के मुताबिक 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 4 प्रतिशत रही, जबकि 90 से 95 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 5 प्रतिशत दर्ज की गई। वहीं 85 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 8 प्रतिशत तथा 80 से 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 प्रतिशत रही। पीटीएम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कमजोरियों व आगे की तैयारी को लेकर अभिभावकों से विस्तार से चर्चा की। विद्यालय के चेयरमैन परमेश्वर सिंह निदेशक राकेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह, एकेडमिक इंचार्ज उमेश कुमार सिंह, एचआर हेड अरविंद श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह, शिक्षक विक्की सिंह, वीर सिंह राजपूत, संतोष कुमार ठाकुर, गुफरान हासिब, प्रिंस कुमार, वसंत राय आदि ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम व अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।



# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना में नर्सिंग छात्रों के लिए आभासी वास्तविकता आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल का प्रदर्शन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग एवं नर्सिंग महाविद्यालय की ओर से नर्सिंग शिक्षा को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम पहल की गई. झपाइगो बिहार, बिहार नर्सिंग पंजीकरण परिषद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना एवं नवाचार आधारित स्टार्टअप एओनिक्स के सहयोग से तथा आईसीआईसीआई फाउंडेशन, पटना के वित्तीय सहयोग से नर्सिंग शिक्षा के लिए आभासी वास्तविकता आधारित मॉड्यूल का प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया. यह कार्यक्रम 17 जनवरी 2026 को एम्स पटना परिसर में आयोजित हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार के नर्सिंग




छात्रों की क्षमता निर्माण, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाना रहा, ताकि आभासी वास्तविकता आधारित अनुभवात्मक तकनीक को नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके. कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए डॉ. शमशाद अहमद, अतिरिक्त प्राध्यापक, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग, एम्स पटना ने कहा कि आभासी वास्तविकता तकनीक नर्सिंग शिक्षा में व्यावहारिक कौशल अर्जन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. इससे छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों के समान प्रशिक्षण का अनुभव मिलेगा. झपाइगो बिहार के कार्यक्रम निदेशक डॉ. नरोत्तम प्रधान ने आभासी वास्तविकता मॉड्यूल के विकास की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें एम्स पटना द्वारा तकनीकी एवं शैक्षणिक स्तर पर महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है. प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय, अधिष्ठाता (अनुसंधान) एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग, एम्स पटना ने नर्सिंग कैडर में आभासी वास्तविकता तकनीक के भविष्यगत उपयोग और इसके विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि इस तकनीक के माध्यम से नर्सिंग शिक्षा को और अधिक व्यावहारिक एवं प्रभावी बनाया जा सकता है. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) पूनम प्रसाद भदानी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक), एम्स पटना ने अपने संबोधन में चिकित्सा एवं नर्सिंग शिक्षा में आभासी वास्तविकता के शैक्षणिक एकीकरण पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचारी शिक्षण उपकरण बिहार के स्वास्थ्य कार्यबल को सुदृढ़ करने में सहायक साबित होंगे. कार्यक्रम का समापन अनुभवात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने आभासी वास्तविकता हेडसेट और मॉड्यूल का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया.

# नुक्कड़ नाटक 'भूकंप से बचें' ने दिया आपदा से सुरक्षा का संदेश

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के तहत वाल्मी परिसर में 'भूकंप से बचें' नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति की गई. महेश चौधरी द्वारा लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे के निर्देशन में प्रस्तुत इस नाटक ने दर्शकों को भूकंप से बचाव के प्रति जागरूक किया. नाटक की शुरूआत करण कुमार के स्वरबद्ध गीत 'हिलता बिहार-नेपाल, भूकंप बार-बार आवता भईया' से हुई, जिसने शुरूआत में ही गंभीर माहौल बना दिया. प्रस्तुति के माध्यम से भूकंप से पहले, दौरान और बाद में बरती जाने वाली सावधानियों को सरल भाषा में समझाया गया. नाटक में बताया गया कि भूकंप से पहले भूकंपरोधी भवन का निर्माण, सुरक्षित स्थानों की पहचान, अलमारियों को दीवार से कसकर बांधना और भारी व शीशे के सामान को ऊंचाई पर न रखने जैसी सावधानियां जरूरी हैं. 'झुको, ढको और पकड़ो' का अभ्यास नियमित रूप से करने पर भी विशेष जोर दिया गया. भूकंप के दौरान कमरे के अंदरूनी कोने में रहने, गिरने वाली वस्तुओं से दूरी बनाने, सिर को सुरक्षित रखने और निकास द्वार के पास होने पर खुले स्थान में निकलने की सलाह दी गई. कमजोर मकान में तुरंत बाहर निकलने और मजबूत मकान में सुरक्षित स्थान पर बने रहने का संदेश भी दिया गया. भूकंप के बाद बिजली के खंभों, पेड़ों और विज्ञापन बोर्डों से दूर रहने, गैस सिलेंडर व मेन स्विच बंद करने, लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों का उपयोग करने की अपील की गई. साथ ही भविष्य में भूकंपरोधी मकानों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया गया. नाटक में महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, करण कुमार, अंजनी कुमार वर्मा, अंकित कुमार, देवदर्शन, सुरेंद्र प्रसाद, कृष्ण प्रसाद सिंह एवं मो. शोएब कुरैशी ने सशक्त अभिनय किया.



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सात पियक्कड़ गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना थाना क्षेत्र के जोलगावा बॉडर से पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए शराब के नशे में धुत होकर हंगामा और शोर-शराबा कर रहे कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार पियक्कड़ों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में जीतना थाना क्षेत्र के सनोज पासवान पिता रामेश्वर पासवान, अनिल कुमार पिता विनोद राय, सोनालाल यादव पिता बीरेंद्र यादव, छौड़ादानों थाना क्षेत्र के एकडरी गांव निवासी यादोलाल पासवान पिता रामशरण पासवान, बलथर थाना जिला पश्चिमी चम्पारण क्षेत्र के मुरली परसौनी गांव निवासी चुमन हाजरा पिता दर्शन हाजरा, जीतना थाना क्षेत्र के कुदरकट गांव निवासी कृष्ण नंदन कुमार पिता जनार्दन पासवान, जीतना थाना क्षेत्र के बेलाजीतपुर गांव निवासी अर्जुन बैठा पिता भगत बैठा को भी गिरफ्तार किया गया है।



### मोतिहारी किसान कॉन्सिल की बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी/पिपराकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय किसान सभा के मोतिहारी क्षेत्रीय किसान कौन्सिल का बैठक गोविंदापूर मे सम्पन्न हुई।बैठक को संबोधित करते हुए जिला किसान कौन्सिल के कार्यवाहक मंत्री अशोक पाठक ने संबोधित करते हुए राज्य एव केंद्र सरकार के किसान विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए किसानो का आह्वान किया कि अपने अधिकारों के लिये संघर्ष मे जाने का रास्ता अख्तियार करे।बैठक मे आगामी 5 फरवरी को मोतिहारी क्षेत्रीय किसान कौन्सिल का सम्मेलन गोविंदापूर मे करने का निर्णय लिया गया। साथ ही खाद के कालाबाजारी, दाखिल खारिज/परिमार्जन में रिश्वत खोरी,बगैर वैकल्पिक व्यवस्था के गरीबो को उजाड़ने पर रोक लगाने सहित अन्य सवालों पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।बैठक को ध्रुव त्रिवेदी, रामाश्रय पासवान, हीरालाल चौधरी, राजेश्वर भगत, असगर अली सहित अन्य लोग संबोधित किए।अध्यक्षता असगर अली ने किया।



### 740 ग्राम चांदी के पायल के साथ दो गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71 वीं वाहिनी ए कंपनी अठमोहान एसएसबी के जवानो ने शनिवार की संध्या गस्त के दौरान गुप्त सुचना के आधार पर पीलर संख्या 359/3 के समीप गिरीघाट चेक पोस्ट के निकट से भारत से नेपाल ले जाने के कर्म मे 740 ग्राम चांदी के पायल के साथ दो नेपाली नागरिक को दबोच लिया गया उक्त नेपाली नागरिक की पहचान बारा जिला के सीमरौनगढ़ निवासी मनोरमा देवी परसा जिला के बिरगंज निवासी राजकुमार सराफ के रूप जवाब किया गया जिसे गिरफ्तार कर झरौखर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया जानकारी अठमोहा न एसएसबी के कंपनी कामडेंट नरेश लम्बा ने दी।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के रामकृष्ण विवेकानंद विद्या मंदिर, बेलबाग बंगाली कॉलोनी में रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी सर्वविद्यानंद जी महाराज, विशिष्ट अतिथि स्वामी पवित्रात्मानंद जी महाराज (रामकृष्ण मिशन, पटना), मनीष प्रियदर्शी तथा विद्यालय निदेशक डॉ. मदन बनिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों, सेवा भाव और निस्वार्थ कर्म पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए युवाओं व विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अंत में राष्ट्रगान के पश्चात महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### पैसे के लेन देन में काउंटर केस

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानिय थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव में पैसे के लेन देन के विवाद में काउंटर केस दर्ज की गई है। जिसमें कुल 11 लोगों को नामजद किया गया है। थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि कौशिल्या देवी के आवेदन पर नरेश राम पन्नालाल राम समेत 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। जबकि दूसरे पक्ष के प्रेमशिला देवी के आवेदन पर आशनारायण राम समेत 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### फसल बर्बाद को ले केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानिय थाना क्षेत्र के पीपरपाती गांव में खेत मे लगे फसल बर्बाद को लेकर उत्पन्न हूई विवाद में केस दर्ज की गई है। मैनाटांड थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि उमीर्ला देवी के आवेदन पर भूटन दास व लीलावती देवी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### मारपीट के अभियुक्त समेत वारंटी धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा पुलिस ने सकरौल से एक एनबीडब्लू वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि मुन्ना कुमार को जेल भेजा गया है। पुरूषोतमपूर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि पारसा से मारपीट के अभियुक्त धामू कुमार को जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिते 6 जनवरी को क्रिकेट खेलने के दौरान मारपीट हूई थी। जिसमें पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई थी।

### अब थाना में भी लगेगा जनता दरबार

**साठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस मुख्यालय के आदेश पर थाने में अब लगेगा जनता दरबार। क्षेत्र की जनता अपनी समस्याओं को लेकर सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को थाने पहुंच सकती हैं और उसका निदान करने का प्रयास किया जाएगा। उक्त बातें थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को कार्यालय अवधि के दौरान जनता की समस्याओं को सुना जाएगा और इसका निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा।

### पैक्स चुनाव में अध्यक्ष बने उपेंद्र यादव

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के भोपतपुर उत्तरी पंचायत में आयोजित पैक्स चुनाव का परिणाम घोषित कर दिया गया है. इस चुनाव में उपेंद्र यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप सिंह को पराजित करते हुए जीत अध्यक्ष पद पर दर्ज की। उपेंद्र यादव को कुल 367 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रदीप सिंह को 343 वोट मिले। इस प्रकार उपेंद्र यादव ने 24 वोटों के अंतर से चुनाव में विजय हासिल की । चुनाव के दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न हुआ और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतगणना के दौरान भी पूरी पारदर्शिता बरती गई। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी प्रत्याशी को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया। जीत के बाद उपेंद्र यादव ने मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने पैक्स को मजबूत बनाने, किसानों के हित में कार्य करने और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। वहीं, हार के बावजूद प्रदीप सिंह ने परिणाम को स्वीकार करते हुए विजयी प्रत्याशी को बधाई।

### प्रथम सेमेस्टर के तीसरे दिन परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2025-29 की परीक्षा दिनांक 15 जनवरी 2026 से प्रारंभ है। मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल. एन. डी. कॉलेज, मोतिहारी एवं एम. एस. एस. जी. कॉलेज, अरेराज के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के तीसरे दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में माइनर ग्रुप - ए के अंतर्गत इतिहास विषय की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 1876 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में माइनर ग्रुप - बी के अंतर्गत राजनीति विज्ञान और उर्दू विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 636 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

# समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री की पदाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समृद्धि यात्रा के क्रम में पूर्वी चंपारण जिला आए मुख्यमंत्री के द्वारा शीर्ष पदाधिकारीगण के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में जिला के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा के पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण मोतिहारी के द्वारा मीडिया के साथ मोतिहारी स्थित गांधी मैदान में प्रेस वार्ता की गई। प्रेस वार्ता में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया मुख्यमंत्री के द्वारा सर्वप्रथम जिला के कल्याणपुर अंचल के कैथवलिया में निमार्णाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर में सहस्त्र शिवलिंगम की स्थापना कार्यक्रम में शिरकत किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारीगण को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने कहा कि इस संपूर्ण परिसर के चारदीवारी का प्रस्ताव शीघ्र ही बनाकर सरकार को भेजा जाएगा। इस संपूर्ण स्थल के विकास के लिए यहां पावर सब स्टेशन के निर्माण, संपर्क पथ तथा यहां पर एक अस्पताल के निर्माण का प्रस्ताव भी सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि विराट रामायण मंदिर के पास स्थित छात्रावास का विस्तार कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के द्वारा मोतिहारी स्थित महिला आईटीआई कॉलेज परिसर में स्थित टाटा एक्सीलेंस सेंटर का निरीक्षण किया गया। यहां सभी उपकरणों/ सामग्रियों का अवलोकन किया गया तथा यहां की छात्राओं से बात कर जानकारी ली गई। इस एक्सीलेंस सेंटर के माध्यम से कई छात्राओं को बेहतर सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। यहां पर माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा 138 करोड़ की लागत से कुल 30 योजनाओं का उद्घाटन तथा 34 करोड़ की लागत से कुल 40 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा मोतिहारी को कोटवा से जोड़ने वाले धनौती नदी पर निमार्णाधीन ब्रिज का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि ब्रिज का 50% कार्य पूर्ण हो चुका है एवं इसका संपूर्ण कार्य इसके निर्माण के निर्धारित अवधि से सात माह पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।24 दिसंबर 2024 में की गई प्रगति यात्रा के दौरान जिला के लिए घोषित 12 योजनाओं के प्रगति का अवलोकन मुख्यमंत्री के द्वारा यहां पर किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में तीन ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। इब्राहिमपुर में बूढ़ी गंडक नदी पर पुल का निर्माण कार्य, लाल बकेया नदी पर बलुआ गुआवरी पुल का निर्माण कार्य एवं बागमती नदी के दाएं तटबंध पर पक्की सड़क का निर्माण कार्य सहित चिरैया शांति चौक से पुरनहिया तक सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ-साथ सीता कुंड एवं सोमेश्वर नाथ धाम के विकास का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। रक्सौल एयरपोर्ट के विस्तार के बारे में जिलाधिकारी ने बताया कि यहां पर 153 एकड़ जमीन पहले से अधिग्रहित है इसके अतिरिक्त 139 एकड़ जमीन का भू अर्जन किया जा रहा है जिसके लिए रैयतों के भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और इसमें तेजी लाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि एयरपोर्ट के विस्तार की निविदा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी ताकि इसके निर्माण कार्य में विलंब नहीं हो। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया गांधी मैदान में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सात निश्चय पार्ट 3 अंतर्गत कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने का निर्देश प्राप्त हुआ। सात निश्चय पार्ट 3 योजना के सातवें कंपोनेंट "सबका सम्मान- जीवन आसान" अंतर्गत आम जन को सुविधा हो इसको लेकर सप्ताह में 2 दिन प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी पदाधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे एवं जनता से प्राप्त शिकायतों का समाधान करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थिति मीडिया प्रतिनिधिगण को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विराट रामायण मंदिर की सुरक्षा के लिए जल्द ही उसका निरीक्षण कर वहां एक थाना खोलने के का प्रस्ताव दो से तीन दिनों में सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन को आसान बनाने के लिए पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी भी प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे एवं जनता से प्राप्त आवेदन पर समुचित कार्रवाई करेंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी को व्यवहार कुशल होने एवं शालीनता पूर्वक आमजन से व्यवहार करने के लिए निर्देश दिया जाएगा। जनता से प्राप्त शिकायते एक पंजी में दर्ज होगी एवं उसका लगातार अनुश्रवण किया जाएगा।

## जीएमसीएच परिसर से 1.38 क्विंटल गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने शनिवार की रात करीब एक बजे गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में छापेमारी पर सफेद रंग की बलेनो कार पर लोड़ एक क्विंटल 38 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस दो तस्करों को भी गिरफ्तार की है। दोनों से पूछताछ हो रही है। सदर वन एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से कुमारबाग थाना क्षेत्र के रमपुरवा निवासी नेहाल कुमार व दुबेटोला के जसवंत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक कार व 1.38 क्विंटल गांजा जैसा पदार्थ जब्त किया गया है। गांजा कहा से लाया गया था और इसे कहा खपाने की साजिश थी, अभी इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। दोनों से पूछताछ कर इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी डा. शौर्य सुमन ने नेतृत्व में पुलिस नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। रात करीब एक बजे नगर थाना की पुलिस को सूचना मिली कि अस्पताल परिसर में सफेद रंग की एक बलेनो कार खड़ी है। जिस पर मादक पदार्थ लोड है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने सूचना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठित किया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में टीम अस्पताल परिसर में छापेमारी की। तलाशी लेने पर कार से नौ बंडल गांजा जब्त हुआ। तब पुलिस दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर ली।

# भव्य हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से गूंजा वातावरण

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के दिलमन छपरा गांव में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ किया गया। सम्मेलन में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत, महिलाएं और युवा शामिल हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म, हिंदुत्व और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। इसके उपरांत सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन हुआ। सैकड़ों लोगों द्वारा एक साथ किए गए पाठ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के नारों से वातावरण गूंज उठा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महंत एवं प्रख्यात रामकथा वाचक रामदास जी महाराज ने हिंदुत्व, धर्म और सनातन परंपराओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है, जो सत्य, सेवा, त्याग और करुणा का संदेश देती है। उन्होंने समाज को संगठित रहने, धर्म के प्रति जागरूक रहने और अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने का आह्वान किया। रामदास जी महाराज ने युवाओं से नशा, भटकाव और पाश्चात्य कुप्रभावों से दूर रहकर धर्म, संस्कार और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब समाज धर्म के मार्ग पर चलता है, तब राष्ट्र स्वतः मजबूत होता है। कार्यक्रम में विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह, समाजसेवी हिमांशु सिंह, उमाकांत सिंह, यदु भगत, जटाशंकर सिंह, रामाकांत पांडेय जैसे वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और धार्मिक एकता पर जोर दिया। कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। सम्मेलन के सफल आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं कुमार ओंकार, संतोष कुमार, अनोज सिंह, संजीत कुमार, आदित्य कुमार, पुलिस कुमार एवं आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विश्व शांति, समाज की एकता और राष्ट्र की उन्नति की कामना के साथ सम्मेलन का समापन किया गया।



# संदिग्ध हालत में 15 वर्षीय किशोरी की मौत

## प्रेम प्रसंग से जुड़ा मामला, जांच में जुटी पुलिस

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बड़हरवा कला पूर्वी पंचायत के बरकुरवा गांव में 15 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोटवा पुलिस जांच में जुट गई। देर रात पुलिस ने किशोरी का शव कोटवा चेवर इलाके से बरामद किया, जिसके बाद मामले ने और गंभीर रूप ले लिया । पुलिस के अनुसार, घटना की जानकारी देने वाले व्यक्ति को संदेह के आधार पर थाने लाकर कुछ देर तक पूछताछ की गई। पूछताछ में कोई ठोस आपत्तिजनक तथ्य सामने नहीं आने पर उसे छोड़ दिया गया। फिलहाल पुलिस रहस्यमय हत्या के एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम पहुंची और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया गया है.पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस किशोरी की मां और पिता दोनों से अलग-अलग पूछताछ कर रही है। पुलिस परिवारिक पृष्ठभूमि, प्रेम प्रसंग, कॉल डिटेल्स और घटनाक्रम से जुड़े हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं, हालांकि पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी करने की बात कह रही है। थानाध्यक्ष करण सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि किशोरी की मौत के बाद उसके परिवार वालों द्वारा शव को कोटवा चेवर इलाके में ले जाकर फेंक दिया गया था. उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है और सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कोटवा पुलिस मामले की तह तक जाने के लिए लगातार छानबीन कर रही है।

### बगहा जिला युवा मोर्चा मंत्री बने श्रीकांत गुप्ता

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए युवा सामाजिक कार्यकर्ता श्रीकांत गुप्ता को बगहा जिला युवा मोर्चा का मंत्री मनोनीत किया है। इस मनोनयन से रामनगर सहित पूरे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता और समाजसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।श्रीकांत गुप्ता लंबे समय से भाजपा से जुड़े हैं और वर्तमान में रामनगर में दावा संगठन के सचिव के रूप में भी कार्यरत हैं। वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हुए जरूरतमंदों की सहायता में आगे रहते हैं।

## रामनगर में स्वदेशी संकल्प दौड़ 2026 का आयोजन

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय अर्जुन विक्रम शाह स्टेडियम में भाजपा युवा मोर्चा के सौजन्य से स्वदेशी संकल्प दौड़ 2026 रन फॉर स्वदेशी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 100, 200, 400 व 1600 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया।100 मीटर में युसूफ अली, कृष्ण कुमार, वासिफ अली, 200 मीटर में शिवम यादव, विशाल कुमार, आलोक कुमार तथा लड़कियों की दौड़ में इशिका राज व आराध्या कुमारी विजेता रहीं। 1600 मीटर में बलवंत यादव, दीपू कुमार यादव, राकेश यादव व सुजीत यादव का चयन किया गया।सभी विजेताओं को कप, शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों को कॉपी-कलम व मिठाई देकर प्रोत्साहित किया गया। भाजपा महामंत्री अजया शर्मा राय ने खेलों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में विधायक राम सिंह, नंदकिशोर राम, जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशाल पांडेय, नगर मंडल अध्यक्ष गगनदेव प्रसाद, ब्रांड एंबेसडर सदाकांत शुक्ल, सुजल सिंह, उप सभापति श्वेता सिंह, श्रीकांत गुप्ता, विजय गुप्ता, आदर्श राय, सुनील सोनी, पंकज झुनझुनवाला, बिट्टू सिंह, अभिषेक राय, गोल्डेन सोनी, राकेश सिंह राजपूत, मुन्ना गोड, विवेक सिंह समेत अन्य स्थानीय प्रबुद्धजन व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सात निश्चय के तहत हर सोम व शुक्रवार को विद्युत उपकेंद्रों में लगेगा जनता दरबार

**19 जनवरी से सभी प्रशाखा, अंचल, प्रमंडल, अवर प्रमंडल में शुरू होगी प्रक्रिया**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 'सात निश्चय योजना भाग तीन' के तहत विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत जिला मुख्यालय और सभी विद्युत उपकेंद्रों पर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए चिरैया विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के सहायक कनीय विद्युत अभियंता पवन कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था विभाग के आदेश पर 19 जनवरी से लागू होगी। निदेर्शों के अनुसार, सभी प्रशाखा, अंचल, प्रमंडल, अवर प्रमंडल और सेक्शन कार्यालयों में सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक और शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे से 4:30 बजे तक उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी जाएंगी और उनका तुरंत समाधान किया जाएगा। इन जनता दरबारों में कार्यपालक अभियंता अपने डिवीजन कार्यालय में, सहायक विद्युत अभियंता सब-डिवीजन में और कनीय अभियंता सेक्शन कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे। बता दे कि विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह के निदेर्शानुसार प्रत्येक सप्ताह के इन दो कार्य दिवसों पर सभी संबंधित कार्यालयों में अधिकारी शिकायतों की सुनवाई करेंगे। ऊर्जा सचिव ने निर्देश दिया है कि वे अपने कार्यालयों में उपस्थित रहें, उपभोक्ताओं से अच्छा व्यवहार करें और उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता से सुनकर त्वरित समाधान करें।

# बीएलओ हुए सम्मानित, प्रखंड कार्यालय में गरिमामय समारोह

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को सम्मानित करने के लिए एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने की। उन्होंने बीएलओ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में बीएलओ की भूमिका अत्यंत अहम होती है। उनकी मेहनत और निष्ठा से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। समारोह का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफीजुर्रहमान, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, कन्या विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी, शिक्षक अनिल सिंह एवं प्रधान लिपिक मुहम्मद हसन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को एक-एक कर मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।सम्मानित बीएलओ में अजीत कुमार सिंह, मुरारी शरण दुबे, उपेंद्र कुमार, अरविंद कुमार उपाध्याय, अनिल सिंह, सहदेव माझी, निर्भय कुमार मिश्रा, कमलदेव राम, राजेश शाह, समार आलम, उमाशंकर सिंह, गुड्डू कुमार शर्मा, हाफिज कयूम, मनोज भगत, अरविंद उपाध्याय, कृष्णमोहन चौरसिया, प्रिया सिंह, सीमा चौधरी और प्रियंका कुमारी सहित लगभग पांच दर्जन कर्मी शामिल रहे।सम्मान समारोह से बीएलओ में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सीपीएस में एल्यूमनी मीट का हुआ भव्य आयोजन











**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीपीएस स्कूल छपरा के ऑडिटोरियम में एल्यूमनी मीट-2026 का भावनात्मक, सुव्यवस्थित व ऐतिहासिक आयोजन किया गया। विद्यालय की 32 वर्षों की शैक्षणिक यात्रा को दर्शाते इस कार्यक्रम में वर्ष 2001 से 2015 तक के पूर्व छात्र अपने स्कूल परिसर में लौटे और पुराने दिनों की यादों को फिर से ताजा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापक प्राचार्या मीना सिंह व संस्थापक मार्गदर्शक जितेंद्र सिंह का सान्निध्य प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह व प्राचार्य मुरारी सिंह ने किया, जिससे पूरा वातावरण आत्मीयता व गरिमा से भर गया। एल्यूमनी मीट

## पूर्व छात्रों ने साझा की संघर्ष व सफलता की प्रेरक यात्राएं

ने मंच से अपने विद्यालय जीवन की यादें, संघर्ष के अनुभव और सफलता की कहानियाँ साझा कीं। कई वक्तव्यों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया, वहीं युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश भी दिया। सभी एल्यूमनी को सम्मान स्वरूप मोमेंटो व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने कहा कि सीपीएस केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि ऐसा परिवार है, जहाँ से विद्यार्थी जीवन की दिशा, मूल्य और संस्कार लेकर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद एल्यूमनी मीट को सफल और समाज में स्थापित रूप में विद्यालय लौटते देखना अत्यंत गर्व का विषय है। एल्यूमनी मीट संघर्ष से सफलता तक की उस यात्रा का उत्सव है, जिसकी शुरूआत इसी परिसर से हुई थी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह आयोजन छपरा के किसी भी विद्यालय में इस प्रकार आयोजित पहला और ऐतिहासिक एल्यूमनी मीट है, जिसने सीपीएस को एक ट्रेंड सेटर के रूप में पुनः स्थापित किया। कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके एल्यूमनी के लिए संदेश दिया गया कि भविष्य में पुनः एल्यूमनी मीट आयोजित किया जाएगा तथा 2015 के बाद के बैचों के लिए अलग आयोजन की तैयारी की जाएगी। इस पूरे कार्यक्रम का सफल समन्वय प्रबंधक डॉ. विकास कुमार सिंह ने किया, जिनके निर्देशन में आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अश्विनी परमार की भूमिका भी सराहनीय रही। एल्यूमनी मीट-2026 ने यह संदेश दिया कि समय भले बदल जाए, लेकिन विद्यालय से जुड़े संस्कार, रिश्ते और यादें हमेशा जीवित रहती हैं।

# 'निपुण टी.एल.एम. मेला 3.0' का आयोजन
# नवाचार में झलकी नई शिक्षा नीति की चमक

**राज्य स्तरीय मेले के लिए पांच शिक्षक चयनित**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शिक्षा को रोचक, प्रभावी और बाल–केन्द्रित बनाने की दिशा में एक प्रेरक कदम के रूप में जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र स्थित गांधी स्मारक इंटर विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय निपुण टी.एल.एम. मेला 3.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस मेले में जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों ने अपनी नवाचारपूर्ण शिक्षण–अधिगम सामग्री (टी.एल.एम.) का प्रदर्शन कर यह दिखाया कि सीमित संसाधनों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे संभव है। मेले का मुख्य उद्देश्य कक्षा शिक्षण में टीएलएम के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देना, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कम लागत व टिकाऊ संसाधनों से बच्चों की समझ को मजबूत करना और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप रचनात्मक शिक्षण पद्धतियों को प्रोत्साहित करना रहा। प्रदर्शित टीएलएम न केवल आकर्षक थे, बल्कि गणित, भाषा, विज्ञान एवं पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल और सहज बनाने में सहायक सिद्ध हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान) सुष्मिता भारद्वाज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। इसके पश्चात दोनों अधिकारियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और शिक्षकों के नवाचार, परिश्रम एवं समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

निर्णायक मंडल द्वारा सूक्ष्म मूल्यांकन के बाद पांच उत्कृष्ट टीएलएम का चयन राज्य स्तरीय निपुण टी.एल.एम. मेला के लिए किया गया। चयनित प्रतिभागियों में प्रहलाद कुमार एवं मोहम्मद अहसनुल हक़ (हुलासगंज), सारती कुमारी (रतनी फरीदपुर), राहुल कुमार (जहानाबाद) तथा सरोज कुमारी (मोदनगंज) शामिल हैं, जो अब राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इसे शिक्षकों की सृजनात्मक क्षमता को मंच देने वाला और जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला प्रेरणादायक आयोजन बताया। यह मेला साबित कर गया कि जब शिक्षक नवाचार के रंग में रंगते हैं, तो कक्षा केवल पढ़ाई की जगह नहीं रहती, बल्कि सपनों की उड़ान का आकाश बन जाती है।

# देव सूर्य मंदिर में आस्था का उमड़ा सैलाब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** त्रेतायुगीन काल से प्रसिद्ध और बिहार के गौरव, औरंगाबाद जिले के देव स्थित सूर्य मंदिर में आज माघ कृष्ण पक्ष की अमावस्या यानी मौनी अमावस्या के अवसर पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कड़ाके की ठंड और सुबह के कोहरे के बावजूद, श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। आज अहले सुबह से ही बिहार के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों जैसे झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित राज्य के कई जिलों से श्रद्धालु देव पहुंचने लगे थे। श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर का पूजन अर्चन किया। मान्यताओं के अनुसार, मौनी अमावस्या के दिन ब्रह्ममुहुर्त में स्नान करने और भगवान सूर्य की पूजा करने से कायिक, वाचिक और मानसिक पापों से मुक्ति मिलती है और चर्म रोगों का नाश होता है।

**मंदिर में दर्शन के लिए लगी लंबी कतारें**

स्नान के पश्चात श्रद्धालु भगवान सूर्य के दर्शन के लिए मंदिर की ओर रुख करने लगे। श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि मंदिर परिसर से बाहर मुख्य सड़कों तक लंबी कतारें देखी गईं। पूरा वातावरण "जय छठी मैया" और "भगवान भास्कर की जय" के जयघोष से गुंजायमान रहा।न्यास समिति के सचिव विश्वजीत राय के नेतृत्व में समिति ने साफ, सफाई की व्यापक व्यवस्था थी। वहीं देव थानाध्यक्ष सौरभ कुमार के नेतृत्व में अलग अलग मार्गो पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

**प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा**

भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर, सूर्य कुंड और चौक-चौराहों पर भारी संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। सीसीटीवी कैमरों के जरिए भीड़ की निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, स्वास्थ्य शिविर और सुगम आवागमन के लिए यातायात रूट में बदलाव किए गए।

**मौनी अमावस्या का क्या है महत्व**

शास्त्रों के अनुसार माघ मास की अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन मौन रहकर दान और स्नान करने का विशेष महत्व है। देव का यह सूर्य मंदिर, जो अपने पश्चिमाभिमुख (पश्चिम की ओर मुख) होने के कारण अद्वितीय माना जाता है, आज भक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना रहा।

# 400 से अधिक महिला और पुरुष बंदी प्रेम रावत के शांति शिक्षा प्रोग्राम से हुए लाभान्वित

**मंडल कारा में "ज्ञान का उपहार" के साथ कार्यक्रम का समापन**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंडल कारा औरंगाबाद में विश्व शांति दूत एवं लेखक डॉक्टर प्रेम रावत का "शांति का संदेश" वीडियो कार्यक्रम विगत 5 दिसम्बर 2025 से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक महिला और पुरुष बंदी प्रेम रावत के शांति शिक्षा प्रोग्राम से लाभान्वित हुए। सभी ने अपने अंदर की शांति को महसूस किया। कार्यक्रम का समापन "ज्ञान का उपहार" के साथ किया गया। इसका उद्देश्य मनुष्य में सुधार, आंतरिक शांति, खुद को जानना, आत्मज्ञान एवं अपनी बुनियाद को मजबूत करना है।

कार्यक्रम का संचालन कारा अधीक्षक डॉ दीपक कुमार, उपाधीक्षक सरोज कुमार के नेतृत्व में किया गया। बेहतर सहयोग के लिए राज विद्या केंद्र दिल्ली के द्वारा कारा अधीक्षक एवं उपाधीक्षक को धन्यवाद पत्र दिया गया। राज विद्या केंद्र, दिल्ली की ओर से इस तरह के कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में मानवीय उत्थान के लिए उपलब्ध करायी जाती है। जैसे जेलों में, यूनीवर्सिटी, सरकारी, ग़ैर सरकारी संसाधनों में भी कराई जाती है, यहां तक कि हर वर्ग तक पहुंचाई जाती है।

राज विद्या केंद्र, औरंगाबाद के तत्वधान में प्रेम रावत के द्वारा मानवता एवं शांति का संदेश का अभियान पूर्ण रूप से सक्रिय हैं। राज विद्या केंद्र पटना से ई राजेश सिंह एवं शंकर कुमार के सहयोग से एक सफल आयोजन रहा। स्थानीय टीम से सुनील कुमार धीरज, पूजा कुमारी, दीपक कुमार गुप्ता, बीरेन्द्र कुमार, बृजेश सिंह, गौतम कुमार, रोहित कुमार, ज्योति कुमारी, रचना कुमारी, रीना कुमारी, ममता कुमारी आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कारा प्रशासन की ओर से राज विद्या केंद्र के सभी टीम सदस्यों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु परिधापक रामानुज ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# बसंत पंचमी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**पुलिस ने दी सख्त गाइडलाइन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना परिसर में बसंत पंचमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की। इस दौरान उन्होंने त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से लागू नियमावली की विस्तृत जानकारी दी। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि पूजा समिति को हर हाल में लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। पूजा पंडाल से लेकर प्रतिमा विसर्जन तक किसी भी स्थिति में डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतिमा विसर्जन जुलूस लाइसेंस में अंकित रूट चार्ट के अनुसार ही निकाला जाएगा और किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पूजा समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और शांतिपूर्ण आयोजन का भरोसा दिलाया। जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

इस मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उपप्रमुख सत्येंद्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष सह समाजसेवी संजीत शर्मा, विनोद सिन्हा, लोजपा नेता विजय अकेला, सरपंच बखोरा खां, अरविंद सिंह, रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, पंसस धनंजय कुमार मुना, पंसस प्रतिनिधि जयप्रकाश कुमार, सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशर यादव, राजकुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी ने बसंत पंचमी पर्व को शांति, सद्भाव और अनुशासन के साथ मनाने का संकल्प लिया।

# बसों का पार्किंग स्थल बना गया जीटी रोड

**बस चालक नहीं करते परिवहन विभाग के नियमों का पालन**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जीटी रोड जिले के लोगों की लाइफलाइन मानी जाती है। यह सड़क दिन-प्रतिदिन अतिक्रमण की चपेट में आती जा रही है। शहर के औरंगाबाद से हरिहरगंज जाने वाला मुख्य मार्ग बसों का पाकग स्थल बन गया है। रामाबांध बस स्टैंड के पास इसी सड़क पर बस संचालक अपनी बसों को खड़ी करते हैं। करोड़ों की लागत से बने स्टैंड में कोई बस खड़ी नहीं करना चाहता है। स्थिति यह है कि सड़क पर जाम लग रहा है। इससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। बस स्टैंड के बाहर रांची, हरीहरगंज, नवीनगर, हजारीबाग, वाराणसी, पटना, गया, जहानाबाद, पलामू समेत अन्य जगहों के लिए बसें खुलती हैं। अत्यधिक बसें सड़क के दोनों तरफ ही खड़ी रहती है। इसको न तो कोई रोकने वाला है और न कारवाई करने वाला। जब कभी अधिकारी एक्शन में आते हैं कार्रवाई करते हुए वाहनों से जुर्माना वसूलते हैं। ओबरा, दाउदनगर, अंबा में भी सड़कों पर ही बसों को लगाया जाता है। जसोईया मोड़, बारुण के केशव मोड़, मदनपुर के शिवगंज व मदनपुर मुख्यालय में जीटी रोड पर ही बड़ी व छोटी वाहनों का पाकग होती है। स्थिति यह होती है कि हमेशा दुर्घटना होती रहती हैं। इतना होने के बावजूद भी परिवहन विभाग के अधिकारी चैन की नींद सोए रहते हैं। एमवीआई औरंगाबाद ने बताया कि जो भी यात्री बस सड़क पर वाहनों को खड़े करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** मंडल अंतर्गत पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान, युवा भारत एवं किसान सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में देलही कंस्ट्रक्शन के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन मंत्री सह योग शिक्षक संतोष कुमार ने की। बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बिनोद आर्य एवं जिला किसान सेवा समिति प्रभारी बृजमोहन शर्मा रहे। इस दौरान बताया गया कि आगामी 5 अप्रैल 2026 को आदरणीय राकेश मित्तल जी, मुख्य केंद्रीय प्रभारी, का आगमन भगवान भास्कर की पवित्र धरती औरंगाबाद में होने जा रहा है। उनके आगमन से पूर्व जिले के सभी प्रखंडों में संगठन विस्तार को लेकर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। मुख्य अतिथियों ने कहा कि आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए योग शिक्षक प्रशिक्षण अभियान को युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जा सके। साथ ही आगामी 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर भारत स्वाभिमान के तत्वावधान में प्रातःकाल योग सत्र एवं स्वच्छता अभियान आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में भारत स्वाभिमान मंडल महामंत्री संतोष कुमार मुखिया, किसान प्रभारी राजेंद्र सिंह, संगठन मंत्री रामजीत प्रसाद, जिला योग शिक्षक सुरेश आर्य, युवा भारत मंडल प्रभारी प्रेम कुमार, नितीश कुमार, राहुल कुमार, सुभाष चंद्र पांडेय, मंडल प्रभारी अनिल आर्य, देव कुमार, अभिषेक कुमार सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# देव-कंचनपुर पथ जर्जर होने से होती है परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** देव-कंचनपुर पथ इन दिनों गड्ढे में तब्दील हो गई है। बता दें कि चांदपुर से केताकी मोड़ तक करीब एक किमी में सड़क जर्जर अवस्था में है। सड़क पर गड्ढें उभर आए हैं। बारिश के दिनों में सड़क पर उभरे गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। यहां तक की रात्रि में साइकिल से या पैदल चलना मुश्किल हो गया है। बाइक से चलने पर या टेंपो में बैठकर यात्रा करने पर बगल से किसी कार के गुजरने पर गड्ढे का पानी कपड़े पर पड़ जाता है जिससे शरीर का रंग बदरंग हो जाता है। दरअसल यह पथ देव से कंचनपुर तक जाती है। इसी पथ से गोपालपुर मोड़ से केताकी तक एक दूसरी सड़क जाती है। दोनों सड़क मौजूदा समय में जर्जर हो गया है। चांदपुर मोड़ से केताकी मोड़ तक स्थिति दयनीय हो गई है। निर्माण नहीं होने से वर्षा के इस मौसम में झील बन गया है। यह सड़क कई गांवों की लाइफ लाइन है। इसी सड़क से केताकी और कंचनपुर इलाके के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय आवागमन करते हैं। बीमार पड़ने पर देव अस्पताल इसी सड़क से पहुंचते हैं। सटवट गांव निवासी बब्लू कुमार सिंह बताते हैं कि सड़क का निर्माण होने की जरूरत है। उनके गांव में संपन्न हुए यज्ञ को लेकर कई जगहों पर गड्ढें में सामग्री भरा गया था। अधिकारियों को सड़क निर्माण के प्रति ध्यान नहीं है।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की होगी सुनवाई

**रफीगंज में 'सात निश्चय-3' के तहत बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान–जीवन आसान के तहत बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए रफीगंज में विशेष व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके अंतर्गत अब प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सीधे सुनवाई कर तत्काल निबटारा किया जाएगा। इस पहल की शुरुआत सोमवार से विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय, रफीगंज में होगी। सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज ने बताया कि ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी आपूर्ति अंचल कार्यालयों के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया है कि वे अनिवार्य रूप से अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

निर्देशानुसार सभी अंचल, प्रमंडल, अवर प्रमंडल एवं सेक्शन कार्यालयों में सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक तथा शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे से 4:30 बजे तक शिकायतों की सुनवाई होगी। इस दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता अपने डिवीजन कार्यालय में, सहायक विद्युत अभियंता सब-डिवीजन में तथा कनीय अभियंता सेक्शन कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और उन्हें समयबद्ध एवं प्रभावी सेवा मिल सकेगी। यह पहल वास्तव में प्रशासन और आम नागरिक के बीच भरोसे की एक नई रोशनी बनकर उभरेगी — कम शब्दों में कहें तो, बिजली विभाग अब केवल तारों से नहीं, बल्कि विश्वास से भी जुड़ने जा रहा है।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के चांदेबारा गांव एवं रजौली पश्चिमी पंचायत के सिमरकोल गांव से पुलिस बलों ने दो वांछित अभियुक्तों को बीते शनिवार की रात्रि को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक शराब धंधेबाज, तो दूसरा वारंटी है। यह कारवाई थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के निर्देश पर हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बीते कई महीनों से एक शराब धंधेबाज फरार चल रहा था, जबकि पुलिस बलों द्वारा गिरफ्तारी हेतु कई बार छापेमारी किया गया था।बीते रात्रि गुप्त सूचना के आलोक में फरार शराब धंधेबाज को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।

# हमारे जीवन की हर सांस वृक्षों के अनुदान की ऋणी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 242वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जहानाबाद के परिसर में किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के पावन अवसर पर उपस्थित शिशुपाल सिंह ने कहा कि पौधरोपण का कार्य करना हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। हमारा जीवन की हर सांस वृक्षों के अनुदान की ऋणी है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि हर मानव को अपनी सांसों का कर्ज चुकाने के लिये कम से कम पांच पौधे अनिवार्य रुप से लगाने चाहिए। लोगों को वृक्ष के महत्व के बारे में बताया कि हमें जीवन में जीवित रहने के लिए जितनी आक्सीजन की आवश्यकता होती है वह न्यूनतम पांच पूर्ण विकसित वृक्षों द्वारा पूरी की जा सकती है। इस अवसर पर लोगों ने बताया कि जिले को हरा-भरा बनाने के लिए गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा निःशुल्क साप्ताहिक पौधरोपण चलाया जाना अदभुत कार्यक्रम है। इस दौरान गायत्री परिवार के युवा स्वयंसेवकों ने जिले के सभी ऊर्जावान एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों से सादर अनुरोध किया कि इस वृक्षारोपण कार्यक्रम से जुड़कर जिले को हरा-भरा बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। वृक्षारोपण कार्यक्रम में गायत्री परिवार के अजीत कुमार,संजय कुमार, हर्षराज उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ का गठन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुद्देश्यीय भवन के प्रांगण में आंगनबाड़ी सेविका–सहायिका संघ के गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक सुधीर कुमार ने की, जबकि संचालन राजीव कुमार उर्फ मुन्ना कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से रफीगंज प्रखंड इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत सविता कुमार यादव को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। पूनम कुमारी और सुधा कुमारी को कार्यकारिणी अध्यक्ष, प्रतिमा कुमारी को कोषाध्यक्ष, दीपमाला कुमारी व उषा कुमारी को सचिव, सरिता कुमारी को महासचिव तथा अंजुम प्रवीण और संगीता कुमारी को उपाध्यक्ष बनाया गया।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष संगीता कुमारी यादव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित कार्यों को पूरी निष्ठा से पूरा करते हुए सेविका–सहायिकाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संघ को एकजुट होकर काम करना होगा। इस अवसर पर महासचिव श्रीकांत कुमार, गोह प्रखंड अध्यक्ष पूनम कुमारी, जिला मीडिया प्रभारी रेखा कुमारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं रूबी कुमारी, शशि प्रभा, शीला देवी, कमला कुमारी, बैजन्ती कुमारी, सदमा अंजुम, रंजीत कुमार सिंह, गौतम कुमार, राजाराम पासवान, बीरेंद्र सिंह, प्रिंस कुमार, रमेश मिस्त्री, दीनानाथ राम सहित बड़ी संख्या में सेविका–सहायिका एवं समर्थक मौजूद रहे।

बैठक के अंत में संगठन को सशक्त बनाने और सेविका–सहायिकाओं की समस्याओं को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया।

# संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को लेकर हसपुरा में कांग्रेस की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड के हसपुरा बाजार स्थित कनाप रोड मोहल्ला में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह ने की। इस मौके पर औरंगाबाद संगठन प्रभारी सत्येंद्र नारायण, जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन प्रभारी सत्येंद्र नारायण ने पार्टी के उद्देश्यों और विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी जाति या समुदाय की नहीं, बल्कि विचारधारा की पार्टी है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को धरातल पर उतारना ही कांग्रेस का मूल उद्देश्य है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ढपोरशंख साबित हो रही है।

# दादर गांव में मां दुर्गा की भव्य प्राचीन काले पत्थर की है प्रतिमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। जिले के गोह प्रखंड से करीब नौ किमी दूर चापुक पंचायत के दादर गांव में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। देवी की प्राचीन प्रतिमा काले पत्थर के रूप में गर्भगृह में विराजमान है। मंदिर के पुजारी उमेशकांत मिश्रा कि माने तो माता रानी की प्राचीन प्रतिमा को दर्शन करने के लिए दूर से हजारों भक्त पहुंचते हैं। मन्नत मांग कर चले जाते हैं। जब भक्तों की मन्नत पूरी होती है तो लोग दूर से अपनी मनोकामना उतारने आते हैं। खासकर मंदिर में संतान प्राप्ति को ले लिए महिला श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। बताया कि अब तक सैंकड़ों महिलाएं मन्नत पूरा होने के बाद यहां पहुंची है। भक्तों को प्रतिमा के बारे में जानने की उत्सुकता रहती है जिससे यहां के पुजारी के पुर्वजों के द्वारा ही गर्भगृह में माता कौलेश्वरी एवं मां दुर्गा की भव्य प्राचीन कालीन काले पत्थर की प्रतिमा बालिका



# मखदुमपुर थाना परिसर में 24 जनवरी को पुलिस अधीक्षक लगाएंगे जनता दरबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान मखदुमपुर थाना परिसर में 24 जनवरी को जनता दरबार लगाएंगे। इस बाबत मखदुमपुर थानाध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा मखदुमपुर थाना परिसर में 24 जनवरी को जनता दरबार आयोजित किया गया है। जनता दरबार में मखदुमपुर प्रखंड से जुड़ी आमजनो की समस्याओं को सुनी जाएगी। साथ ही उनकी समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने आम जनों से अपील करते हुए कहा है की जनता दरबार में अधिक से अधिक लोग पहुंचकर अपनी समस्या को पुलिस अधीक्षक के समझ रखें, जिससे उनकी समस्या का समाधान किया जा सके।

# सात निश्चय-3 कार्यक्रम में होगा सबका सम्मान-जीवन आसान

## आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक सोम व शुक्र को होगी पदाधिकारियों से मिलने की व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बेगूसराय।** रविवार को कारगिल विजय सभा भवन में जिला प्रशासन एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष द्वारा संयुक्त रूप से बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय-3 के अंतर्गत विकसित बिहार के रोडमैप की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को शिकायत निवारण हेतु पदाधिकारियों से मिलने की व्यवस्था की गई है। वहीं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को घर बैठे जमीन या फ्लैट की रजिस्ट्री सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सोमवार से प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी अपने निर्धारित कार्यालय कक्ष में आम नागरिकों से मिलेंगे। इस दौरान नागरिक अपनी समस्याएं एवं शिकायतें सीधे संबंधित पदाधिकारी के समक्ष रख सकेंगे, जिनका त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में आम नागरिकों को होने वाली असुविधाओं को दूर करना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी अपरिहार्य कारणवश यदि संबंधित पदाधिकारी उपस्थित नहीं रहते हैं, तो उनके द्वारा अधिकृत अन्य पदाधिकारी नागरिकों से मिलने एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु उपलब्ध रहेंगे। साथ ही सभी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए सम्मानजनक बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला पदाधिकारी ने प्राप्त होने वाली शिकायतों के लिए प्रत्येक कार्यालय में एक विशेष पंजी संधारित करने का भी निर्देश दिया है। जिसमें शिकायतों का विवरण दर्ज किया जाएगा तथा उनके निष्पादन की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों द्वारा निर्देशों के अनुपालन एवं शिकायतों के समाधान की नियमित समीक्षा की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे सबका सम्मान-जीवन आसान कार्यक्रम के तहत सभी थानों, अनुमंडल पुलिस कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में भी आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय-3 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति व्यक्ति दोगुना रोजगार-दुगुनी आय, समृद्ध उद्योग-सशक्त बिहार, कृषि में प्रगति प्रदेश की समृद्धि, उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य, मजबूत आधार-आधुनिक विस्तार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि आगामी पांच वर्षों में राज्य के एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत महिलाओं को स्वरोजगार हेतु दो लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण में चिन्हित 94 लाख गरीब परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि उद्योग एवं निवेश के क्षेत्र में बिहार को पूर्वी भारत के एक प्रमुख टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अगले पांच वर्षों में सरकार द्वारा पचास लाख करोड़ रुपये के निजी निवेश को सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से चौथे कृषि रोडमैप के कार्यों को गति दी जाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु राज्य में अलग उच्च शिक्षा विभाग का गठन किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नई एजुकेशन सिटी का निर्माण किया जाएगा तथा पुराने एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिल सके। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल तथा प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को विशिष्ट चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## एक नजर

### शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नौला पीकेट प्रभारी अकरम खान ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों की पहचान बैधनाथ महतो के (19) वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार तथा बलवंत महतो के (18) वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार के रूप में हुई है। दोनों आरोपी ग्राम बरहरा, पोस्ट अंबा, थाना वीरपुर के निवासी बताए गए हैं। पीकेट प्रभारी अकरम खान ने बताया कि घुसहा बरैपूरा पुल के समीप तलाशी के दौरान उक्त आरोपियों के पास से 29 पीस रॉयल स्टैग शराब (375 मिली) बरामद की गई। मौके पर ही दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इस संबंध में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब कारोबार पर लगातार सख्त नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### आर्म्स एक्ट मामले में वारंटी गिरफ्तार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वर्षों से आर्म्स एक्ट मामले में फरार वारंटी को पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ताजपुर निवासी स्व राजेंद्र चौधरी के पुत्र बमबम चौधरी वर्षों से फरार चल रहा था।कोर्ट से वारंट निर्गत किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार वारंटी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इधर नावकोठी थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर से एनबीडब्ल्यू वारंटी मदन पासवान पे कुशो पासवान तथा भीखन पासवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी कांड संख्या 22/06 में लंबे समय से वांछित थे। गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस को सफलता मिली। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसआई विश्वजीत कुमार ने किया। उनके साथ मो. इस्माइल सहित नावकोठी थाना के सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर थाना लाया।थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों एनबीडब्ल्यू वारंटी न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आगे भी फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### मौनी अमावस्या को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बक्सर के रामरेखा घाट पर माघ माह की मौनी अमावस्या स्नान को लेकर आज श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तों ने गंगा में डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने ब्राह्मणों और दरिद्र नारायण को दान देकर पुण्य अर्जित किया। घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए एनडीआरएफ की टीम तैनात रही। पुलिस प्रशासन की टीम भी पूरे समय मुस्तैद नजर आई। रेलवे स्टेशन पर भीड को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ ने सतर्कता बरत रही है। यातायात डीएसपी के नेतृत्व में ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ की गई। वाहनों की पार्किंग किला मैदान सहित गोलंबर के आसपास निर्धारित की गई। बड़े वाहनों के प्रवेश पर विशेष रोक लगाई गई। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया। प्रशासन की सतर्कता से स्नान पर्व शांतिपूर्ण और सफल रहा।

### दिवंगत तेजनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़हरा प्रखंड के छीनेगांव निवासी पत्रकार विजय सिंह के 85 वर्षीय पिता पूर्व वार्ड सदस्य स्व तेज नारायण सिंह के ब्रह्मभोज सह श्रद्धांजलि सभा में कई चर्चित लोगों ने पहुंच कर उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। वही दिवंगत के जीवन के कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा ब्रह्म भोज में शामिल हुए। उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बड़हरा की समाज सेविका सह राजद नेत्री सोनाली सिंह, सवर्ण क्रांति सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह, ग्रामीण बैंक के कर्मचारी संघ के पूर्व नेता अशोक कुमार सिंह, भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र सिंह, पत्रकार कमलेश पांडेय,पत्रकार संतोष सिंह, योग गुरु स्वामी

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने खोला एक्सक्लूसिव शोरूम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शहर के डकबंगला रोड में शनिवार को किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के भव्य शोरूम का उदघाटन किया गया। उक्त शोरूम किसना डायमंड का 15वें एक्सक्लूसिव शोरूम है। शनिवार को उक्त शोरूम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के गन्ना मंत्री संजय पासवान, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार सिंह, हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया, किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स कोमल कुमारी एवं गुलाब कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर किसना ने विशेष ऑफर की घोषणा की। जिसमें हीरे और सोने के आभूषणों के निर्माण शुल्क पर प्रति ग्राम 1000 तक की छूट और चुनिंदा हीरे के आभूषणों पर प्रति उत्पाद 1500 तक की छूट शामिल है। मंत्री संजय पासवान ने कहा कि किसना का यह शोरूम बेगूसराय के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर घनश्याम धोलकिया, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, हरी कृष्णा ग्रुप ने कहा कि बिहार हमारे सबसे मजबूत और तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है।

# किसानों के पूर्वजों के नाम है जमीन, कैसे पूरा होगा एफआर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़हरा।** जिलाधिकारी भोजपुर के निर्देश पर बड़हरा प्रखंड के पंचायतों में किसान पंजीकरण (एफआर) और ई-केवाईसी पिछले दो दिनों से शुरु है। इस को लेकर प्रखंड सह अंचल प्रशासन पिछले दो दिनो से सक्रिय है। किसान पंजीकरण को लेकर विभिन्न विभागो के 70 कर्मी व ई-केवाईसी के लिए 39 कर्मी प्रतिनियुक्त कराये गये है। कर्मियों को 17 से 21 जनवरी 2026 तक कार्य कर 14067 किसान का एफआर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश है। वही प्रशासन द्वारा बड़हरा में प्रतिदिन 850 रजिस्ट्रेशन करने का लक्ष्य है। फिलहाल प्रतिदिन तकरीबन 300/350 किसान रजिस्ट्रेशन हो रहा है। वही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक कंट्रोल रुम बनाये गये है। किसान रजिस्ट्रेशन व ई-केवाईसी में किसान सलाहकार, कृषि समन्वयक, कचहरी सचिव, राजस्व कर्मचारी, बुक किपर, विकास मित्र, स्वच्छता पर्यवेक्षक, कार्यपालक सहायक/ डाटा ऑपरेटर, अंचल अमीन, विशेष सर्वे अमीन व अधिकारी पुरी तत्परता से डाटा को कलेक्ट करने का काम कर रहे हैं। लेकिन उन्हें सफलता नही मिल रही। रविवार को अंचलाधिकारी बड़हरा अंशू प्रसुन्न अचानक कंट्रोल रुम का जायजा लेने पहुंचे। तैनात कर्मियों से कार्य की प्रगति समीक्षा कर पुनः क्षेत्र भ्रमण के लिए निकले। कर्मियों के कार्य की सराहना की। प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने बताया कि बहुत ऐसे लोग है जिनके नाम जमीन के परिमार्जन नही है। उनके पुर्वजों (दादा, पिता व माता के नाम है) के नाम जमाबंदी है। कुछ लोगों के पास अपना जमीन का कागजात है। जिसकी संख्या 5 से 10 फिसदी तक हो सकता है। जो रजिस्ट्रेशन व ई-केवाईसी करा रहे है। ऐसी किसानों के बीच समस्या है। प्रशासन को सबसे पहले जमीन का मोटेशन व परिमार्जन तुरुस्त कराना चाहिए। तब इस समस्या का समाधान हो सकेगा।

# रैयतों द्वारा दायर आपत्ति की भूअर्जन पदाधिकारी ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला भू-अर्जन से संबंधित मामलों में रैयतों द्वारा दायर की गई आपत्तियों की सुनवाई जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रणजीत कुमार द्वारा की गई। सुनवाई के दौरान खगड़िया शहर सुरक्षा तटबंध परियोजना के अंतर्गत प्रभावित तीन मौजा कुनरवा, धनचक्की एवं सिंधुआरी के रैयतों की विशेष रूप से आपत्तियों की सुनवाई की गई। संबंधित रैयतों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई एवं तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने उपस्थित रैयतों को आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी आपत्तियों का नियमानुसार, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निष्पादन किया जाएगा तथा भू-अर्जन से संबंधित सभी मामलों में सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।सुनवाई के क्रम में कई मामलों में रैयतों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की गहन जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अंचल अधिकारियों एवं भू-अर्जन कर्मियों को स्थलीय जांच कराने अथवा अतिरिक्त अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। कुछ मामलों में त्वरित समाधान करते हुए आवश्यक कार्रवाई भी प्रारंभ की गई। इस अवसर पर अपर भू-अर्जन पदाधिकारी पंकज कुमार, राजेश कुमार एवं संतोष कुमार सहित भू-अर्जन कार्यालय के अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री को दरभंगा जिला प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे को दरभंगा जिला का प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर दरभंगा जिला भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर जिला भाजपा की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। जिला भाजपा अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने अपने बधाई संदेश मे कहा कि मंगल पांडे का प्रशासनिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं जनहित के प्रति समर्पण दरभंगा जिले के समग्र विकास को नई दिशा देगा। प्रभारी मंत्री के रूप में उनके मार्गदर्शन में स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके कुशल नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं जिले के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचेंगी तथा दरभंगा विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय चौधरी, संतोष पोद्दार, सुजीत मलिक, जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा, राजू तिवारी, राजेश रंजन,सोनी पूर्वे, संगीता साह, विकास चौधरी, श्रवण कुमार मिश्रा, सुनील कुमार चौधरी, जिला मंत्री राहुल पासवान, सचिन जैन, पिंटू महासेठ, मीरा मेहता, रानी झा, रिंकी देवी, बालेंदु झा, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, ओमप्रकाश सिंह, सुंदरलाल चौधरी, साक्षी तिवारी, अविनाश कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, बबलू पंजियार सहित अनेको कार्यकर्ताओं ने मंगल पांडे को जिला के प्रभारी मंत्री बनने पर बधाई दी।

# शिवाजीनगर में मनरेगा बचाव अभियान की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड में कंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह एवं एनएसयूआई प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा बचाव अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। इस मौके पर कंग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने कहा कि मनरेगा योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों पर आधारित है, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को लगातार कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ महात्मा गांधी का अपमान है, बल्कि ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला भी है। मजदूरों की हकमारी की जा रही है और जानबूझकर मनरेगा के कार्यों को सीमित किया जा रहा है। कंग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि पहले मनरेगा में राज्य सरकार की भागीदारी कम थी, लेकिन अब केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की भागीदारी बढ़ाकर स्वयं की जिम्मेदारी कम कर दी है। इसके साथ ही अब केवल चुनिंदा गांवों में ही मनरेगा का कार्य कराने की नीति अपनाई जा रही है, जो इस योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश का हिस्सा है। एनएसयूआई प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि कंग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत कंग्रेस कार्यकर्ता हर गांव, हर टोला और हर पंचायत में साइकिल के माध्यम से घूम-घूमकर प्रचार-प्रसार करेंगे। गांवों में मजदूरों से सीधे संवाद कर उन्हें मनरेगा से जुड़े उनके अधिकारों की जानकारी दी जाएगी और मोदी सरकार द्वारा मनरेगा बंद करने की कथित साजिश को उजागर किया जाएगा उन्होंने कहा कि आज से इस अभियान की शुरुआत कर दी गई है और आने वाले दिनों में इसे और तेज किया जाएगा इस अवसर पर एनएसयूआई नेता उग्रेश कुमार सहित कई कंग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे। सभी ने एकजुट होकर मनरेगा बचाने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# सप्ताह में दो दिन आमजन से मिलेंगे अफसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कहलगांव (भागलपुर)।** इस अनुमंडल क्षेत्र में नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों में कमी लाने के उद्देश्य से बिहार सरकार के सात निश्चय -तीन के तहत सबका सम्मान - जीवन आसान लक्ष्य को धरातल पर उतारने की नयी व्यवस्था लागू की गयी है। कहलगांव के नये अनुमंडल पदाधिकारी (आईएएस) कृष्ण चंद्र गुप्ता ने रविवार को यहां बताया कि सोमवार से आरंभ इस व्यवस्था के तहत तीनों प्रखंड कहलगांव, पीरपैंती व सन्हौला में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार एवं शुक्रवार को सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल एवं प्रखंडों के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोगों की शिकायतों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी उनके निर्धारित कार्य स्थल या कार्यालय में मिलेंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित दोनों दिवसों पर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने अपने कार्यालय में अनिवार्य रुप से उपस्थित रहकर लोगों से सम्मानपूर्वक मिलेंगे। श्री गुप्ता ने बताया कि इस अनुमंडल के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोगों (आगुंतकों) के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश सभी पदाधिकारियों को दिया गया है। साथ उनके लिए पेयजल व शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं की व्यवस्था की जाएगी और प्राप्त शिकायतों के लिए एक विशेष पंजी का संधारण करने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि प्रायः यह देखा गया है कि जनता अपनी समस्या को लेकर जब सरकारी कार्यालय पहुंचते हैं, तो अधिकारी उपस्थित नहीं रहते हैं जिसके कारण लोगों को असुविधा होती है। इसे देखते हुए अब आमलोगों के लिए सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में उत्पन्न कठिनाईयों को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी है। जिसका पूरा लाभ आमलोगों को मिलेगा।

# कल्पना ने कृषि उद्यमी के रूप में बनाई पहचान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नावकोठी।** प्रखंड के विष्णुपुर पंचायत की कल्पना कुमारी क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। कभी घर की दहलीज से बाहर न निकलने वाली, कम बोलने वाली और आत्मविश्वास की कमी से जूझ रही कल्पना कुमारी आज एक सफल कृषि उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। उनके जीवन में यह सकारात्मक बदलाव तब आया जब वे जीविका स्वयं सहायता समूह तथा आकाश जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति से जुड़ीं। जीविका से जुड़ने के बाद उन्हें प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और सामूहिक सहयोग मिला। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने खेती को उद्यम के रूप में अपनाया। सब्जी उत्पादन, बीज संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से उन्होंने न केवल अपनी आय बढ़ाई, बल्कि परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत किया। आज वे अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। कल्पना कुमारी की सफलता इस बात का प्रमाण है कि जब महिलाएं संगठित होती हैं, तो वे परिवार और समाज की बड़ी ताकत बन जाती हैं। उनके कार्यों से प्रभावित होकर क्षेत्र की कई महिलाएं जीविका समूह से जुड़ रही हैं। प्रखंड बीपीएम मनोरंजन कुमार ने बताया कि इस साल एक महिला दीदी कल्पना कुमारी गणतंत्र दिवस पर दिल्ली जा रही है। हमारा पूर्ण कोशिश रहेगा कि अगले साल से 100 महिलाएं दीदी हमारे प्रखंड नाव कोठी से दिल्ली जाए। अभी तो मंजिल पाना बाकी है। सामुदायिक समन्वयक बबली कुमारी ने बताई कि हमारे संगठन के कल्पना कुमारी बहुत ही जुझारू हुआ कर्तव्यनिष्ठ दीदी है।जो आज इस मंजिल को पाई है। मैं आशा करूंगा कि मेरे संगठन की हर जीवीका दीदी कल्पना दीदी की तरह बने।गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले की चार जीविका दीदियों को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें कल्पना कुमारी का नाम भी शामिल है। उनकी यह उपलब्धि पूरे नावकोठी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।यह अन्य महिलाओं के लिए एक मजबूत नजीर भी है।

# मां मैत्रायिणी योगिनी स्कूल की छात्रा को नेशनल शतरंज प्रतियोगिता में मिला 19 वां रैंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**आरा।** झारखंड राज्य के रांची में 13 से 17 जनवरी 2026 तक हुए नेशनल शतरंज प्रतियोगिता (एसजीएफआई) में भोजपुर जिले के बड़हरा की बेटी ने बाजी मारी है। वह मां मैत्रायिणी योगिनी सेकेंडरी स्कूल गुंडी की आठवीं वर्ग की छात्रा अनन्या सिंह है। उसने नेशनल शतरंज प्रतियोगिता जीत कर पूरे बड़हरा समेत स्कूल का नाम रौशन किया है। अनन्या ने 14 वर्ष बालिका वर्ग में पूरे देश में 19 वां रैंक पाकर राज्य, जिला व मां मैत्रायिणी योगिनी स्कूल के कीड़ा शिक्षक भुनेश्वर सिंह के नाम को गौरवांवित किया है। इस होनहार छात्रा के प्रतिभा का समाचार सुनकर विद्यालय के संस्थापक परमपूज्य पीठाधीश्वर अघोराचार्ज महाराज श्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी ने छात्रा अनन्या सिंह एवं उनके परिवार को ढेर सारा आशिर्वाद व शुभकामनाएं दिया है। इस स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने क्रीड़ा शिक्षक को बधाई देते हुए बताया कि छात्राओं को अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। इन्होने समाज में खेल के प्रति बेटा और बेटी में अंतर दूर करने संदेश दिया है।

# विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन को लेकर कार्यशाला

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, दरभंगा में विकसित भारत रोज़गार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके माध्यम से गांवों में स्थायी रोज़गार के अवसर सृजित होंगे, स्थानीय संसाधनों का समुचित उपयोग होगा तथा युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आजीविका का सशक्त माध्यम मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए लगातार ठोस और दूरदर्शी योजनाएं लागू कर रही है। डॉ. ठाकुर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस मिशन की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवार इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह मिशन केवल रोजगार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि कौशल विकास, स्वरोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भाजपा संगठन स्तर पर इस मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को योजना की बारीकियों से अवगत कराना है, ताकि वे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंचा सकें। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री विजय चौधरी जबकि धन्यवाद ज्ञापन पूर्व जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी ने किया। इस कार्यशाला में जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, उपाध्यक्ष अभयानंद झा, राजेश रंजन, विकास चौधरी, श्रवण कुमार मिश्रा,सुनील कुमार चौधरी, संगीता साह, जिला मंत्री राहुल पासवान, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी आदि थे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर सरकार है तत्पर : मंत्री

## जीविका दीदी अब आंगनबाड़ी और स्कूलों के बच्चों की बनायेंगी पोशाक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आम लोगों की भागीदारी और सहयोग से बिहार को देश के टॉप फाइव राज्यों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य है। इसके लिए सरकार हर वर्ग को आगे बढ़ाने और रोजगार से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रही है। दरअसल रविवार को मसौढ़ी प्रखंड के चपौर पंचायत के चाननपुर गांव में अभिनंदन सह कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जदयू अशोक कुमार सिंह ने की। संचालन राजीव रंजन उर्फ पिंटू सिंह ने की। मौके पर




मसौढी विधायक अरुण मांझी मुख्य अतिथियों के रूप में शामिल रहे। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल पढ़े-लिखे या किसी एक वर्ग को आगे बढ़ाना नहीं है, बल्कि समाज के हर तबके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। अपने संबोधन में मंत्री ने जीविका योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाएं तेजी से जागरूक हो रही हैं। राज्य की 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं के खातों में 10 हजार रुपये की सहायता राशि भेजी गई है, जिससे वे स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसरों की ओर बढ़ सकें। अब जीविका दीदी के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों एवं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्कूल का पोषक भी बनेंगे। उन्हें सिलाई मशीन का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जब नीतीश कुमार की सरकार बनी थी, तब विकास के लिए विश्व बैंक से ऋण लेकर काम शुरू किया गया था। आज केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार के सर्वांगीण विकास में जुटी हुई हैं। सरकार ने बिहार को विकास की नई दिशा दी। पिछले 20 सालों से गव्ह की सरकार ने बिहार को विकास की नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य में घर-घर बिजली पहुंचाई गई है, गांव-गांव तक पक्की सड़कों का निर्माण हुआ है। मंत्री ने कहा कि यह सब संभव हुआ है क्योंकि गव्ह सरकार ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए हर वर्ग के विकास के लिए योजनाएं चलाई हैं। कार्यक्रम में जदयू नगर अध्यक्ष अश्वनि उर्फ गोल्डी, सुनील कुमार वर्मा, मुखिया श्वेता सिन्हा, लालमोहन सिंह, शिल्पी ठाकुर, शाहिद आलम, मेराज अहमद, शंभू सिंह, आशीष देव, आशा किरण सिंह, विजय यादव, अजीत पांडे,हिमांशु,अजित पांडे, आदी शामिल रहे।

# दो युवकों पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में सात नामजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र के शाहाबाद गांव में बीते शुक्रवार की देर शाम को खेत से लौट रहे दो युवकों पर गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में जख्मी युवक रितिक रोशन के पिता संतोष शर्मा के बयान पर सात लोगों पर नामजद एवं चार अज्ञात पर मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दरअसल पीड़ित संतोष शर्मा के द्वारा दिए गए फर्दबयान के आधार पर सभी आरोपीयों पर हत्या का प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के मामले में मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित संतोष शर्मा के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है कि हमारा बेटा रितिक रोशन और गांव के ही बिट्टू कुमार पिता राजेश्वर मिस्त्री दोनों अपने खेत देखकर लौट रहे थे उसी दरमियान 6-7 की संख्या में लोग शराब के नशे में थे और गाली गलौज कर रहे थे इस दौरान मना कर हमारा बेटा बाइक पर जैसे ही बैठकर गाड़ी चला रहे थे उसी दौरान पप्पू कुमार पिता राम लखन राय ने गोली चला दी जो हमारे बेटे के कमर से छूते हुए बिट्टू कुमार की रिढ की हड्डी तक जा लगी है दोनों को अवध अस्पताल मसौढ़ी मे लाया गया उसके बाद अनुमंडल अस्पताल से रेफर पीएमसीएच किया गया उसके बाद हम सबों ने बेहतर इलाज के लिए दानापुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। आरोपियों में पप्पू कुमार पिता राम लखन राय, नंदकुमार पिता पहलवान राय, शिवकुमार पिता अर्जुन राय, गुड्डू कुमार, पिंटू सिंह, विपिन कुमार, हरि प्रकाश के साथ चार ज्ञात लोगों ने यह घटना को अंजाम दिया है पुलिस पूरी बिंदु की जांच में जुटी है।

## जिले की सभी पंचायतों में विवाह मंडप का होगा निर्माण

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले के परिसदन मे पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला परिषद के रिक्त भूमि पर दुकान, गोदाम और बाजार विकसित कर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी तक जिला परिषद और पंचायत के रिक्त भूमि का विवरण विभाग को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पंचायत में विवाह मंडप का निर्माण कराया जाएगा। पंचायत सरकार भवन निर्माण की गति तेज करने का भी निर्देश। उन्होंने दिया जिले में 64 पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इस में से 17 पूर्ण कर लिया गया है। शेष को शीघ्र पूरा करने का निर्देश भी उन्होंने दिया। उन्होंने स्ट्रीट लाइट और 15वें वित्त आयोग से निर्मित योजनाओं को पूरा करने का भी निर्देश दिया।

## कल आएंगे सीएम, प्रशासन की तैयारी पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवहर।** समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल सोमवार को शिवहर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर शिवहर जिला प्रशासन में सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। जिलाधिकारी प्रतिभा रानी, पुलिस अधीक्षक शुभांकु मिश्रा के द्वारा कार्यक्रम स्थल सहित बाबा भुवनेश्वर नाथ धाम, बस स्टैंड तथा किसान मैदान में कार्यक्रम स्थल एवं पदाधिकारी के समीक्षात्मक बैठक की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान शिवर में 42 करोड़ की लागत से 75 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे वही 17 करोड रुपए की लागत से 28 योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री जिले के ऐतिहासिक देकुली धाम स्थित भुवनेश्वर नाथ महादेव मंदिर के सौंदरीकरण कार्य एवं शिवहर अंतर राज्य बस पराव का उद्घाटन करेंगे। साथी विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री जिला अंतर्गत क्रियानवित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का समीक्षा भी करेंगे। निरीक्षण भी करेंगे और जनसंवाद कार्यक्रम भी आयोजित है।

## हार्ट अटैक से दारोगा का निधन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक विनय कुमार सिंह किया मुस्कुराता हुआ चेहरा अब पुलिस महाकुंभों के बीच से खो गया है। दरअसल शनिवार को देर रात को हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया है। सूचना मिलते ही पुनपुन थाना के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के बीच शोक की लहर छा गई, वहीं निधन पर रविवार को पुनपुन थाना में पुलिस निरीक्षक पुनपुन अंचल के नेतृत्व में उनकी आत्मा की शांति हेतु शोक सभा की गई। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की डेढ़ साल पहले पुनपुन थाना में पदस्थापित हुए थे। कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और अवकाश में इलाज हेतु अपने पैतृक गांव गए लालपुर थाना चौथम जिला खगड़िया गए हुए थे, जहां उनके देर रात हार्ट अटैक से निधन हो गया है। असमय चले जाना पुलिस महकमा के लिए एक अपूरणीय क्षति हुई।

## 120 लीटर देसी शराब के साथ महिला कारोबारी गिरफ्तार

**मसौढी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान रविवार को भगवानगंज पुलिस ने खैनिया चक गांव में छापेमारी करते हुए 120 लीटर देशी शराब और दो बोतल विदेशी शराब को जब्त किया है। इस दौरान एक महिला शराब कारोबारी को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला का नाम गौरी देवी पति हलचल यादव खनियाचक का रहने वाली है। हालांकि छापेमारी के दौरान शराब बेच रहे दो लोग भागने में सफल रहे हैं जिसमें राकेश कुमार और दीपक कुमार हैं, सबो के ऊपर पुलिस कार्रवाई करते हुए फरार शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि लगातार कई दिनों से खैनिया चक गांव से शराब बिक्री करने की खबर मिल रही थी ऐसे में रविवार को सघन छपरीमारी करते हुए ऑपरेशन चलाया गया जहां पर दलान में तीन व्यक्ति 40 लीटर अपने गैलन में रखे हुए थे कुल 120 लीटर देसी शराब और दो बोतल विदेशी शराब को जब्त किया गया है।

# कांटी में दो दिवसीय शरत मेला उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न

## देसी व्यंजन, ग्रामीण शैली में स्टॉल रहे आकर्षण के केन्द्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कांटी।** कांटी स्थित मुजफ्फरपुर थर्मल पावर स्टेशन के आवासीय परिसर में आयोजित दो दिवसीय शरद मेला विलेज वाइब्स मेला अपना गाँव, अपनी पहचान ग्रामीण संस्कृति, आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की सजीव झलक प्रस्तुत करते हुए रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस मेले को स्थानीय नागरिकों एवं आगंतुकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता प्राप्त हुई। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयकुमार श्रीनिवासन, निदेशक (वित्त), एनटीपीसी लिमिटेड एवं सुनीता जयकुमार, वरिष्ठ सदस्या, संयुक्ता महिला समिति द्वारा शनिवार को किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विजय गोयल, क्षेत्रीय कार्यकारी



निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) एवं संगीता गोयल, अध्यक्षा, सुजाता महिला समिति गरिमामयी रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर मेले का औपचारिक उद्घाटन किया गया। प्रथम दिवस मेले में लोक संगीत एवं लोक नृत्य, पारंपरिक ग्रामीण खेल, देसी व्यंजन, ग्रामीण-शैली के स्टॉल तथा हस्तशिल्प प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स को आगंतुकों से विशेष सराहना मिली, जिससे ग्रामीण उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन मिला। द्वितीय दिवस मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने ग्रामीण लोकसंस्कृति की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया। इसके साथ ही आयोजित लकी ड्रॉ कार्यक्रम ने आगंतुकों में अतिरिक्त उत्साह भर दिया और मेले के आकर्षण को और बढ़ाया। इस अवसर पर संजीब कुमार सुआर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कंाटी, दीपाली आचार्य, अध्यक्षा, संघमित्रा महिला मंडल, सहित एनटीपीसी कंाटी के वरिष्ठ अधिकारीगण, विभागाध्यक्ष, कर्मचारीगण, संघमित्रा महिला मंडल की सदस्याएँ तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय शरद मेले का आयोजन संघमित्रा महिला मंडल, एनटीपीसी कंाटी द्वारा किया गया, जिसने ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं सामुदायिक सहभागिता को सशक्त मंच प्रदान किया।

## जमीन कब्जा के मामले में पांच के खिलाफ आवेदन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तरपुरा गांव के मिंता देवी पति लाला प्रसाद ने मसौढी थाने में पांच लोगों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और फायरिंग कर दहशत मचाने के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए थाने में आवेदन देकर गुहार लगाई है। दरअसल पीड़ित मिंता देवी ने बताया है कि तरपुरा स्थित हमारे जमीन पर मालिकाना के रहने वाले कुछ लोग जबरदस्ती कब्जा करना चाहते है और जेसीबी लाकर हमारे प्लॉट पर खोद रहे थे इसका विरोध करने पर ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग कर दहशत मचाने की कोशिश की है जिसमें रंजीत कुमार, सोनू कुमार, छोटू कुमार समेत पांच लोगों के खिलाफ नामदाद आरोपी बनाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई।

# सरस्वती पूजा में इस बार डीजे की धुन पर नहीं थिरकेंगे युवक

## सरस्वती पूजा एवं गणतंत्र दिवस को लेकर मसौढ़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना परिसर में रविवार को सरस्वती पूजा और गणतंत्र दिवस को लेकर थानाध्यक्ष विवेक भारती की अध्यक्षता में शांति समिति की एक बैठक की गई। बैठक में प्रशासन ने सरस्वती पूजा के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। बैठक में कहा गया कि अगर कोई इस आदेश का उल्लंघन करेंगे तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। सरस्वती पूजा के आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस पूजा करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में बताया गया



कि सरस्वती पूजा के लिए विभिन्न गांवों और स्थानों से लाइसेंस हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों से नियमों का पूर्ण पालन करने, समय पर लाइसेंस प्राप्त करने और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि पूजा व विसर्जन जुलूस में डीजे नहीं बजेगा। जुलूस में कोई धारदार हथियार नहीं रखेंगे। इन नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे को जब्त कर डीजे मालिक और पूजा लाइसेंसधारी पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि पूजा में शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों से पूजा में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा का दायित्व देते हुए पूजा तथा विसर्जन जुलूस पर नजर रखने को कहा गया। कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की सूचना तत्काल थाना को देने को कहा गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं कई पुलिस पदाधिकारी समेत गणमान्य लोग शामिल रहे।

# विकास से कोसों दूर है मनसा बिगहा गांव : माले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** समीपवर्ती हिलसा प्रखंड के कपसियावां पंचायत के मनसा बीघा गांव में रविवार को भाकपा (माले) प्रखंड कमेटी सदस्यों ने जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के बाद जारी बयान में पंचायत प्रभारी कॉमरेड भीम बिंद ने कहा कि बिहार में विकास की लंबी-चौड़ी बातें करने वाले और विकास पुरुष के नाम से प्रचारित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में ही हिलसा प्रखंड का मनसाबिगहा गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग आज भी कीचड़ भरे रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं। वहीं सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना



के अंतर्गत हर घर नल-जल की बात की जा रही है, लेकिन मनसा बिगहा गांव में पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। भीम विंद ने कहा कि सरकार अविलंब इस गांव में नाला निर्माण कराए तथा पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए हर घर तक पानी पहुंचाने का काम सुनिश्चित करे। यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो मनसा बिगहा के ग्रामीणों द्वारा हिलसा प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि उक्त आंदोलन के दौरान यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बिहार सरकार की होगी।

## नीट की छात्रा के मौत पर बवाल, मंत्री श्रवण कुमार ने कहा दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नीट की छात्रा के मौत के बाद न केवल पटना बल्कि कई जगह पर बवाल मचा हुआ है। बेटी की इस दरिंदगी पर हर कोई न्याय मांग रहा है। वही इस बीच मसौढी कार्यक्रम पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, पूरी एसआईटी की टीम तत्परता से इसकी जांच कर रही है, न्याय जरूर मिलेगा। गौरतलब है कि बिते 6 जनवरी को पटना के शंभू गर्ल्स हॉस्टल में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा की मौत के मामले ने पूरे बिहार में आक्रोश पैदा कर दिया है। रिपोर्ट में छात्रा के शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी एम्स की डॉक्टर बनना चाहती थी। आज उसी बेटी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट एम्स भेजी गई है। उन्होंने सरकार के सुशासन के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह कैसी व्यवस्था है जहां बेटियों के साथ दरिंदगी होती है और फिर उन्हें मौत के घाट उतार दिया जाता है। मृतका के चाचा ने हॉस्टल संचालक पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस प्रशासन और अस्पताल इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहे थे, चाचा ने यह भी कहा कि अगर अपराधी उन्हें सौंप दिया जाए तो वे उसे तालिबानी सजा देंगे।

## सड़क हादसे में 50 वर्षीय अधेड़ की मौत, सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** बिहटा सरमेरा हाइवे पर पुनपुन थाना क्षेत्र के नदपुरा गांव के समीप सड़क पार करने के दौरान एक स्कॉर्पियो के ठोकर से एक 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत मौके पर हो गई है। मृतक की पहचान लक्ष्मण दास उम्र 50 वर्ष पिता स्वर्गीय जगनारायण दास है जो पुनपुन थाना क्षेत्र नदपुरा के रहने वाला है जो सड़क क्रॉस कर रहा था, घटना के बाद मृतक के प्रश्नों ने आक्रोश में कुछ देर के लिए सड़क को यातायात को बाधित कर दिया वह पुलिस ने किसी तरह से समझाओ जाकर यातायात को खाली कराया गया एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है वहीं भाग रहे स्कॉर्पियो को भी लोगों ने तोड़फोड़ की है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि वह मजदूरी कर अपना घर वापस लौट रहा था उसी दौरान सड़क पार करने के दौरान स्कॉर्पियो को ठोकर से मौके पर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और उसे पोस्टमार्टम के लिए पटना रेफर किया गया है घटना के बाद पूरी परिजनों में शोककुल है।

## उलार सूर्य मंदिर में सीताराम नाम नवाह जप यज्ञ शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** उलार सूर्य मंदिर में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से श्री सीताराम नाम नवाह जप यज्ञ का आयोजन शुरू किया गया है। इस यज्ञ में 24 घंटे लगातार श्री सीताराम नाम का जाप किया जा रहा है। उलार सूर्य मंदिर न्यास समिति के सदस्य पवन कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह धार्मिक आयोजन किया गया है। यज्ञ का समापन अचला सप्तमी के पावन अवसर पर रविवार, 25 जनवरी को दोपहर 12 बजे होगा। उन्होंने आसपास के



श्रद्धालुओं और ग्रामीणों से यज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। साथ ही कहा कि उलार सूर्य मंदिर शुरू से ही धर्म और आस्था का प्रतीक रहा है और यहां की जनता वर्षों से चली आ रही परंपराओं को निभा रही है, जो सराहनीय है।

## फैन्सी मैच में नप कर्मियों की टीम रही विजयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी नगर परिषद के द्वारा डीएन कॉलेज के मैदान में एक फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच सभी पार्षद और नगर परिषद के कर्मियों के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीत कर पार्षद टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 97 रन बनाकर 8 विकेट पर आउट हुए। वहीं नगर परिषद कर्मियों की टीम ने 16 ओवर में 1 विकेट खोकर 102 रन बनाए और 5 रन से बढ़त बना कर जीत हासिल कर लिया। आपको बता दें कि इस मैच में मैन



ऑफ द मैच का खिताब विवेक कुमार को दिया गया। आयोजन के अन्त में विजेता टीम को कार्यपालक पदाधिकारी राजू कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि शंभू सिंह तथा उपमुख्य पार्षद चन्द्रकांत कुमार ने कप देकर सम्मानित किया गया। वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, आनंद शेखर, मिथिलेश शर्मा, छोटे शर्मा, वीरू, देव, राकेश कुमार, गुलाब प्रसाद, मुकेश, सोनू सिन्हा सहित नगर परिषद के कर्मी शिव प्रकाश, अमिन रामाधार कुमार यादव, विवेक, सुमित, मुन्ना, राज, वरूण, राहुल आनंद, सहनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आवास सत्यापन के नाम पर 500 रुपये का नजराना वसूली का वीडियो वायरल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन दिनों सभी पंचायत में आवास चेकर के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे में धनरूआ प्रखंड के सतफरस पंचायत में आवास चेकर बने पंचायत रोजगार सेवक का 500 रूपया नजराना वसूली करते का वीडियो वायरल हुआ है। जहां आवास सत्यापन के नाम पर लाभुकों से 500 रुपये लिये जा रहे थे। वायरल हुए बीडीओ का संज्ञान में आते ही धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी ने आरोपी पंचायत रोजगार सेवक राधा रमण प्रसाद पर स्पष्टीकरण किया है। और 24 घंटे के अंदर जवाब समर्पित करने को कहा है। बीडीओ सीमा कुमारी ने कहा है की सभी आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक एवं सभी चेकरों को निष्पक्ष पारदर्शी तरीके से अपने-अपने पंचायत में आवास का सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है।

# सुशासन को और मजबूत करेगा 'सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत 'सबका सम्मान जीवन आसान' को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में जिला प्रशासन ने अहम कदम उठाया है। इस योजना के तहत अब सरकारी कार्यालयों में आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। रविवार को समाहरणालय के सभागार में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में बिहार सरकार ने प्रभावी कदम उठाया है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि आमजन की सुविधा के लिए इसके पूर्व सप्ताह में एक बार जिला स्तरीय जनता दरबार लगता था लेकिन अब 'सबका सम्मान जीवन आसान' के तहत सप्ताह में दो बार सोमवार और शुक्रवार को जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों द्वारा जनता दरबार लगाकर आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान देखा गया है कि कई लोग बार-बार एक ही समस्याओं को लेकर आते है। उन मामलों को विशेष रूप से समाधान के दिशा में कार्रवाई की जाएगी। शिकायतों का मॉनिटरिंग किया जाएगा। तय सीमा के अंदर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। यदि संबंधित पदाधिकारी सोमवार एवं शुक्रवार को किसी अपरिहार्य कारणवश कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते है तो उनके स्थान पर उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी लोगों से मिलने के लिए कार्यक्रम में अवश्य उपस्थित रहेंगे।



जिलाधिकारी ने कहा कि यह नई व्यवस्था 19 जनवरी से प्रभावी होगी। इसके लागू होने से आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से हो सकेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल जिले में सुशासन को और मजबूत करेगी तथा आमजनों के दैनिक जीवन को सरल एवं सहज बनाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में आगंतुकों के लिए सम्मानजनक बैठने की व्यवस्था की जाएगी। आगंतुकों के लिए पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का विधिवत पंजी संधारण किया जाएगा। सभी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से भी करायी जाएगी। जिला स्तर पर वेबसाइट निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है जिसके माध्यम से कोई भी आम नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत ऑनलाइन पंजीकृत कर सकेंगे। साथ ही, पंजीकृत शिकायतों के निष्पादन की अद्यतन स्थिति ऑनलाइन देखा जा सकता है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने कहा कि 'सबका सम्मान जीवन आसान' के माध्यम से आमजन को पुलिस प्रशासन तक सीधी पहुंच मिलेगी तथा उनकी शिकायतों एवं सुझावों पर समयबद्ध कार्रवाई की जायेगी। जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करना है। अब जिला, अनुमंडल एवं थाना स्तर पर जन सुनवाई की जायेगी। इसके पूर्व भी जनता दरबार लगाकर लोगों के समस्याओं का समाधान किया जाता था। अब सप्ताह में सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार लगाया जाएगा। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी मौजूद रही।

# 16 केंद्रों पर बिहार दारोगा परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) की भर्ती परीक्षा को लेकर बनाये गये 16 परीक्षा केंद्रों पर 9936 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा को पूरी तरह स्वच्छ, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सख्त इंतजाम किए गए थे। परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की गहन जांच की गई। फोटो पहचान पत्र, एडमिट कार्ड और चेहरे का मिलान करने का बाद ही प्रवेश दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर जूते उतरवाकर जांच की गई। मोबाइल, पर्स, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स समेत अन्य प्रतिबंधित सामान अंदर लाने की सख्त मनाही थी। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की निगरानी के लिए तीन लेयर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों पर प्रेक्षक सह-स्टैटिक दंडाधिकारी, चार जोनल दंडाधिकारी और चार उड़नदस्ता दंडाधिकारी की



प्रतिनियुक्ति की थी। हर सेंटर पर एक ऑब्जर्वर के साथ दो-दो स्टैटिक दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात किए गए। इसके अलावा विशेष गश्ती दल भी सक्रिय रहे। वरिष्ठ पदाधिकारियों को उड़नदस्ता दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था, जो सभी केंद्रों के बीच निरंतर निरीक्षण करते नजर आए। परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराई गई ताकि पारदर्शिता बनी रहे। सीसीटीवी से निगरानी रखी गई। जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया जिसके वरिष्ठ प्रभारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) को बनाया गया था। नियंत्रण कक्ष में एक सुरक्षित दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई जिससे किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर रोक सुनिश्चित की गयी। प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी थी। परीक्षा देकर केंद्र से निकले परीक्षार्थियों का कहना था कि यदि कोई नियमित रूप से समाचार और करंट अफ़ेयर्स पढ़ता है तो इन सवालों को हल करना ज्यादा कठिन नहीं था। करंट अफ़ेयर्स का वेटेज अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण यह सेक्शन चयन की दिशा तय करने वाला साबित हो सकता है।

# आर्म्स सहित अन्य मामलों में 41 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटे के अंदर की गयी कार्रवाई में 41 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी आरोपी हत्या का प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 19 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एसी-एसटी एवं आर्म्स एक्ट में एक-एक, हत्या प्रयास के शीर्ष में 10, शराब कांड में 4 एवं अन्य शीर्ष कांडों में 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 6.160 लीटर देसी, दो ट्रैक्टर 200 सीएफटी बालू जब्त किया गया है। इसके अलावा 31 वारंट एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1110 वाहनों की जांच की गई जिससे 113500 रूपये बतौर जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके।

# सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। कैडेट्स ने जसोइया मोड़ स्थित ड्राइविंग एवं यातायात अनुसंधान संस्थान का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह कार्यक्रम जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा युवाओं में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान संस्थान के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा कैडेट्स को सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, उनसे होने वाली मानवीय एवं आर्थिक क्षति तथा दुर्घटनाओं से बचाव के प्रभावी उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में सुरक्षित वाहन




संचालन, यातायात संकेतों की पहचान, सड़क चिन्हों का महत्व तथा अनुशासित ड्राइविंग के विषय में विशेष रूप से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि तेज गति, लापरवाही, नशे की अवस्था में वाहन संचालन, सुरक्षात्मक साधनों का उपयोग न करना तथा यातायात नियमों की अनदेखी सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के लिए सुरक्षात्मक टोपी तथा चारपहिया वाहन चालकों के लिए सुरक्षा पेटी के अनिवार्य उपयोग पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोटरयान निरीक्षक (एमवीआई) नन्दन राज ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने जिले की जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं सड़क सुरक्षा के प्रति उनके संवेदनशील प्रयासों के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय कैडेट कोर के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि वे न केवल स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मनीष कुमार, दिव्यांश राज, बलवीर, रोहित, राहुल, गुड्डू, पल्लवी, सलोनी, रीमा सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर अवस्थित रफीगंज रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन के समीप रविवार की अपराह्न करीब दो बजे के आसपास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों एवं आरपीएफ के एएसआई ब्रजेश पांडे, प्रधान आरक्षी आत्मा शंकर यादव ने जिंदा समझ कर उसे रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया लेकिन डॉक्टर जमील अख्तर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रफीगंज के फिता बिगहा निवासी मोहम्मद इश्याक के 48 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इकबाल के रूप में की गई है। मृतक की पत्नी सलमा



खातून ने बताया कि उसके पति मजदूरी करने के लिए दिल्ली जा रहे थे। उनके पास टिकट भी है। इसी बीच रफीगंज रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन (हनुमान मंदिर) के समीप स्टेशन पर जाने के क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गये। घटना के बाद रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मानक अनुरूप सुनिश्चित करें सीएमआर की प्राप्ति : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर अवस्थित सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) गोदाम का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा विधिवत उद्घाटन खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किया गया। उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विभागीय निर्देशों के आलोक में मानक अनुरूप सीएमआर प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने गोदाम पर प्रतिनियुक्त गुणवत्ता नियंत्रक को खाद्यान्न का नियमित विश्लेषण करते हुए आगत (इनवर्ड) कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण



खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, सीएमआर गोदाम पर प्रतिनियुक्त सहायक प्रबंधकों को विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप सीएमआर अधिप्राप्ति की प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी, राज्य खाद्य निगम के जिला प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला को-ऑपरेटिव चेयरमैन, दाउदनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, अपर जिला प्रबंधक (अधिप्राप्ति), विभाग से निबंधित सभी मिलर एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# राइस मिल से धान चोरी करते तीन बदमाश धराये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रात के अंधेरे में राइस मिल से धान की चोरी करते तीन शातिर चोरों को पकड़ा गया है। इसके बाद तीनों को ओबरा पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए चोरों की पहचान थाना क्षेत्र के केवाल बिगहा निवासी पीयूष कुमार, हेमंत कुमार एवं अतरौली गांव निवासी अंकित कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अतरौली गांव स्थित एक राइस मिल से देर रात ये तीनों धान की बोरा चोरी करते पकड़े गए। इसके पास से सात बोरी धान बरामद किया गया है। राइस मिल से धान की बोरियां चोरी करने के मामले में पकड़े गए आरोपियों को लेकर पुलिस गंभीर है। पुलिस का मानना है कि कहीं न कहीं यह गिरोह अन्य वारदातों में भी शामिल रहा होगा। इसके लिए पूछताछ के अलावा पुलिस आरोपियों का इतिहास खंगालने में जुट गई है। पुलिस द्वारा आसपास के थानों से भी संपर्क कर इनका अपराधिक इतिहास जाना जाएगा। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि राइस मिल से धान चोरी में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत तीनों को जेल भेज दिया गया है।

# शहरवासियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड अंतर्गत जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत टर्नकी आधार पर औरंगाबाद शहर के लिए सोन नदी में उपलब्ध सतही जल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु संचालित महत्वाकांक्षी योजना के कार्यस्थल का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरवासियों को दीर्घकालिक, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना से संबंधित समस्त तकनीकी एवं निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कार्यकारी एजेंसी के पदाधिकारियों द्वारा इंटेक वेल, पंप हाउस, जल शोधन संयंत्र, ट्रांसमिशन पाइपलाइन, ओवरहेड टैंक एवं वितरण प्रणाली सहित अन्य संरचनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसे जिला पदाधिकारी द्वारा बारीकी से अवलोकित किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजना के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह परियोजना औरंगाबाद शहर के सतत विकास एवं जनस्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग, कार्य प्रगति की समय-समय पर समीक्षा तथा स्थानीय स्तर पर समान्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया कि सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूर्णतः प्रभावी ढंग से संचालित हों। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने से औरंगाबाद शहर के नागरिकों को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे भू-जल पर निर्भरता कम होगी और जल-जीवन-हरियाली अभियान के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित होगी।

# समय पर पूर्ण हो ट्रामा सेंटर का निर्माण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत ओरा में निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति, गुणवत्ता मानकों के अनुपालन तथा कार्य की समयबद्ध पूर्णता की समीक्षा करना था। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित कार्य एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्य प्रचलित तकनीकी मानकों एवं स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रामा सेंटर के पूर्ण रूप से क्रियाशील होने पर क्षेत्रवासियों को त्वरित, सुलभ एवं बेहतर आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे दुर्घटना एवं आपातकालीन मामलों में समय पर उपचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# डीएम ने किया मध्य विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा रविवार को बारून प्रखंड अंतर्गत मेह स्थित राजकीय मध्य विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय और केंद्र के सौंदर्यीकरण एवं विकासात्मक कार्यों का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने राजकीय मध्य विद्यालय मेह के परिसर में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए विद्यालय मैदान की मरम्मत कराने का निर्देश दिया, ताकि छात्राओं और छात्रों के खेलकूद एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए सुरक्षित एवं सुचारू वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं प्रधानाध्यापक को सभी व्यवस्थाओं को नियमित, सुव्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने तथा बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र, मेह का निरीक्षण करते हुए वहां चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों और पोषण संबंधी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि केंद्र में बच्चों और माताओं के लिए उपलब्ध सभी सेवाएँ व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण हों, साथ ही खेलकूद, शैक्षिक गतिविधियों और स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में नियमितता एवं पारदर्शिता बनी रहे। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देशित किया कि सभी शैक्षिक और पोषणिक केंद्रों में साफ-सफाई, संसाधनों की उपलब्धता और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग और समय-समय पर कार्य प्रगति की समीक्षा करने के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के पोईवा पंचायत अंतर्गत तेंदुआ पोखर के पास शिव मंदिर के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना तथा उन्हें मुफ्त चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराना। संदीप हॉस्पिटल द्वारा आयोजित शिविर में हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं दीं। हॉस्पिटल के संचालक डॉ. आयुष कुमार ने कहा कि मानवता की सेवा ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। हमारा प्रयास है कि स्वस्थ गांव और खुशहाल पंचायत पोईवां के संकल्प के साथ हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं। इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में युवा समाजसेवी विकास राय यादव, समाजसेवी अनिल ठाकुर, भयंकर चंद्रवंशी, दीपक कुमार, पवन कुमार, संतु कुमार, कुणाल कुमार, नीरज कुमार का विशेष योगदान रहा।



# लक्ष्य के अनुरूप करें फार्मर रजिस्ट्री का कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जिले में फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के तहत फार्मर आईडी कार्ड निर्माण हेतु द्वितीय चरण के कैम्प अभियान में दाउदनगर प्रखंड के शिविर स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। गौरतलब है कि इस अभियान के अंतर्गत दो चरणों में पंचायतस्तरीय शिविरों का आयोजन कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया मिशन मोड में संचालित की जा रही है। प्रथम चरण के शिविर 06 से 11 जनवरी तक सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। द्वितीय चरण का कैम्प 17 से 21 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहते हुए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लक्ष्य के अनुरूप कार्य करें और अभियान का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिया कि जिन गांवों में लंबित कार्य सूची में अधिक पेंडेंसी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर किसान पंजीकरण कराया जाए। इसके साथ ही शिविरों के साथ-साथ डोर टू डोर अभियान के माध्यम से लंबित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने का कार्य सुनिश्चित किया जाए। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को इसका सतत मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश भी दिए गए। आज दिनांक 18 जनवरी 2026 को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 5055 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री सफलतापूर्वक पूर्ण की गई।

# दो दिवसीय अम्बे महोत्सव आज से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा(औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अम्बे महोत्सव आज यानी 19 जनवरी से शुरू होगा। अम्बे महोत्सव का आगाज धार्मिक अनुष्ठान से किया जाएगा। आज सुबह सतबहिनी मंदिर परिसर से कलश यात्रा और झांकी निकाली जाएगी। श्रद्धालु हरदत्ता गांव के समीप बटाने नदी के तट से जलभरी कर मंदिर परिसर लौटेंगे। उसके पश्चात रंगोली, चित्रकला, निबंध, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, मंच उद्घाटन किया जाएगा। शाम चार बजे से स्थानीय स्कूलों के बच्चों की गायन प्रतियोगिता तथा बाहरी कलाकारों की प्रस्तुति होगी। वहीं महोत्सव के दूसरे दिन मौखिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता, सतबहिनी मां पर आधारित गीत प्रतियोगिता, जिले में आयोजित विभिन्न महोत्सवों के दो-दो सदस्यों का सम्मान संगोष्ठी, स्थानीय विद्यालय के बच्चों का गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता, संध्या में दीप यज्ञ तथा बाहरी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने बताया कि महोत्सव के आयोजन की सारी तैयारीयां कर ली गई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा कार्यक्रम के संचालन के लिए अधिकारियों को प्रतिनियुक्त की गई है।